खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➙ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024 । वर्ष –68 । अंक –241 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ भाजपा का मनुवादी चेहरा...
■ कम कीमत में अच्छे इलाज... 04
■ अगली सदी में भी दुनिया का सबसे अधिक...
■ हिजबुल्लाह ने इजरायली ठिकानों को बनाया... 09
■ खुदरा महंगाई दर फिर 5 प्रतिशत के पार
■ सेंसेक्स चला 90 हजारी बनने 11
■ सीरिज पर कब्जा करने...
■ नीरज चौपड़ा के गोल्ड... 10

### बिगड़ा मौसम और बेपरवाह व्यवस्था... भाईयों की बेबसी

# बारी-बारी से बहन का शव कंधे पर ढोकर 5 किमी. तक ले गए

*__लखीमपुर, देशबन्धु।__ कभी बरसाती तो कभी लापरवाही और बेपरवाही की बाढ़ ऐसे दिल दुखाने वाले दृश्य बना देती है कि जो इंसानियत और सरोकारों की दुनिया में गहरे सवालिया निशान लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश के एक ग्रामीण परिवार को ऐसी ही वेदना से गुजरना पड़ा।*

*इलाज के दौरान बहन की मौत हो गई और बरसाती बाढ़ ऐसी कि सबकुछ बहाने पर आमादा थी। कोई मदद भी नहीं मिली तो जहां तक साधन बना वहां तक वाहन और नाव से शव को गांव के लिए लेकर निकले और फिर पांच किमी. तक दोनों भाई बारी-बारी से अपने कांधों पर बहन का शव लेकर गांव पहुंचे।*

*भारी बारिश के कारण उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। इस दौरान लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कई लोग बीमार भी हो रहे हैं। इसी बीच एक मार्मिक वीडियो सामने आया है। इसमें एक भाई को अपनी बहन की मौत के बाद उसका शव पांच किलोमीटर तक कंधे पर ढोकर ले जाना पड़ा। मामला मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम एलनगंज से जुड़ा है। यहां रहकर राजेश अपनी बहन और भाई के साथ पढ़ाई करते थे। आठ दिन पूर्व उनकी 16 वर्षीय बहन शिवानी की तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उसे डॉक्टर को दिखाया गया, जहां टाइफाइड की पुष्टि हुई।*

*डॉक्टर ने शिवानी का 3 से 4 दिन तक इलाज किया, लेकिन कोई फायदा न मिलता देख उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बहन का शव ले जाने के लिए भाइयों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन से वे शिवानी को अतरिया क्रॉसिंग तक लेकर पहुंचे और उसके बाद नाव से पानी का बहाव पार करके रेल लाइन ले गए। यहां से दोनों भाई शिवानी का शव पांच किलो. कंधे पर लादकर शारदा पुल के पास पहुंचे और घर के लिए निकले।*

*__प्रशासन का कहना है__–इस मामले में स्थानीय प्रशासन का बयान भी सामने आया है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह का कहना है कि उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद घटना की जानकारी मिली थी। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस और प्रशासन ने कोई मदद नहीं मांगी, मांगने पर जरूर उपलब्ध करवाई जाती।*



सार संक्षेप

## अब हर नौकरीपेशा के खाते में आएगी ब्याज की रकम

### ईपीएफओ ने 8.25 फीसदी की ब्याज दर, अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 8.25 फीसदी ईपीएफ रेट को अधिसूचित कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ईपीएफओ ने ये जानकारी दी है। ईपीएफओ ने अपने पोस्ट में लिखा कि- एम्पलॉय प्राविडेंट फंड पर जो ब्याज घोषित किया गया है हाल के वर्षों में ये सबसे ज्यादा है और दूसरे सभी छोटी बचत योजनाओं, जीपीएफ और पीपीएफ के ब्याज दरों से ज्यादा है। एम्पलॉय प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन ने एक्स पर लिखा, एम्पलॉय प्रॉविडेंट फंड के सदस्यों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए के ईपीएफ पर 8.25 फीसदी ब्याज दर को सरकार मई 2024 में ही नोटिफाई कर दिया है। ईपीएफओ के मुताबिक सामान्य तौर पर वित्त वर्ष के खत्म होने के बाद अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ईपीएफ के ब्याज दर को घोषित किया जाता है।

## नीट मामले में आरोपी गंगाधर गुंडे को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को गंगाधर गुंडे नाम के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। कोर्ट का कहना था कि सीबीआई ने गंगाधर को गलत तरीके से गिरफ्तार किया था। कोर्ट का कहना था कि सीबीआई ने एक ही नाम होने के कारण गलत पहचान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से संबंधित मामले में एन.गंगाधर अप्पा नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वहीं, गंगाधर गुंडे को 30 जून को बेंगलुरु में गिरफ्तार किया गया था।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** केजरीवाल तो जमानत तो मिल गई लेकिन फिलहाल जेल में ही रहेंगे।
**चुहिया- हां प्रिये-** घेरा तगड़ा हो तो बाहर निकलना मुश्किल हो ही जाता है




## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे गुरमीत सिंह

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने देश के 8 अलग-अलग हाईकोर्ट में नए के जस्टिसों की नियुक्ति की सिफारिश की है। गुरमीत सिंह संधावालिया मध्यप्रदेश से पहले हरियाणा और पंजाब के हाईकोर्ट के बीच जस्टिस रह चुके हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख मध्य प्रदेश केरल मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलते ही इसकी नियुक्ति की राह साफ हो जाएगी।

भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्याय मूर्ति संजीव खन्ना और न्याय मूर्ति बीआर गवई की कॉलेजियम द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने इसका प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया पंजाब और हरियाणा राज्यों के लिए हाई कोर्ट देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालय में से एक है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश को चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्त करना उचित होगा इसलिए कॉलेजियम न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया को एमपी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।



चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया एक कानूनी परिवार से आते हैं। उनके पिता 1978 से 1983 तक पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट 1983 से 1986 तक पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। 1 नवंबर 1965 को गुरमीत सिंह संधा बलिया का जन्म हुआ। 1986 में उन्होंने डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से बीए ऑनर्स किया। इसके बाद 1989 में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से एलएलबी की पढ़ाई की।

## केंद्र में लंबे समय तक नहीं चल पाएगी सरकार : ममता

**नई दिल्ली।** केंद्र के खिलाफ विपक्षी गठबंधन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। महाराष्ट्र के दौरे पर पहुंची तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र में एनडीए सरकार अस्थिर हैं और शायद अपना ये कार्यकाल पूरा नहीं पाएगी। वहीं इससे पहले उन्होंने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से बांद्रा में मौजूद उनके आवास मातोश्री पर मुलाकात की। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।

वो कौन थी!
किसी से लड़ने-भिड़ने में जिसे ज़रा भी डर नहीं लगता था...
इस किताब में मिलेगा जवाब


"प्रदेश के इतिहास में जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी, उन स्त्रियों की रोचक और प्रेरक जीवन गाथाओं का संदर्भ ग्रंथ"
अपनी कॉपी आज ही ऑर्डर करें
MEDIATIQUE
मीडियाटिक कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड
देशबन्धु भवन, 26 बी, प्रेस कॉम्प्लेक्स
ज़ोन 1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
मो. 6268184727, ईमेल mediatique1@gmail.com

## केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत

### -सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी है लेकिन अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है।

रविवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार किया था। सीबीआई शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले की जांच कर रही है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि हम यह मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे तीन सवाल भी तैयार किए हैं। बड़ी बेंच अगर चाहे तो केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर बदलाव कर सकती है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

> जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं।

### केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

## हर साल 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' घोषित

### -1975 में इसी दिन लगा था आपातकाल
### -केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसमें केंद्र ने कहा है कि 25 जून 1975 में देश में आपातकाल लगाया गया था, ऐसे में अब भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है।

यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में ट्वीट भी किया है। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। उन्होंने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया।



## एमएसपी पर राहुल लाएंगे प्राइवेट मेबर बिल

### निजी बिल को दोबारा संसद के पटल पर रखने की योजना पर हो रहा काम

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** एमएसपी की गारंटी समेत कई मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के बैनर तले पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन जारी है। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कई मांगों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। एसकेएम की किसान आंदोलन को लेकर नई रणनीति के तहत कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एमएसपी गारंटी कानून की मांग का प्रमुख चेहरा बन सकते हैं। इसे लेकर एसकेएम की टीम ने काम शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि एसकेएम संसद के आगामी सत्र में एमएसपी के गारंटी कानून पर चर्चा करवाना चाहता है। इसके लिए नेता >>शेष पृष्ठ 2 पर

**अनोखा** सिविल सेवा के इतिहास का पहला मामला

## वो आईआरएस अधिकारी जो महिला से बन गई पुरुष

**हैदराबाद।** सरकारी खेमे में एक बेहद ही अनोखा मामला सामने आया है। कहा जा रहा है कि इतिहास में इस तरह का यह पहला मामला है। इसकी सोशल मीडिया पर भी जमकर चर्चा हो रही है।

आईआरएस विभाग में एक महिला अब एक पुरुष के तौर पर जानी जाएंगी। उन्होंने अपना नाम असुइया से बदलकर अनुकाथिर सूर्या कर लिया है। उन्होंने आधिकारिक रिकॉर्ड में अपना नाम और लिंग बदलने के लिए वित्त मंत्रालय को लिखा और वित्त मंत्रालय ने इसे मंजूरी दे दी। भारत सरकार ने अपने आदेश में कहा कि मिस एम अनुसूया, आईआरएस जो इस समय हैदराबाद में जॉइंट कमिश्नर के पद पर तैनात हैं, उन्होंने अपना नाम एम. अनुसूया से एम अनुकाथिर सूर्या करने और जेंडर फीमेल से मेल करने का आग्रह किया था। इस पर काफी विचार करने के बाद इसको मंजूरी दे दी गई। अब सभी कागजों में उनका नाम एम अनुकाथिर सूर्या के नाम से ही जाना जाएगा।



**कौन हैं अनुकाथिर सूर्या**–एम अनुसूया 2013 बैच की आईआरएस अधिकारी हैं। 11 साल की नौकरी के बाद उन्होंने अपना लिंग बदल लिया है। अनुकाथिर सूर्या उर्फ अनसूइया ने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। इसके बाद साल 2023 में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी भोपाल से साइबर लॉ और साइबर फोरेंसिक में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा पूरा किया। दिसंबर 2013 में चेन्नई, तमिलनाडु में असिस्टेंट कमिश्नर के रूप में अपना करियर शुरू किया। बाद में उन्हें 2018 में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात किया गया। पिछले साल उनका तबादला तेलंगाना के हैदराबाद में कर दिया गया था। जनवरी 2023 में उन्हें हैदराबाद में संयुक्त आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। तब से वह इसी पद पर थीं।

**अधिकारी के जेंडर चेंज करने के मुद्दे पर क्या बोले दूसरे अधिकारी**–केंद्र सरकार के इस फैसले की दूसरे सिविल सेवा के अधिकारी काफी तारीफ कर रहे हैं और ऐतिहासिक भी बता रहे हैं। एक न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में एक आईआरएस अधिकारी ने कहा कि यह कदम सिविल सेवा में जेंडर आईडेंटिटी की दिशा में बहुत ही जरूरी है। वित्त मंत्रालय ने नाम और जेंडर बदलने की मंजूरी देकर बराबरी का रास्ता खोल दिया है। इस फैसले से और भी दूसरे अधिकारी आने वाले दिनों में अपनी पहचान बदलने की अर्जी दे सकते हैं।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302)
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

# देश-विदेश

## वायुसेना को पहला तेजस मार्क वन ए 15 अगस्त तक मिलेगा

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भारतीय वायु सेना को पहला एलसीए ए मार्क-वन 'ए' फाइटर जेट (तेजस) 15 अगस्त तक डिलीवर कर देगी। सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन में दिक्कतों और जीई-404 इंजन की सप्लाई में देरी के कारण इसमें रुकावट आ रही थी। अब अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी जीई की तरफ से कन्फर्मेशन दे दिया है, जिसके बाद इंजन की सप्लाई सितंबर-अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। इससे पहले फरवरी-मार्च में डिलीवरी होनी थी। एचएएल इंजन की डिलीवरी में तेजी लाने और मंथली सप्लाई रेट को बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है।वायुसेना के अधिकारियों के मुताबिक तेजस की इंडक्शन सेरेमनी के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया जा सकता है।

### योगी ने किया आम महोत्सव का शुभारंभ, कहा–

# जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा उप्र



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अवध शिल्प ग्राम में आयोजित आम महोत्सव 2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार आम महोत्सव आयोजित कर रही है। सीएम ने कहा कि यूपी इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा।

160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपए के बीच है, लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के मार्केट में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपए किलो हो गया है। यानी अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और एयर फेयर का दाम भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपए तक आ रही होगी, तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपए की बचत होगी।

**दुनिया की मार्केट में पहुंचने का प्रयास कर रही सरकार**– सीएम योगी ने कहा कि इस आयोजन में सरकार अपने प्रगतिशील किसानों और बागवानों को सम्मानित करती है। उत्तर प्रदेश के उत्पादित आम को हम न केवल देश में बल्कि दुनिया की मार्केट में पहुंच सके इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। आप सभी जानते हैं कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अत: जो आम होगा, वहीं राजा भी होगा और इसलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है।

**यूपी के बागवान 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं**–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बागवान केवल 3.15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में होता है। पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी। इसमें लखनऊ और अमरोहा के किसान गए थे। वहां पर टीम ने आम महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें किसानों को ऑर्डर भी मिला था। हमारी सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के किसानों के लिए सहारनपुर, अमरोहा, लखनऊ और वाराणसी में चार पैक हाउस बनाए हैं। योगी ने कहा कि यूपी आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। दुनिया के मार्केट में उत्तर प्रदेश का आम छा जाए इसके लिए हमें इस प्रकार के महोत्सव के माध्यम से जो जानकारी मिले उसको हमें अपने यहां प्रारंभ करना पड़ेगा। आम की कहां से निर्यात करने की संभावनाएं बन सकती हैं और किन-किन देशों के लिए बन सकती है, हमें उन देशों तक अपनी पहुंच को बनाना ही पड़ेगा।

# नेपाल में गिरी प्रचंड सरकार

## पुष्प कमल दहल संसद में नहीं हासिल कर पाए विश्वास मत

**काठमांडू,( एजेंसियां )।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को बड़ा झटका लगा है। प्रचंड संसद में विश्वास मत हार गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा 'प्रचंड' की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यह पांचवां मौका था जब प्रचंड ने संसद में अविश्वास मत का सामना किया। इससे पहले चार प्रयासों में वह विश्वास मत हासिल करने में सफल रहे थे। दहल के सबसे बड़े गठबंधन सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने 3 जुलाई को अपना समर्थन वापस ले लिया था। 25 दिसंबर, 2022 को पीएम बनने के बाद दहल लगातार अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे थे और करीब 19 महीने बाद उनकी सरकार गिर गई। 69 वर्षीय प्रचंड को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 63 वोट मिले, प्रस्ताव के खिलाफ 194 वोट पड़े।



**देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का लगाया आरोप** – पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया था। विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्कसवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। प्रचंड ने कहा, ''अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती। इसके बजाय, आप अच्छी शासन व्यवस्था से डर रहे हैं।'

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**एमएसपी पर राहुल.....**

प्रतिपक्ष राहुल गांधी के माध्यम से एमएसपी गारंटी पर राजू शेट्टी की तरफ से लाए गए प्राइवेट बिल को दोबारा संसद के पटल पर रखने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस पूरे मामले में योगेंद्र यादव की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। क्योंकि यादव कांग्रेस की कोर ग्रुप में शामिल हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान योगेंद्र यादव और राहुल गांधी अच्छा तालमेल देखने को मिला था। वहीं यादव एसकेएम के भी सदस्य रहे हैं। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए ही उन्होंने एसकेएम से दूरी बनाई थी, लेकिन उनका किसान संगठन जय किसान आंदोलन एसकेएम का अहम सदस्य है। इसलिए एसकेएम ने राहुल गांधी से बातचीत की जिम्मेदारी योगेंद्र यादव को सौंपी हैं। किसान नेताओं ने कहा कि एसकेएम विशेष अभियान के तहत 16 से 18 जुलाई तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं को अपना मांग पत्र सौंपेगा। ये पूरी कवायद संसद में एमएसपी गारंटी कानून पर प्राइवेट बिल लाने की तैयारी को लेकर है। हम नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एमएसपी की गारंटी पर महाराष्ट्र के हातकणंगले से पूर्व सांसद और ऑल इंडिया किसान संघर्ष कोर्डिनेशन कमेटी के किसान नेता राजू शेट्टी की तरफ से लाया गया प्राइवेट बिल सौंपेगे। जिसे सदन में फिर से रखने की मांग करेगे।

# आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी के खिलाफ एफआईआर

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, तत्कालीन सीआईडी चीफ पीवी सुनील कुमार और उनके खुफिया प्रमुख पीएसआर अंजनेयुलु के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। आंध्र प्रदेश की गुंटूर पुलिस ने विधायक रघुराम कृष्णम राजू की दर्ज की गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने आरोप लगाया था कि सीआईडी कार्यालय में उन्हें बेल्ट और लाठी से पीटा गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR**
**SHORT TENDER NOTICE**

No. E.E./Tender /2024/605 Dated- 10/07/2024

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Digging of Tube well and Supply & Erection of Deep well Submersible pump flat cable main cable, G.I. Pipe etc Forest Nursery, Dept. of Forestry and Supply of Various Materials and Accessories Items at J.N.K.V.V., Jabalpur for the financial year up to 2024-25 at JNKVV, Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-

The last date of issue of the tender document - 19.07.2024 up to 5.00 PM
The last date of submission of tender document - 26.07.2024 up to 5.00 PM
Date of opening of the tender - Next working day

IPRO/EE/2024/53 Executive Engineer

**Maharashtra Institute of Higher Education, Jabalpur**

Applications are invited for the following Post for Legal Studies

| Post | Subject | No. of Vacancies |
|---|---|---|
| Principal | Law | 01 |
| Assistant Professor | Law | 06 |

Candidate must have a degree in LLM and have teaching experience.

The Qualification for the above posts are as prescribed by the norms of Code-28 RDVV, Jabalpur. Salary best in segment. Candidates may submit their application with Resume up to 7 working days of publication between 11 to 5 P.M. at below mentioned address.

Director Principal
Near Shaheed Smarak, Gol Bazar Jabalpur, M.P. Pin- 482002
E-Mail- mihejbp@rediffmail.com
Whatsapp No. 8319587870, 9039585016

**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, पाटन जिला- जबलपुर**
Presiding Officer:
उजाला झा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )
(RCS A/0000036/2024)
देवेन्द्र कुमार ............ वादी
Vs
आम जनता व अन्य ......... प्रतिवादी
Process Id-/2024
पेशी दिनांक:- 14/08/2024

प्रेषिती-(1) आम जनता व अन्य
पता- जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी देवेन्द्र कुमार ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11 जुलाई 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**
**टिप्पणी**- उपस्थिति हेतु समंस के साथ वादपत्र की छायाप्रति संलग्न है।
**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(उजाला झा शुक्ला)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
पाटन, जिला- जबलपुर म.प्र.

फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/467/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परवेज खान/ चुन्ना उर्फ छुन्नालाल नि.- 100 शिव मंदिर के पास उड़िया मोहल्ला ओमती ने नजूल ब्लाक नं. 92 प्लाट नं. 94/2 निर्मित रकवा/ रकवा 815 व.फु./ अवि. हिस्सा.... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 815 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 26/04/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ........खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा /पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 92 प्लाट नं. 94/2 निर्मित रकवा/रकवा 815 व.फु./ अवि. हिस्सा ... /ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 815 व.फु./ हे. श्रीमति मुस्तदी बेगम पति चुन्ना खान नि.- घंटाघर के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**जारी दिनांक** 03/07/2024
**पेशी दिनांक** 22/07/2024
र.नं. 825 तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 651/अ-6/2024-25

आवेदक श्री आनंद कु. शर्मा वगैरह पिता स्व. चन्द्रकुमार शर्मा निवासी- 617 सिटी कोतवाली थाने के सामने, जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक... दिनांक. 28/8/1987 के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक ... नं.बं. 66 प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 152/1 रकवा 640 वर्गफुट फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र एवं फार्म पी- II खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ..... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक .... इश्तहार किया गया।
**जारी दिनांक**- 11/07/24
**पेशी दिनांक**- 26/07/24
र.नं. 824 नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0584/अ-6/2024-25
**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया है कि श्रीमती शशि यादव पत्नी स्व. श्री दिलीप यादव व तीन अन्य सभी निवासी- 1021, हाथीताल कॉलोनी, नर्मदा भवन, शहीद गुलाब सिंह वार्ड, जबलपुर म.प्र. द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ... के माध्यम से मौजा ललपुर नं.ब. 164 प.ह.नं. ग्वारीघाट ख.नं. 2/1/2 रकवा 0.3030 हे. फौती नामांतरण हेतु क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 29/07/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/07/24 को जारी।
**जारी दिनांक**- 11/07/24
**पेशी दिनांक**- 29/07/2024
र.नं. 829 नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी (म.प्र.)**
TELEPHONE (0) 07644-234400 PIN 481880, E-mail-dfotddori@mp.gov.in
**निविदा शुद्धिपत्र नम्बर 02**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजना अंतर्गत वनमण्डल के अधीनस्थ परिक्षेत्रों के कूपों में फेंसिग कार्य में लगने वाली नीलगिरी पोल्स को क्रय करने के लिए E-Tender ID 2024_MPFD_350427_1 से ऑनलाईन निविदा http://mptender.gov.in के माध्यम से आमंत्रित किया गया था, उक्त निविदा की तकनीकी निविदा देखने पर केवल एक बिड प्रदर्शित हो रही है जिससे निविदा में प्रतिस्पर्धा की स्थिति नहीं होने से पुन: E- Tender ID 2024_MPFD_ MPFD_350427_2 आमंत्रित किया गया है, संशोधित निविदा तिथि निम्नानुसार है –

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date | 05/07/2024 | 11:00 AM |
| Tender Sale Start | 08/07/2024 | 11:00 AM |
| Bid Submission Start | 15/07/2024 | 11:00 AM |
| Bid Submission End | 05/08/2024 | 18:30 PM |
| Technical Bid Opening | 07/08/2024 | 11:00 AM |
| Financial Bid Opening | 12/08/2024 | 11:00 AM |

निविदा की समस्त शर्ते यथावत रहेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी व निविदा में जो भी परिवर्तन होगी उसे https://mptenders.gov.in एवं विभागीय बेवसाईड https://mpforest.gov.in पर देखी जा सकती है।

(साहिल गर्ग) भा.व.से.
वन मंडल अधिकारी
सामान्य वनमंडल डिण्डौरी

G-13374/24
सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों की भी बचाओगे।

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म.प्र.)**
(मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन, सतना)
E-Mail-dfotsatna@mp.gov.in Phone-07672-223355
क्रमांक / व्यय/ 2024/5120 सतना, दिनांक/03/07/2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वन मण्डल सतना अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों हेतु Solar System सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत विनिर्माताओं एवं प्रदायकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|
| 1 | सोलर सिस्टम | Off-Grid Solar Power Plants with 4.8 Vah/W Battery -2 kw |

निविदा फार्म एवं शर्ते संबंधित विस्तृत विवरण बेवसाइट https:// www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा में कोई भी संशोधन वेबसाइट में अपलोड की जावेगी, उसका पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं कराया जायेगा।

| निविदा | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | | निविदा खोलने की दिनांक | |
|---|---|---|---|---|
| | दिनांक | समय | दिनांक | समय |
| निविदा दिनांक | 24.07.2024 | दोप. 02.00 बजे तक | 25.07.2024 | दोप. 02.00 बजे |

वनमण्डल अधिकारी
वनमण्डल, सतना

G-13363/24
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यालय नगर परिषद छपारा, जिला- सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं. - 07691-290103 ईमेल - cmochhapara@mpurban.gov.in
NIT No. 632/PWD/NP/2024 Chhapra Dtd. 10-07-2024

**/ / निविदा सूचना / /**

Online LumpSum RATE TENDER bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_ 356083_1 दि. 10-07-2024 | Work of Augmentation of Water Supply System of Chhapara town under AMRUT-2.0 | 24 माह 1845.27 लाख | 30,000/- 9,22,635/- | 15-08-2024 |

शर्ते : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद छपारा

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
विजया बैंक VIJAYA BANK देना बैंक DENA BANK
सिविक सेन्टर शाखा: जे.डी.ए. बिल्डिंग, 10, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.)
Email: dbcjab@bankofbaroda.com

**कब्जा नोटिस (चल एवं अचल संपत्ति के लिये)**
(As per Appendix IV read with rule 8(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002

सेक्यूरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एंड एनफोंसमेंट ऑफ सेक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत् नियम- 8(3) के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता को मांग सूचना में दर्शायी गयी राशि, उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर अदा करने को जारी किया गया था।

खातेदार (उधारकर्ता) द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जन सामान्य को यहां सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 साथ पठित एक्ट के साथ 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारीकर्ता और जन सामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा की संबंधित शाखा से निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगी। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत आस्ति उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem) करने के संबंध में एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत आकर्षित किया जाता है।

| क्र | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी: श्रीमति सुधा सिंह (विधिक उत्तराधिकारी) पत्नि स्व. श्री ज्ञानेन्द्र सिंह जमानतदार- श्री सुखीलाल लाल सिंह पिता राम देव सिंह | रू. 7,57,979.71 + ब्याज 16-10-2023 से एवं अन्य खर्चे + ब्याज | सम्पत्ति के सभी भू-भाग एवं उससे जुड़े बंधक ले आउट प्लाट नं. 16 एरिया 1250 वर्गफुट एवं प्लाट नं. 17 एरिया 1250 वर्गफुट कॉलोनी का नाम 'यूनिक सिटी' आवासीय भूमि स्थित मौजा- महगवां, एन.बी. 703, प.ह.नं. 51 नया 77, रा.नि.मं. खम्हरिया, जिला जबलपुर, डायवर्टेड खसरा नं. 402 एरिया 2.780 हेक्टे. एवं खसरा नं. 406 एरिया 1.60 हेक्टे. एवं खसरा नं. 407 एरिया 1.59, कुल एरिया 5.97 हेक्टे. आवासीय कॉलोनी नाम 'यूनिक सिटी', तहसील एवं जिला जबलपुर (म.प्र.)। चतुर्सीमा- उत्तर- प्लाट नं. 8 एवं 7, दक्षिण- 25 फुट साईड रोड, पूर्व- 25 फुट साईड रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 15 | 01-03-2024 / 09-07-2024 |

दिनांक: 13/07/2024, स्थान: जबलपुर मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, नेपियर टाउन शाखा

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-कटनी (म.प्र.)**
क्रमांक 511/सार्व.सू./2024 कटनी, दिनाँक 11/07/2024

सार्वजनिक-सूचना

म.प्र. नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 (6) के अंतर्गत अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन

नगर परिषद बरही की सीमा में नियम 23 (4) के अंतर्गत प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में नियत कालावधि के अवसान होने पर हितग्राहियों से कोई भी दावा आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नही हुए हैं।

म.प्र. कॉलोनी विकास नियम 2021 के नियम 23 (6) के अंतर्गत निम्नलिखित अनाधिकृत कॉलोनियों के अभिन्यासों को, कॉलोनी विकास नियम 23 (4) के अंतर्गत की गई कार्यवाही उपरांत नागरिक अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए उसके प्राक्कलनों को सम्मिलित करते हुए अभिन्यासों को निम्नानुसार अंतिम रूप प्रदान किया जाता है –

| क्र. | नगरीय निकाय का नाम | अवैध कलोनाईजर का नाम/पिता का नाम | कालोनी विकास की अनुमानित लागत | प्लॉट संख्या | अनाधिकृत कालोनी की भूमि का विवरण | | निकाय विकास शुल्क 50 प्रतिशत (लाख में) | एल.आई.जी. एवं ई. डब्ल्यू.एस. के अतिरिक्त रहवासियों पर विकास शुल्क 50 प्रतिशत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | खसरा क्रमांक | पटवारी ह.नं. | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नगर परिषद बरही | श्री प्रभुदत्त तिवारी पिता राम विशाल तिवारी | 14,48 लाख | 02 | 937/11, 937/12,937/7ग | प.ह.नं. 10 बरही | 7.24 | 7.24 |
| 2 | नगर परिषद बरही | श्री हरिहर पटेल पिता दीनबंधु पटेल | 8.05 लाख | 02 | 937/11, 937/12,937/7ग | प.ह.नं. 10 बरही | 4.025 | 4.025 |
| 3 | नगर परिषद बरही | श्री संदीप अग्रवाल पिता लालजी अग्रवाल | 15.12 लाख | 01 | 937/11, 937/12, 937/7ग | प.ह.नं. 10 बरही | 7.56 | 7.56 |
| 4 | नगर परिषद बरही | श्री पीयूष अग्रवाल पिता कमला प्रसाद | 13.40 लाख | 02 | 937/11, 937/12,937/7ग | प.ह.नं. 10 बरही | 6.07 | 6.07 |
| 5 | नगर परिषद बरही | श्री रामावतार तिवारी पिता विश्वनाथ तिवारी | 11.36 लाख | 01 | 937/11. 937/12, 937/7ग | प.ह.नं. 10 बरही | 5.68 | 5.68 |

उपरोक्त लिखित अनाधिकृत कॉलोनियों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय नगर परिषद बरही में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर
जिला-कटनी (म.प्र.)

# देश-प्रदेश

## उवाच

## भाजपा नेता दें काम पर ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी नेता नितिन गडकरी ने जातिवाद की राजनीति को लेकर सख्त बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि भाजपा नेता सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। उन्होंने चेताया कि जो भी देश में जाति की बात करेगा, वे उसे जमकर फटकार लगाएंगे। गडकरी ने यह भी कह दिया,'जो करेगा जाति की बात, उसे पड़ेगी कसकर लात। गडकरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लगातार मतदाताओं का भरोसा जीता है। उन्होंने भाजपा नेताओं से यह भी कहा कि वो गलती न दोहराएं, जिस वजह से कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई है।



### मुख्यमंत्री ने इंदौर संभाग के विधायकों से की चर्चा, बोले-

# जनता और प्रशासन के बीच जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण कड़ी



- नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने विजन डाक्यूमेंट करें तैयार
- प्रभावित को तत्काल एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने डॉक्टर और कलेक्टर सम्पर्क में रहें

**भोपाल, देशबन्धु।** अपने दायित्वों के निर्वहन में जनप्रतिनिधि अधिक प्रभावी, पारदर्शी और दक्ष हों। वे जनसामान्य और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय करते हुए निरंतर संवाद बनाए रखें और जनता और प्रशासन के बीच जनप्रतिनिधि की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों को आदर्श विधानसभा बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार कर क्षेत्र के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने पर फोकस करते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डाक्यूमेंट तैयार करें।

डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में चार वर्षों में समग्र विकास के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य योजना के संबंध में इंदौर संभाग के विधायकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलों में आपदा की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तत्काल पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टर, जिला कलेक्टरों के सम्पर्क में रहें। डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए अभियान चलाया जाए। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, वन मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद वी.डी. शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस, पूर्व मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर, इंदौर की पूर्व महापौर श्रीमती मालिनी गौड़, विधायक और अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कलेक्टर ने जारी किए आदेश

## अब रात को बंद रहेगा इंदौर

**भोपाल, देशबन्धु।** रात्रिकालीन सेवाओं की अनुमति निरस्त करने के बाद अब इंदौर भी रात में बंद रहेगा। कैलाश विजयवर्गीय और अन्य विधायकों द्वारा रात में इंदौर में अवैध कारोबार की आशंका जताई थी। उन्होंने भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इंदौर संभाग के विधायकों की बैठक में यह मुद्दा उठाया था। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से इंदौर संभाग के मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ड्रग के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने और इंदौर में रात्रिकालीन बाजार एवं व्यवसायिक संस्थानों के संचालन के संबंध में नई व्यवस्था लागू करने के संबंध में विषय रखा था।

## अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव की मतगणना आज

**भोपाल, देशबन्धु।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्र.-123 अमरवाड़ा (अ.ज.जा.) की मतगणना शनिवार, 13 जुलाई को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। यह मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज भवन, छिंदवाड़ा में दो हॉल में कराई जाएगी। मतगणना के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 332 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं द्वारा ईव्हीएम में डाले गये मतों की गणना के लिए 17 टेबल्स एवं पोस्टल बैलेटस् की मतगणना के लिये 4 टेबलें लगाई जाएंगी।

### *राहुल ने कार्यकर्ताओं को दी हिदायत*

## *स्मृति ईरानी के खिलाफ न करें अभद्र भाषा का इस्तेमाल*



***नई दिल्ली, एजेंसी।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्मृति ईरानी पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिदायत दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।' वहीं, राहुल गांधी द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को हिदायत दिए जाने के बाद से ही सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ हो रही है। एक यूजर्स ने लिखा, 'राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे सच्चे जन नायक क्यों हैं। स्मृति ईरानी, पीएम मोदी और पूरी भाजपा को राहुल गांधी से कुछ सीखना चाहिए।' दरअसल, बीजेपी नेता स्मृति ईरानी को यूपी की अमेठी लोकसभा टिकट से हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा ने बड़े अंतर से हराया है। इसके बाद से ही स्मृति ईरानी को सोशल मीडिया पर टारगेट किया जा रहा था।*

### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव नतीजे घोषित

# एनडीए के सभी 9 प्रत्याशी जीते

- इंडिया के 2 उम्मीदवार विजयी
- विधायकों की क्रॉस वोटिंग से 1 प्रत्याशी हारा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधान परिषद के चुनाव में एनडीए को जबर्दस्त जीत मिली है। कुल 11 सीटों में से 9 सीटें भाजपा, शिंदे और अजित पवार की पार्टी के खाते में गई हैं। इनके सभी 9 उम्मीदवार चुनाव जीत गए हैं। इंडिया के दो प्रत्याशियों को जीत मिली। एक उम्मीदवार क्रॉस वोटिंग की वजह से चुनाव हार गया। ऐसा बताया जा रहा है कि महाविकास अघाड़ी के 7 से 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। 11 सीटों के लिए शुक्रवार को वोटिंग हुई थी। इसके बाद काउंटिंग शुरू हुई। विधान भवन कॉम्प्लेक्स में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक 270 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधान परिषद चुनाव में जीत के लिए एक उम्मीदवार को 23 विधायकों के वोट चाहिए थे। इनमें भाजपा के 103, शिवसेना (शिंदे गुट) के 38, एनसीपी (अजित गुट) के 42, कांग्रेस के 37, शिवसेना (यूबीटी) के 15 और एनसीपी (शरद पवार) के 10 विधायक हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद के एक तिहाई सदस्य नगर निगम या महानगर पालिका के प्रतिनिधि चुनते हैं। जबकि एक तिहाई सदस्य विधानसभा में चुनकर आए विधायक चुनते हैं। 1/6 सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल करते हैं, जो कला, खेल, विज्ञान, समाज सेवा जैसे क्षेत्रों से आते हैं। इसके अलावा टीचर वर्ग और ग्रेजुएट वर्ग भी अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करता है। विधान परिषद की कुल सदस्य संख्या विधानसभा की संख्या से एक तिहाई से ज्यादा नहीं हो सकती। महाराष्ट, में विधानसभा के 288 सदस्यों के साथ विधान परिषद में 77 सदस्य हो सकते हैं। विधान परिषद और विधानसभा के सदस्यों के लिए योग्यताएं लगभग एक जैसी हैं। विधान परिषद के 11 सदस्य 27 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। इनकी जगह भरने के लिए 11 सीटों पर 12 उम्मीदवार मैदान में थे। महाराष्ट्र की 288 सीटों वाली विधानसभा में अभी 274 विधायक हैं, जिन्होंने इनके लिए वोट किया। फायरिंग केस में जेल में बंद गणपत गायकवाड़ ने भी वोट डाला। महाराष्ट, में सत्ता संभाल रही महायुति (एनडीए) ने चुनाव में 9 कैंडिडेट उतारे थे। इसमें भाजपा ने सबसे ज्यादा 5 कैंडिडेट, अजित पवार की एनसीपी और शिवसेना शिंदे गुट ने दो-दो उम्मीदवार थे। विपक्ष में बैठी महाविकास अघाड़ी के 3 उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें कांग्रेस और शिवसेना-यूबीटी ने 1-1 उम्मीदवार खड़ा किया है, जबकि शरद पवार की एनसीपी यानी एनसीपी-एसपी शेतकरी कामगार पक्ष के उम्मीदवार जयंत पाटिल का समर्थन कर रही थी।

## नेपाल : भूस्खलन के बाद बस नदी में बह गई

**काठमांडू।** नेपाल में भूस्खलन के कारण दो बसें त्रिशूली नदी में गिरकर बह गईं हैं, जिसमें कई लोगों के बह जाने की आशंका है। भूस्खलन की घटना नारायणगढ़-मुग्लिन सड़क मार्ग पर हुई है। चितवन के मुख्य ज़िला अधिकारी इंद्रदेव यादव के मुताबिक़, शुक्रवार को तड़के 3.30 बजे दो बसें त्रिशूली नदी में गिर गईं। उन्होंने कहा कि एक बस बीरगंज से काठमांडू और दूसरी बस काठमांडू से गौर जा रही थी। चितवन के उप मुख्य ज़िला अधिकारी चिरंजीवी शर्मा के मुताबिक बीरगंज से काठमांडू जा रही बस में कम से कम 21 लोग और काठमांडू से गौर जा रही बस में 41 यात्री सवार थे।



उनके अनुसार, सुरक्षा एजेंसी ने कहा है कि एक बस नदी में मिल गई है, लेकिन लापता यात्रियों का पता नहीं लग पाया है। अधिकारियों का कहना है कि त्रिशूली नदी का बहाव तेज़ होने के कारण राहत और बचाव कार्य में बाधा आ रही है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने इस दुर्घटना पर खेद व्यक्त किया है। शुक्रवार की सुबह उन्होंने फ़ेसबुक पोस्ट में लिखा, लापता लोगों को तलाश करने और बचाव कार्य के लिए मैंने गृह मंत्रालय समेत सभी सरकारी एजेंसियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने संघीय, प्रांतीय और स्थानीय प्रशासन से सहयोग और तालमेल करने की अपील की है।

# उत्तर प्रदेश के 800 गांव बाढ़ में डूबे






**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेज बारिश के कारण नेपाल-उत्तर प्रदेश सीमा के करीब 7 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज के करीब 800 गांव में 20 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। उत्तर प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शाहजहांपुर में करीब 2 से 3 फीट पानी भर गया है। इस कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद कर दिया गया है। गाड़ियों को डाइवर्ट करके निकाला जा रहा है। शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में भी पानी भरने के बाद मरीजों को शिफ्ट कर दिया गया था। उधर, उत्तराखंड में लगातार पांच दिन से हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण 200 सड़कें बंद हैं। सबसे खराब हालात बद्रीनाथ रूट पर है, जहां 22 जगह लैंडस्लाइड से चार धाम यात्रा मार्ग 3 दिन से बंद है। 4 हजार श्रद्धालु सड़कों पर फंसे हैं। मुंबई में देर रात और सुबह तेज बारिश के कारण सड़कों और रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। ट्रेन और फ्लाइट सर्विस भी प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि फ्लाइट्स के टेक-ऑफ में देरी हो सकती है।

## पूरी ताकत और एकजुटता से काम करें

**भोपाल, देशबन्धु।** हाल ही में रिक्त हुई बुधनी विधानसभा में आगामी समय में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधनी विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक अध्यक्षों मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष जिला प्रभारी और कांग्रेसजनों के साथ बैठक की।

उपचुनाव में भाजपा साम दाम दंड भेद से बुधनी सीट जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। श्री पटवारी ने कहा कि हम सभी को एकजुटता के साथ काम करना है और जो भी प्रत्याशी चुनाव लड़े उसे पूरी ताकत के साथ विजयी बनाना है। श्री पटवारी के साथ, पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता राजकुमार पटेल, बुधनी विधानसभा उपचुनाव के लिए नियुक्त प्रभारी पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र पटेल ने भी बुदनी के नेताओं के साथ चर्चा कर योग्य प्रत्याशी चुने जाने पर कांग्रेसजनों के बीच रायसुमारी की।


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

**Change of Name**

I, ARMY NO. 15680200L RANK LOC/HAV NAME K BASWARAJ S/O KOLI SUBHASH UNIT 4 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) do hereby solemnly affirm and state as under: I state that I am presently residing at the above mentioned address. I state that in my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 9353 2769 9657 my DAUGHTER, name is recorded as KOLI BHUMIKA which is true and correct but in my army service Record my DAUGHTER name i recorded as K BHUMIKA which is incorrect. I state that the true and correct name KOLI BHUMIKA and same name shall be corrected in my army service Record. I state that for the above variation name of my DAUGHTER this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
KOLI BHUMIKA
INCORRECT NAME
K BHUMIKA कृति

**Change of Name**

I, ARMY NO. 15680200L RANK LOC/HAV NAME K BASWARAJ S/O KOLI SUBHASH UNIT 4 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) do hereby solemnly affirm and state as under: I state that I am presently residing at the above mentioned address. I state that in my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 4976 0309 0767 my DAUGHTER, name is recorded as KOLI BHAVANI which is true and correct but in my army service Record my DAUGHTER name i recorded as K BHAVANI which is incorrect. I state that the true and correct name KOLI BHAVANI and same name shall be corrected in my army service Record, I state that for the above variation name of my DAUGHTER this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
KOLI BHAVANI
INCORRECT NAME
K BHAVANI कृति

**Change of Name**

I, ARMY NO. 15680200L RANK LOC/HAV NAME K BASWARAJ S/O KOLI SUBHASH UNIT 4 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) do hereby solemnly affirm and state as under: I state that I am presently residing at the above mentioned address. I state that in my SON, AADHAR CARD NO. 8457 0418 3656 my SON, name is recorded as KOLI BHAGAT which is true and correct but in my army service Record my SON name i recorded as K BHAGAT which is incorrect. I state that the true and correct name KOLI BHAGAT and same name shall be corrected in my army service Record. I state that for the above variation name of my SON this affidavit is being furnished.
CORRECT NAME
KOLI BHAGAT
INCORRECT NAME
K BHAGAT कृति

**Change of Name & DOB**

I, P. JAYAPRADHA W/o P. VENKATASUBBA NAIDU R/o 1-10, BEEMAVARAM NARASINGAPURAM CHITTOOR, ANDHRA PRADESH- 517102 I have changed my name P. JAYAPRADHA to P. JAYAPRADA and DOB 01/07/1958 to 20/03/1958 vide affidavit dated 27 may 2024 before Notary M.P. High Court Jabalpur
CORRECT NAME & DOB
P. JAYAPRADA
20/03/1958
INCORRECT NAME & DOB
P JAYAPRADHA
01/07/1958 कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- संभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2024/25/एम/79 दिनांक 12.7.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री दिलीप कुमार गोगिया पिता स्व. श्री बी.एच. गोगिया 2 श्रीमती लक्ष्मी गोगिया पति श्री दिलीप कुमार गोगिया ने मकान नं. 1516/2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 688 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक, संभाग-13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 828

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- संभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2024/25/एम/80 दिनांक 12.7.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रगति गोगिया एवं प्रकृति गोगिया दोनों के पिता श्री दिलीप कुमार गोगिया ने मकान नं. 1516/3 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 470 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक, संभाग-13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 828

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- संभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2024/25/एम/82 दिनांक 12.7.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लोकेश जैन पिता श्री बी. सी. जैन ने मकान नं. 858 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 320 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक, संभाग-13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 828

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- संभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2024/25/एम/81 दिनांक 12.7.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज जैन पति स्व. श्री भागचंद जैन ने मकान नं. 857 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 320 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक, संभाग-13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 827

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- संभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2024/25/एम/83 दिनांक 12.7.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कणाद भट्टाचार्जी पिता स्व. श्री प्रहलाद भट्टाचार्जी ने मकान नं. 1047/ए वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 741 व.फु. शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक, संभाग-13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 827

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/.. दि. 07.07.2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अनीता चौधरी पति श्री काशीप्रसाद ने वार्ड क्रमांक- 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक- एन-44 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000447691, 44304001 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... वर्गफुट जिस पर निर्मित द्वितीय तल 375 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कुंजीलाल कनौजिया पिता स्व. रामलाल कनौजिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी, संभाग क्र.-11, नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2692348W RANK- HAV NAME- MANA RAM UNIT- 18 GRENADIERS R/O VILLAGE- SEVNIYALA, POST- SEVNIYALA, TEH- BAITU, DISTT- BARMER, STATE- (RAJ) PIN- 344703, शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MANGI एवं मेरी पुत्री का नाम JAMNA दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम MANGI DEVI एवं मेरी पुत्री का सही नाम JAMANA है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी एवं मेरी पुत्री के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। कृति

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम लाल बहादुर (LAL BAHADUR) पिता सूर्यदीन पटैल अंकित है एवं मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक, अंकसूची में मेरा नाम लाल बहादुर पटेल (LAL BAHADUR PATEL) पिता का नाम सूर्यदीन पटैल (SURYADEEN PATEL) दर्ज है! अंकित है, ये दोनों नाम मेरे स्वयं के है! अतः मेरे सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम लाल बहादुर पटेल (LAL BAHADUR) के स्थान पर लाल बहादुर पटेल (LAL BAHADUR PATEL) एवं पिता का नाम सूर्यदीन पटैल के स्थान पर सूर्यदीन पटेल (SURYADEEN PATEL) के नाम से जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावे।
**पुराना नाम- लाल बहादुर**
**पिता का पुराना नाम- सूर्यदीन पटैल**
**नया नाम- लाल बहादुर पटेल**
**पिता का नया नाम- सूर्यदीन पटेल**
**पता-** ए, ब्लॉक एच. 4, पुरानी फैमली लाईन, 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी, तह. व जिला- जबलपुर
र.नं. 826

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, Army No 13781637N Rank L/HAV Name DINESH KUMAR Presently residing at Vill- DUHAK KALAN PO- DUHAK Teh- THURAL Distt KANGRA (HP) PIN- 176075 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में पिता का नाम RAVINDER KUMAR दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम RAVINDER SINGH है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरे पिता के इस नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 38AA 250335 दिनांक 12/07/2024 नोटरी जबलपुर म प्र कृति
गलत नाम-RAVINDER KUMAR
सही नाम-RAVINDER SINGH

**CHANGE OF NAME**

I, Army No. JC 387446F RANK SUB NAME NARESH KUMAR Of Presently residing at VILLAGE-BALUNI, POST- GHAGWAL, TEH-HIRANAGAR, DISTT- KATHUA, STATE- JAMMU AND KASHMIR PIN 184141 do hereby solemnly affirm and declare that my Son name is NITESH PAGATRA has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name Son is NITESH PAGOTRA as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No 37AA824204 Dated 12/06/24 before Notary , Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME- NITESH PAGATRA
CORRECT NAME - NITESH PAGOTRA
र.नं. 834

**CHANGE OF NAME**

I, Army No. 15676352P RANK NK NAME BARAIYA HARASHAD KUMAR KALABHAI Of Presently residing at VILLAGE-DIHOR, POST- TRAPAJ TEH-TALAJADISTT- BHAVNGAR STATE- GUJARAT, PIN- 364150 do hereby solemnly affirm and declare that my FATHER & MOTHER name is KALABHAI & RATABAHAN has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name father & mother is KALABHAI NAGAJIBHAI BARAIYA & RATANBEN KALABHAI BARAIYA as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No 37AA 824207 Dated 12/06/24 before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME
FATHER- KALABHAI
MOTHER-RATBAHAN
CORRECT NAME FATHER- KALABHAI NAGAJIBHAI BARAIYA MOTHER- RATANBEN KALABHAI BARAIYA
र.नं. 834

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Tuku jana is legally mother of Army no 15690261W rank Hav name Kalyan jana Presently residing at Vill - Bhabanipur Po. Panskura Teh - Tamluk Distt - East Midnapur State - West bengal pin 721139 I have changed my name Tuku jana to Tukurani jana and dob 01/071956 to 01/011955 Vide affidavit dated 12/07/2024 before notary jabalpur mp.
INCORRECT NAME
Tuku Jana
INCORRECT DOB - 01/071956
CORRECT NAME
Tukurani Jana
CORRECT DOB - 01/011955 कृति

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/274/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार मालवीय पि. स्व. शंकर लाल मालवीय नि. 1038/बी-9, सिविल लाईन पचपेढ़ी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 36 प्लाट नं. 2/34 निर्मित रकवा/रकवा 2045 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 2045 व.फु./हे. विक्रय पत्र / हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ...... मृत्यु दिनांक 06/01/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 36 प्लाट नं. 2/34 निर्मित रकवा/रकवा 2045 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा 2045 व.फु./हे. शंकर लाल मालवीय पि. स्व. रामनाथ मालवीय के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/07/2024
पेशी दिनांक 22/07/2024
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 832

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/273/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार मालवीय पि. स्व. शंकर लाल मालवीय नि. 1038/बी-9, सिविल लाईन पचपेढ़ी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित रकवा/रकवा 600 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. 25 खसरा नं. 111/1, 112/1/2 रकवा 600 व.फु./हे. विक्रय पत्र / हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ...... मृत्यु दिनांक 06/01/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित रकवा/रकवा 600 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. 25 खसरा नं. 111/1, 112/1/2 रकवा 600 व.फु./हे. शंकर लाल मालवीय पि. स्व. रामनाथ मालवीय के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 08/07/2024
पेशी दिनांक 22/07/2024
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 833

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भवन नामांतरण हेतु सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित पनागर जबलपुर स्थित भूखण्ड कमांक 259 श्री देवेन्द्र कुमार गौतम पिता श्री प्राण सिंह को आंवटित है। आवंटी श्री देवेन्द्र कुमार गौतम पिता श्री प्राण सिंह के प्राप्त अवेदन एवं निधारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्री अमित दुबे पिता श्री नत्थू लाल दुबे के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है. यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर पनागर जबलपुर स्थित भूखण्ड कमांक - 259 श्री अमित दुबे पिता श्री नत्थू लाल दुबे के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगी।
सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर
र.नं. 831

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमती लता साहू पति स्व. श्री विजय साहू, निवासी-1188, गंजीपुरा, जबलपुर हूँ।
मेरे पूर्व के आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक एकाउन्ट में मेरा नाम लता साहू था। मैंने बाद में अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक एकाउन्ट में संशोधन कराकर अपना नाम श्रीमती प्रेमलता साहू करा दिया है। मेरे स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम प्रेमलता साहू दर्ज है।
श्रीमति लता साहू व श्रीमती प्रेमलता साहू मुझ एक ही व्यक्ति के नाम हैं और आगे से मेरे सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम प्रेमलता साहू रहेगा और मैं इसी नाम से जानी-पहचानी जाऊंगी।
**श्रीमती प्रेमलता साहू** Birothia

# अभिमत

*यहां सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, ग्रामीण जांच प्रयोगशाला, ब्लड बैंक, आयुर्वेदिक दवा निर्माण, कृषि व पशु स्वास्थ्य सुधार के लिए काम किया जा रहा है। गरीबों के लिए कम कीमत पर बेहतर इलाज किया जाता है। रोगों की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किया जाता है। यानी हमें स्वास्थ्य को समग्रता में समझना होगा। इसके लिए हमें भोजन, व्यायाम, नियमित दिनचर्या इत्यादि कई चीजों का ख्याल रखना होगा। तभी हम हमारी सेहत को ठीक रख सकेंगे।*

## कम कीमत में अच्छे इलाज की अनूठी पहल

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

किसी भी बीमारी को ठीक करने के लिए दवा और उपचार ही पर्याप्त नहीं है, उसकी रोकथाम और उससे बचाव भी जरूरी है। इसमें पौष्टिक भोजन, व्यायाम और नियमित दिनचर्या भी मददगार है। आज इस कॉलम में छत्तीसगढ़ के एक छोटे से कस्बे गनियारी में चल रही पहल के बारे में चर्चा करना चाहूंगा, जिससे हम स्वास्थ्य को समग्रता में समझ सकें।

हाल ही मुझे यहां जाने और करीब से देखने का मौका मिला। हालांकि इससे पहले भी मैं कई बार यहां आया हूं। गनियारी छोटा कस्बा है, लेकिन अस्पताल के कारण इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैल चुकी है। यहां इलाज कराने के लिए बहुत दूर से लोग आते हैं। कई लोग तो एक दिन पहले ही आ जाते हैं, जिससे अगले दिन जल्दी उनकी बारी आ जाए।

बिलासपुर जिले के कस्बे गनियारी स्थित इस संस्था का नाम जनस्वास्थ्य सहयोग है। इसकी स्थापना वर्ष 1999 में हुई। संस्था की शुरूआत देश की मौजूदा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की हालत से चिंतित होकर दिल्ली के कुछ डॉक्टरों ने की थी। यह डॉक्टर जाने-माने दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स) से निकले थे। यहां आने से पूर्व इन्होंने देशभर में घूमकर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया था, जहां वे उनकी सेवाएं दे सकें। और अंतत: देश के गरीब इलाकों में से एक छत्तीसगढ़ के एक कस्बे में उन्होंने काम प्रारंभ किया।

यहां के डॉक्टर मानते हैं कि कुछ रोग कुपोषण से जुड़े हैं, इसलिए कुपोषण दूर करना जरूरी है। बीमारी को ठीक करने के लिए दवा और उपचार करना ही पर्याप्त नहीं है, उसकी रोकथाम करना भी जरूरी है। इसलिए पौष्टिक अनाजों की खेती के प्रचार-प्रसार पर ज़ोर दिया जाता है। यहां जंगली खाद्यों के महत्व को ग्रामीणों से साझा किया जाता है। छोटे बच्चों के कुपोषण दूर करने के लिए फुलवारी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। टिकाऊ आजीविका के लिए स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान दिया गया है

इस केन्द्र की उपयोगिता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2000 में बिना किसी औपचारिकता के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) शुरू हुआ था और मात्र 3 माह के अंदर यहां प्रतिदिन आनेवाले मरीजों की संख्या 250 तक पहुंच गई थी। अब ओपीडी में रोज करीब 300 मरीजों की जांच व इलाज होता है। यह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को होती है।

यहां एक बड़ा अस्पताल है। बाल चिकित्सा देखभाल इकाई, नवजात गहन देखभाल इकाई, कीमोथैरेपी वार्ड, टीबी वार्ड, प्रसव वार्ड इत्यादि हैं। शल्य चिकित्सा कक्ष है। कुष्ठ रोग से लेकर टीबी, कैंसर का भी इलाज होता है। परिसर में रहने और भोजन की सुविधा उपलब्ध है। धर्मशाला भी है। सस्ते में खाने की थाली मिलती है। यह सुविधा मरीज के साथ उसके देखभालकर्ताओं को भी उपलब्ध है।

सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का त्रिस्तरीय ढांचा है। सबसे पहले ग्राम स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जिन्हें गांव में समुदाय द्वारा चुना जाता है। और जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों की टीम इन्हें प्रशिक्षित करती है। दूसरे स्तर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र हैं, जहां वरिष्ठ कार्यकर्ता होते हैं और तीसरे स्तर पर गनियारी का अस्पताल है। जहां गंभीर व जटिल बीमारियों के लिए मरीजों को लाया जाता है।

बिलासपुर जिले के कोटा-लोरमी क्षेत्र के 70 से भी अधिक गांवों में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए बीमारियों का इलाज व उनकी रोकथाम की कोशिश की जाती है। इस ग्रामीण सामुदायिक कार्यक्रम के तहत गांव की 70 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण किया गया है। इनमें से अधिकांश महिलाएं बिना पढ़ी-लिखी या कम पढ़ी-लिखी हैं।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए योग्यता पढ़ाई-लिखाई नहीं, सेवा भावना होती है। कई सालों से इस कार्यक्रम को संचालित करने में ऐसी अनुभवी महिलाओं का योगदान है। यह कार्यकर्ता गंभीर मरीजों को खुद अस्पताल लेकर आती हैं, और इलाज करवाती हैं। इस कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा है, तीन उपस्वास्थ्य केन्द्र जो सेमरिया, शिवतराई और बम्हनी में बनाए गए हैं।

शिवतराई व बम्हनी, अचानकमार अभयारण्य के अंदर के गांव हैं। बम्हनी तक पहुंच मार्ग नहीं है। रास्ते में मनियारी नदी है, जिसमें बारिश के दिनों में बाढ़ होती है।

यहां कार्यकर्ताओं के अलावा नर्सिंग स्टॉफ होता है और सप्ताह में निर्धारित दिन क्लिनिक भी होता है, जिसमें पुराने व नए मरीजों का इलाज किया जाता है। यहां खून जांच, वजन इत्यादि लेने की भी सुविधा होती है। इसके अलावा, दाई प्रशिक्षण, गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं।

इस कार्यक्रम का एक हिस्सा उपयुक्त टेक्नालॉजी का विकास भी है। इसके तहत स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सरल-सहज तकनीक से ऐसे यंत्र तैयार किए जा रहे हैं, जो बीमारी की जांच और रोकथाम में मददगार हों।

इसी प्रकार, यहां ब्लड प्रेशर चैक करने की मशीन विकसित की गई है। प्रदूषित पानी की जांच की जा सकती है। यह एक सरल विधि है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति गांव के हैंडपंप के पानी की भी जांच कर सकता है। ओ.आर.एस. के पैकेट, प्रसूति किट, बच्चों के पोषण आहार तैयार किए जाते हैं। यहां साबुन बनाया जाता है और आयुर्वेदिक दवाएं तैयार की जाती हैं।

6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए फुलवारी (झूलाघर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह झूलाघर की तरह होता है, जिसमें बच्चों को खाना भी खिलाया जाता है। इसमें एक महत्वपूर्ण पहलू है कि जिन माता-पिता के बच्चे फुलवारी में जाते हैं, वे अपना दैनंदिन काम तो आराम से कर ही सकते हैं। साथ ही मजदूर अभिभावक भी अपना काम कर सकते हैं, जिससे उनकी आजीविका पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

जन स्वास्थ्य सहयोग ने छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, मड़िया, सांवा, कांगनी जैसे पौष्टिक अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के लिए खेती कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जन स्वास्थ्य सहयोग के परिसर में इसकी खेती होती है, और देसी बीज तैयार करके गांवों में किसानों को वितरित किए जाते हैं।

यहां देसी बीज बैंक भी है, जिसमें 400 प्रजाति का देसी धान है। यहां से लगभग 400 किसानों को बीज वितरित किए गए हैं। बिना रासायनिक खेती की यह पहल पूरी तरह देसी बीजों पर आधारित है। पौष्टिक अनाजों को भोजन में शामिल में करने से कुछ बीमारियों की रोकथाम व बचाव भी होता है। क्योंकि इनमें रेशा (फाइबर) की मात्रा होती है। आजकल डॉक्टर भी पौष्टिक अनाजों को भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉ. पंकज तिवारी बताते हैं कि यहां न तो गैरजरूरी जांच की जाती है और न ही अनावश्यक दवाएं दी जाती हैं। यह कोशिश होती है कि एक ही दिन में रोगी की जांच, दवा और इलाज का काम पूरा हो जाए। अब इस कार्यक्रम का विस्तार हुआ है। पांच वर्ष पहले से मध्यप्रदेश के डिंडौरी, अनूपपुर और शहडोल में चल रहा है। वे आगे कहते हैं कि हमारे काम की सीमाएं हैं, सार्वजनिक स्वास्थ्य का काम तो सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए हमने उनके साथ मिलकर काम करना शुरू किया है।

कुल मिलाकर, यहां सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, ग्रामीण जांच प्रयोगशाला, ब्लड बैंक, आयुर्वेदिक दवा निर्माण, कृषि व पशु स्वास्थ्य सुधार के लिए काम किया जा रहा है। गरीबों के लिए कम कीमत पर बेहतर इलाज किया जाता है। रोगों की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किया जाता है।

यानी हमें स्वास्थ्य को समग्रता में समझना होगा। इसके लिए हमें भोजन, व्यायाम, नियमित दिनचर्या इत्यादि कई चीजों का ख्याल रखना होगा। तभी हम हमारी सेहत को ठीक रख सकेंगे। अगर हम जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे तो हमें पौष्टिक भोजन तो मिलेगा ही, अच्छे पर्यावरण की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगे। लेकिन क्या हम दिशा में आगे बढ़ने के लिए सचमुच तैयार हैं?

**सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का त्रिस्तरीय ढांचा है। सबसे पहले ग्राम स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जिन्हें गांव में समुदाय द्वारा चुना जाता है। और जन स्वास्थ्य सहयोग के डॉक्टरों की टीम इन्हें प्रशिक्षित करती है। दूसरे स्तर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र हैं, जहां वरिष्ठ कार्यकर्ता होते हैं और तीसरे स्तर पर गनियारी का अस्पताल है। जहां गंभीर व जटिल बीमारियों के लिए मरीजों को लाया जाता है। बिलासपुर जिले के कोटा-लोरमी क्षेत्र के 70 से भी अधिक गांवों में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए बीमारियों का इलाज व उनकी रोकथाम की कोशिश की जाती है।**

## बीता सप्ताह

**6 जुलाई 24**

- छत्तीसगढ़ के जांजगीर-कोरबा जिले के कुंए में जहरीली गैस रिसाव से नौ लोगों की मौत हो गई।
- ब्रिटेन में ऋषि सुनक की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी 14 साल बाद चुनाव हार गई। लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर 58वें प्रधानमंत्री बने।
- ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में हर तीसरा व्यक्ति फैटी लिवर से पीड़ित है।

**7 जुलाई**

- पेपर लीक विवाद के बीच नीट यूजी की काउंसलिंग स्थगित कर दी गई।
- तमिलनाडु में बसपा अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या कर दी गई।
- ईरान के सुधारवादी नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मसूद मेजेशकियान ईरान के 9वें राष्ट्रपति चुने गए।
- ट्यूनीशिया की चुनाव कराने वाली स्वतंत्र निकाय आईएसआईई ने सितंबर में चुनाव कराने की घोषणा की।

**8 जुलाई**

- देश में बाढ़ की तबाही से असम में 58 और उत्तरप्रदेश में 13 लोगों की मौत हो गई।
- महाराष्ट्र को उसकी सतत विकास नीतियों के लिए कृषि क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया।
- डब्ल्यूडब्ल्यू ई से इतिहास के स्टार रेसलर और 16 बार के विश्व चैम्पियन जॉन सीना ने संन्यास लेने का ऐलान किया।
- स्पेन में आयोजित गेंड प्रिंम्स कुश्ती टूर्नामेंट में भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने 50 किलोग्राम वर्ग का खिताब जीत लिया।

**9 जुलाई**

- भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित को कुलपतियों की निगरानी के लिए खोज सहचयन समिति का प्रमुख बनाया गया।
- कश्मीर में संभावित चुनावों से पहले 57 नेताओं की सुरक्षा वापस ली गई।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी के सम्मान में मास्को का प्रसिद्ध आस्टैंकिनो टॉवर को भारतीय तिरंगे से सजाया गया।
- छत्तीसगढ़ में गैरजिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 66डाक्टरों को नोटिस दिया गया।

**10 जुलाई**

- पीएम मोदी ने रूस यात्रा के दरमियान श्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर आफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से नवाजा गया।
- केंद्रीय गृहमंत्रालय ने आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर लगे प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए आगे बढ़ा दिया।
- वीएमडब्ल्यू हिट एंड रन केस का मुख्य आरोपी मिहिर आर शाह को गिरफ्तार कर लिया।
- हरियाणा में मोहन लाल बडोली को भाजपा का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

**11 जुलाई**

- उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस के भीषण सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई में कहा -मुस्लिम महिलाओं को तलाक के बाद पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है।
- महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिष्ठित डूरंड कप ट्रॉफी का अनावरण किया।
- भारत सीमा पर तिब्बत पुलिस ने अपने इतिहास में 108 किलो सोना पकड़ा।

**12 जुलाई**

- केंद्र सरकार ने अग्निवीरों के लिए पैरा मिलिट्री में अग्निवीरों को 10 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा की।
- संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर एमएसपी सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने 16वें वित्त आयोग से मांगा विशेष अनुदान।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्थानांतरण की आड़ में शिक्षकों के अटैचमेंट को किया रद्द।

## भाजपा का मनुवादी चेहरा बेनकाब

कर्नाटक भाजपा के सात बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश जिगाजिनागी ने अपनी ही पार्टी पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले दस साल से खामोश आवाजें अब मुखर होने लगी हैं। इसका एक कारण जाहिर तौर पर नरेंद्र मोदी की गठबंधन सरकार है। भाजपा के 240 सीटों पर सिमटने के बावजूद नरेंद्र मोदी अपनी सरकार बनाने में कामयाब हुए। लेकिन उनकी कैबिनेट में दलितों को कोई तबज्जो नहीं मिली। पिछली बार राज्यमंत्री रहे रमेश जिगाजिनागी को इस बार कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की उम्मीद थी। उन्होंने अपने समर्थकों के जरिए यह आरोप लगाया है कि भाजपा दलित विरोधी पार्टी है। बीजेपी में सवर्णों का दबदबा है। सवर्णों को ही मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। जाहिर तौर पर यह कोई नई बात नहीं है लेकिन भाजपा के ही एक वरिष्ठ दलित सांसद द्वारा लगाए गए आरोप के अपने मायने हैं।

सदियों से जारी दलितों का अपमान और उत्पीड़न आजादी के बाद भी कमोबेश जारी है। हालांकि संविधान और कानून के अधिकारों ने उन्हें सुरक्षा ज़रूर प्रदान की है, लेकिन समाज में जड़ें जमाए ब्राह्मणवादी सामंतवाद के अहंकार और दमन के आगे भूमिहीन, कमजोर, अशिक्षित दलित अपमानित होने और मरने-पिटने के लिए अभिशप्त है। हालांकि, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और आरक्षण के अधिकार से दलितों के भीतर एक छोटा सा मध्यवर्ग उभरा है। सामाजिक जागरूकता पैदा हुई है। राजनीतिक चेतना के जरिए दलित अपना एजेंडा और प्रतिनिधित्व के अधिकार को समझने लगे हैं। लेकिन ब्राह्मणवादी ताकतें इस परिवर्तन को मिटाने के लिए सक्रिय रही हैं। भारत की समावेशी और सामाजिक न्याय की राजनीति के बरक्स आजादी के बाद ही हिंदुत्व की राजनीति शुरू हुई। आरएसएस इस राजनीति का संचालक और बौद्धिक केंद्र है। आरएसएस ने पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में 1951 में भारतीय जनसंघ को खड़ा किया। जनसंघ के जरिए आरएसएस को पहली बार सत्ता में पहुंचने का मौका जनता पार्टी की सरकार (1978 -1980) में मिला।



प्रो. रविकांत

**सदियों से जारी दलितों का अपमान और उत्पीड़न आजादी के बाद भी कमोबेश जारी है। हालांकि संविधान और कानून के अधिकारों ने उन्हें सुरक्षा ज़रूर प्रदान की है, लेकिन समाज में जड़ें जमाए ब्राह्मणवादी सामंतवाद के अहंकार और दमन के आगे भूमिहीन, कमजोर, अशिक्षित दलित अपमानित होने और मरने-पिटने के लिए अभिशप्त है। हालांकि, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और आरक्षण के अधिकार से दलितों के भीतर एक छोटा सा मध्यवर्ग उभरा है। सामाजिक जागरूकता पैदा हुई है।**

जनता पार्टी की सरकार बिखरने के बाद जनसंघ अलग हो गया। 1980 में आरएसएस ने जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन किया। इसके बाद उसने दलितों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए 1983 में सामाजिक समरसता मंच बनाया। यह मंच दलितों का हिन्दुत्वीकरण करने की प्रयोगशाला बना। राम मंदिर आंदोलन में दलितों की भागीदारी ने आरएसएस बीजेपी को सत्ता में पहुंचने की उम्मीदों को पंख दे दिए। एक दलित कामेश्वर चौपाल से प्रतीकात्मक मंदिर की पहली ईंट रखवाई गई। दलितों के अतीत और स्मृतियों को मिटाने के लिए अनेक कुचक्र रचे गए।

दलितों के मसीहा और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का परिनिर्वाण 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। दलित समाज के लिए यह प्रेरणा का दिन है। इस दिन की स्मृतियों को मिटाने के लिए बहुत सोची-समझी रणनीति के तहत 1992 में बाबरी मस्जिद को तोड़ दिया गया। आरएसएस, बीजेपी, हिंदू महासभा और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हैं। दलितों की चेतना कुंद करके सत्ता हासिल करने के लिए दलितों का इस्तेमाल करना बीजेपी-आरएसएस की रणनीति है। सामाजिक न्याय को सामाजिक समरसता में बदल दिया गया। इसका लक्ष्य है, जाति व्यवस्था और असमानता बनाए रखते हुए मुसलमानों-ईसाइयों के खिलाफ हिंदू एकता स्थापित करना।

बाबा साहेब अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को मनुस्मृति का दहन किया था। बाबा साहब का स्पष्ट मानना था कि जाति व्यवस्था और दलितों के दमन को धर्मग्रंथों के जरिए ईश्वरीय मान्यता प्रदान की गई है। इसलिए धर्मग्रंथों को विस्फोटक से उड़ा देना चाहिए। बीजेपी-आरएसएस का हिंदुत्व, दरअसल नया ब्राह्मणवाद है। धर्म, धर्मग्रंथ, मंदिर और ईश्वर की प्रतीकात्मक राजनीति के जरिए पुन: समाज में वर्ण-जाति व्यवस्था लागू करके सवर्ण वर्चस्ववाद को स्थापित करना ही हिंदुत्व का उद्देश्य है। इसलिए मनुस्मृति दहन दिवस की स्मृतियों को मिटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) को बड़े पैमाने पर मनाया जाने लगा और इसे सुशासन दिवस की संज्ञा दी गई। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद खुलेआम मनुस्मृति का प्रचार होने लगा। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के नाम पर शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की लगातार कोशिशें हो रही हैं। पहले महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा में मनुस्मृति के श्लोक शामिल करने का प्रयास हुआ, अब दिल्ली विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी द्वारा मनुस्मृति को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जुगत की जा रही है। बाबा साहब ने मनुस्मृति को इसलिए जलाया था क्योंकि यह दलितों, पिछड़ों (शूद्रों) और स्त्रियों को दोयम दर्जे का मनुष्य मानती है। मनुस्मृति के अनुसार दलितों, शूद्रों और स्त्रियों को शिक्षा और संपत्ति अर्जित करने का अधिकार नहीं है। मनुस्मृति इन समुदायों को गुलाम बनाकर ब्राह्मणवादियों को शोषण का अधिकार देती है। दरअसल, मनुस्मृति संविधान और मनुष्यता विरोधी है। लेकिन हिन्दुत्ववादियों के लिए यह प्रात:स्मरणीय ग्रंथ है। मनुस्मृति, मनुवाद और मनुस्मृतिकार से आरएसएस ने अपना प्रेम कभी छुपाया भी नहीं। संविधान पारित होने (26 नंबर 1949) के तीन दिन बाद, 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर ने भारतीय संविधान की यह कहकर आलोचना की थी कि इसमें मनु की संहिताएं नहीं हैं। राम मंदिर आंदोलन का एक केंद्र जयपुर भी रहा है। इसी दौरान राजस्थान हाइकोर्ट के प्रांगण में मनु की प्रतिमा लगाई गई। राजस्थान उच्च न्यायालय अधिकारी एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष पदम कुमार जैन के अनुरोध पर जस्टिस एमएम कासलिवाला ने सौंदर्यीकरण के नाम पर मनु की मूर्ति लगाने की मान्यता प्रदान की। महज 23 दिनों के भीतर जयपुर हाईकोर्ट के प्रांगण में 28 जून 1989 को मनु की मूर्ति स्थापित कर दी गई। इसका विरोध उसी दिन से शुरू हो गया था। इसके दबाव में 28 जुलाई 1989 को हाईकोर्ट की प्रशासनिक बैठक में मनु की मूर्ति को हटाने का फैसला लिया गया। लेकिन विश्व हिंदू परिषद ने इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर कर दी। आज भी यह मूर्ति संविधान और न्यायपालिका को मुंह चिढ़ा रही है। अप्रत्यक्ष तौर पर आरएसएस बीजेपी इसके पीछे खड़े हुए हैं। जाहिर तौर पर मनु में आस्था रखने वाले कभी भी दलित हितैषी नहीं हो सकते।

अटल-आडवाणी की भाजपा ने इस बात को समझ लिया था कि दलितों के समर्थन के बिना सत्ता नहीं हासिल की जा सकती। इसीलिए 2000 ई. में तेलंगाना से आने वाले आरएसएस से सम्बद्ध दलित नेता बंगारू लक्ष्मण को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। लेकिन एक भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने के बाद उन्हें साल भर के भीतर हटा दिया गया। भाजपा के दलित विरोधी होने का एक प्रमाण यह भी है कि आज तक भाजपा ने नीति निर्धारक और निर्णायक पद पर किसी मजबूत दलित नेता को स्थान नहीं दिया है। कुल मिलाकर 15 साल से ज्यादा भाजपा केंद्र की सत्ता में रही है। एक दर्जन से अधिक राज्यों में भाजपा की सरकारें रही हैं। लेकिन अब तक एक भी दलित मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। केंद्र सरकार में भी कोई मजबूत दलित चेहरा नहीं है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मोदी की छाया बनकर दलितों को लुभाने के लिए एक मुखौटा भर हैं। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी वोटबैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल किया गया। लेकिन दलितों के हित में ना तो कोई एजेंडा सामने आया और ना ही कोई नीति बनी। इसके उलट पिछले 10 साल के नरेंद्र मोदी के शासनकाल में दलितों पर हिंदुत्ववादियों द्वारा शारीरिक हमले किए गए। मूंछ काटने से लेकर पेशाब पिलाने, बलात्कार और हत्या करने जैसी जघन्य और अमानवीय घटनाएं अनवरत जारी हैं। दलित न्याय के लिए भटक रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने सफाईकर्मियों के पैर धोकर उनके काम का महिमा मण्डन किया। लेकिन उनके बच्चों की शिक्षा, सरकारी नौकरी और आरक्षण को लगभग बेमानी बना दिया गया। इतना ही नहीं मोदी के संसदीय क्षेत्र बनारस में एक सफाईकर्मी गटर में मर जाता है, लेकिन उसके परिवार को कोई न्याय नहीं मिलता। हाथरस में गुड़िया वाल्मीकि का बलात्कार होता है। फिर उसकी मौत होती है। लेकिन उसके परिवार के लोग आज भी न्याय के लिए भटक रहे हैं। मोदी के गृहराज्य गुजरात में 100 से अधिक गांवों में आज भी दलित मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकते। भाजपा के शासन में ब्राह्मणवाद की मजबूती का आलम यह है कि राष्ट्रपति रहते हुए रामनाथ कोविंद को पुरी और पुष्कर के मंदिरों में नहीं घुसने दिया गया लेकिन पुजारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुजरात के ऊना में स्वयंभू गोरक्षकों ने चार दलित भाइयों को मरी हुई गाय की खाल निकालने पर सरेआम नंगा करके पीटा और उसका वीडियो जारी किया। लेकिन नरेंद्र मोदी सिर्फ इतना कहते हैं कि, 'मुझे गोली मार दीजिए लेकिन मेरे दलित भाइयों को मत मारिए।' इसे ढोंग ही कहा जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में दलितों ने खुलकर भाजपा का विरोध किया और संविधान बदलने की मंशा रखने वालों को करारा जवाब दिया। अब भाजपा के सांसद द्वारा भाजपा को दलित विरोधी कहने का मतलब है कि दलितों में भाजपा का मनुवादी चेहरा पूरे तरीके से बेनकाब हो गया है।

## आखिर हमारे डॉक्टरों को क्या बीमारी है?

स्वास्थ्य सेवा के 'व्यवसायीकरण' पर आवाज़ें उठ रही हैं। अनेक कहानियां सामने आ रही हैं। हाल ही में किडनी प्रत्यारोपण के बारे में आई रिपोर्ट इसका एक उदाहरण है। लगता है कि इस स्थिति के जवाब में भारतीय न्याय संहिता इस 'डॉक्टर्स डे' पर लागू हुई, जिसमें लापरवाही का दोषी पाए जाने पर डॉक्टरों को जेल की सज़ा का प्रावधान है। नीट परीक्षा में कई त्रुटियों और पीजी प्रवेश परीक्षाओं के स्थगन ने भारत में चिकित्सा शिक्षा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है। जैसे-जैसे हम परीक्षा प्रक्रियाओं का पुनर्निर्माण करना शुरू करते हैं, यह देखना उचित होगा कि और क्या करने की आवश्यकता है ताकि हमारे डॉक्टर अपने काम में शीर्ष पर रहें।

ग्रामीण आदिवासी राजस्थान में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे दशक भर के काम में हमने बड़ी संख्या में युवा डॉक्टरों के साथ काम किया है और सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में काम करने वाले कई लोगों से बातचीत की है। हमने डॉक्टरों को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कई कार्यशालाएं भी आयोजित की हैं। इनके आधार पर हम कुछ प्राथमिकताएं साझा करते हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

एक लोकप्रिय शिकायत यह है कि पुराने ज़माने के एमबीबीएस डॉक्टर आज के समय के डॉक्टरों से ज़्यादा चिकित्सा के बारे में जानते थे और वे स्वतंत्र रूप से मरीजों को देख सकते थे। हममें से बहुतों को याद होगा कि डॉक्टर ब्रीफ़केस लेकर हमारे घर आते थे, बीमारों को देखते थे और वहीं पर इलाज करते थे। वे लगभग गायब हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने में बहुत कठोरता थी। शिक्षक अपने छात्रों पर पूरा ध्यान देते थे और हर एक को व्यक्तिगत रूप से जानते थे। कक्षाएं तय समय के अनुसार आयोजित की जाती थीं।



संजना ब्रह्मवार मोहन

**मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने में बहुत कठोरता थी। शिक्षक अपने छात्रों पर पूरा ध्यान देते थे और हर एक को व्यक्तिगत रूप से जानते थे। कक्षाएं तय समय के अनुसार आयोजित की जाती थीं। यह सख्ती कमज़ोर होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यशालाओं में कई डॉक्टरों ने कहा कि कॉलेज में उनकी उपस्थिति मायने नहीं रखती, वे 'घर में ही रहते हैं' और वह भी कई हफ़्तों तक रहते हैं।**

यह सख्ती कमज़ोर होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यशालाओं में कई डॉक्टरों ने कहा कि कॉलेज में उनकी उपस्थिति मायने नहीं रखती, वे 'घर में ही रहते हैं' और वह भी कई हफ़्तों तक रहते हैं। उन्होंने दुख जताया कि उनके शिक्षकों के पास उनके लिए बहुत कम समय है। 'लोग सिर्फ़ मुंह हैं, कान नहीं', यह बात हम अक्सर सुनते हैं। 'आपका काम मरीज़ों का इलाज करना है, सहानुभूति दिखाना नहीं'- एक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ ने एक बार उनमें से एक को यह कहकर डांटा था।

हम निजी मेडिकल कॉलेजों से भी कहानी का दूसरा पहलू सुनते हैं। डॉक्टर बनने वाले लोग बहुत अमीर परिवारों से आते हैं, आलीशान कारों में घूमते हैं, अपनी कक्षाओं में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। उनमें से कई के अभिभावकों ने नर्सिंग होम या अस्पताल बना लिए हैं, जहां उनके बच्चे पढ़ाई पूरी कर आने के बाद प्रैक्टिस कर सकें। कई बार प्रबंधन शिक्षकों पर दबाव डालता है कि वे उन्हें पास कर दें और न रोकें।

तीसरा समूह जो तेजी से बढ़ रहा है, वह चीन, रूस, अन्य पूर्वी यूरोपीय देशों में अपनी चिकित्सा शिक्षा पूरी करने वाले छात्र हैं। भारतीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण की खराब गुणवत्ता के बावजूद विदेशी शिक्षित डॉक्टरों और स्थानीय डॉक्टरों के बीच व्यापक अंतर है। मरीजों से बात करते समय जानकारी का कोई स्पष्ट प्रवाह नहीं होता है, साथ ही चिकित्सा की कई बुनियादी बातों के बारे में भी जानकारी का अभाव है।

ऐसा नहीं चल सकता। हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि डॉक्टर बनने वाले सभी लोगों के पास ज्ञान और कौशल दोनों हों; और उनके पास सहानुभूति हो जो एक डॉक्टर के लिए ज़रूरी है।

कुछ महीने पहले हमारे एक डॉक्टर को एक मित्र का फ़ोन आया, जो एक पीएचसी में काम करने वाला डॉक्टर था। उसने हाल ही में मलेरिया से पीड़ित एक मरीज़ का निदान किया था और यह पूछने के लिए फ़ोन कर रहा था कि उसे क्या उपचार दिया जाए। स्वतंत्र रूप से काम करने वाले डॉक्टरों के लिए मार्गदर्शन की यह ज़रूरत अपेक्षित है क्योंकि एक दिन में वे कई संक्रमणों (टीबी, मलेरिया आदि), गैर-संचारी रोगों, जटिलताओं वाली गर्भवती महिलाओं को देख सकते हैं। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को टांके लगा सकते हैं और प्रसव भी करवा सकते हैं।

इस ज़रूरत ने भारत के अलग-अलग हिस्सों में काम करने वाले हम डॉक्टरों को एक समूह के रूप में एक साथ आने के लिए मजबूर कर दिया। हम अपने सवाल समूह में पोस्ट करते हैं या मार्गदर्शन के लिए किसी विशेषज्ञ को बुलाते हैं व पूछते हैं- आप मधुमेह से पीड़ित एक युवा महिला में रक्त शर्करा के उतार-चढ़ाव को कैसे प्रबंधित करते हैं? आप गर्भवती महिला में मलेरिया का इलाज कैसे करते हैं? हम हफ़्ते में एक बार ऑनलाइन मिलते हैं नए ज्ञान, केस स्टडीज़ को साझा करने और सवाल पूछने के लिए। ग्रामीण इलाकों में पीएचसी और शहरों के अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों के साथ बातचीत करते हुए हम देखते हैं कि जब उन्हें संदेह होता है, तो उनके पास बहुत कम साथी या वरिष्ठजन होते हैं।

हमें डॉक्टरों के लिए ऐसी व्यवस्था करने की आवश्यकता है जिससे उन्हें अपने प्रश्नों के उत्तर मिल सकें तथा यह सुनिश्चित हो सके कि वे नई जानकारी से अपडेट रहें, जो जरूरी नहीं कि दवा कंपनियों से ही आ रही हो। पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए परीक्षाएं शुरू करने की बात चल रही है। इससे मदद मिलेगी, लेकिन हमें और भी कुछ करने की जरूरत है।

हमारे न्यूज़ चैनल और सोशल मीडिया पर किस तरह की खबरें आती रहती हैं? आजकल भारत के विश्व कप जीतने और किसी सेलिब्रिटी की शादी के बारे में बहुत कुछ बताया जाता है। किडनी ट्रांसप्लांट जैसी संभावित गलत हरकतों की कहानियों पर ध्यान दिया जाता है लेकिन उन खबरों के बारे में क्या कहा जाता है जिनमें जान बचाई जाती है?

एक हफ़्ते पहले एक महिला को एक्लेम्पसिया के साथ हमारे क्लिनिक से उदयपुर रेफर किया गया था, जो 120 किलोमीटर दूर है। जब वह अस्पताल पहुंची तो उसे 3 घंटे से ज़्यादा समय से दौरे पड़ रहे थे और वह मुश्किल से होश में थी। उसे बचाया जाना स्त्री रोग विशेषज्ञों और नर्सों द्वारा उसे दिए गए त्वरित उपचार का ही नतीजा था।

विभिन्न समाचार माध्यमों में ऐसी कहानियों को प्रमुखता से दिखाए जाने की आवश्यकता है। इनका डॉक्टरों और उनके पेशे के प्रति दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, साथ ही समाज का उन्हें देखने का दृष्टिकोण भी है।

इस समय दो कहानियां चल रही हैं, भारतीय न्याय संहिता और किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट के इर्द-गिर्द। चलिए पीछे चलते हैं! पिछली बार कब हमने उन भयावह परिस्थितियों के बारे में बात की थी जिसमें हमारे युवा डॉक्टर या डॉक्टर बनने वाले लोग पढ़ते हैं? वे किस तरह के हॉस्टलों में रहते हैं, कैसा खाना खाते हैं, उनका असामान्य रूप से लंबी ड्यूटी रोस्टर? हमने कब उन कहानियों का जश्न मनाया जिनमें वे दिन-ब-दिन मरीजों को बचाते हैं? हमें अच्छी तरह याद है कि हमारे डॉक्टरों ने कोविड महामारी के दौरान कितनी शानदार भूमिका निभाई।

हमें ऐसी कहानियां सुनाते रहना चाहिए। ऐसी कहानियों का अभाव और लगातार ऐसी कहानियां जो इतनी सकारात्मक नहीं होती हैं, बेचैनी पैदा करती हैं, जो खतरनाक हो सकती हैं। कुछ साल पहले मध्य राजस्थान के एक अस्पताल में एक जटिल प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई थी। मीडिया की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया और परिवार की ओर से दबाव अप्रत्याशित और अनपेक्षित नहीं था। लेकिन उसके बाद जो त्रासदी हुई वह अपेक्षित नहीं थी। और दिल दहला देने वाली थी। सुर्खियों में रहने वाली डॉक्टर तनाव को बर्दाश्त नहीं कर सकी और उसने अपनी जान दे दी।

आज हमारे देश की स्थिति एक चेतावनी है। जब हम अपनी स्वास्थ्य सेवा का पुनर्निर्माण शुरू कर रहे हैं तो यह उचित होगा कि हम इसके टुकड़ों को न उठाकर समग्र रूप से देखें।

(लेखक डॉक्टर और राजस्थान की एनजीओ बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज की सह-संस्थापक हैं, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलाती हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

## प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर : राकेश सिंह




### जबलपुर का प्लाई ओव्हर दूसरे प्रदेश के लिये अनुकरणी : इस साल जनता को समर्पित होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि राज्य में सभी वर्गो के कल्याण के लिये योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सड़क, पुल, स्वास्थ्य और पेयजल के क्षेत्रों में युद्ध गति से काम किये जा रहे हैं। इसीलिये लगातार जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है। वोट प्रतिशत भी बढ़ रहा है। वे शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर देशबन्धु ने जबलपुर में नगर एवं ग्रामीण विकास विभाग में स्थायी अधिकारी नहीं होने का मामला उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि अधिकारी की कमी से शहर का विकास नहीं थमेगा। ज्ञात रहे कि अब तक इसी कारण जबलपुर का मास्टर प्लान नहीं बन पाया है।

उन्होंने कहा कि कई सालों से जबलपुर के साथ प्रदेश सभी क्षेत्रों में भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के मार्गदर्शन में विकास मुखी कार्यो को धरातल पर उतारने का काम कर रही हैं। इसका परिणाम सभी के सामने हैं। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में अपने किस्म का पहला लंबा फ्लाईओव्हर जबलपुर में बन रहा है जो इस साल पूरा हो जायेगा। इसे रिकार्ड दो साल में बनाय जा रहा है। इसमें नई तकनीक और डिजाईन का उपयोग किया गया जो दूसरे प्रदेशों के लिये अनुकरणी होगा। उन्होंने कहा कि रिंग रोड बनाये जा रहे हैं। विंध्य, बुंदेलखंड, मालवा, नर्मदा अचंल में भी इसी तरह काम हो रहे हैं। किसी भी क्षेत्र को भाजपा सरकार ने अछूता नही रखा है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी के बयानों को सनातन का अपमान बताया, वहं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीत पटवारी पर महिलाों का अपमान करने के आरोप लगाये।

**जनहित का बजट प्रस्तुत किया-** इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने बिना नये कर लगाये बजट प्रस्तुत किया है, इसमें सभी के कल्याण और विकास संबंधी योजनाओं का ध्यान रखा गया है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया गया है। वहीं प्रति व्यक्ति की आय में बढ़ोत्तरी हुई है। दो करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से उपर उठाया गया है। वहीं किसान कल्याण के लिये काम किये जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि बढ़ी है। गौ-वंश के संवधर्न और सुरक्षा के लिये काम किये जा रहे हैं।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस मौके पर राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मिकी, विधायक गणों में अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, सुशील तिवारी, एवं विनोद गोटिया, नीलेश अवस्थी, हरेंद्र जीत बब्बू, रविंद्र पचौरी आदि शामिल रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने सूपाताल बिजली कार्यालय का घेराव किया, हुआ प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा शुरू से ही स्मार्ट मीटर ना लगवाने की लोगों से अपील करी जा रही थी, लेकिन मोंटी कार्लो कंपनी के द्वारा बिजली अधिकारियों को साथ लेकर आम नागरिकों के ऊपर दबाव बनाकर जबरदस्ती लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाएं जा रहे हैं।

**लोग भुगत रहे खामियाजा-**स्मार्ट मीटर लगाने के बाद, खामियाजा यह हुआ की जून 2023 में जिस आम उपभोक्ता का बिल ? 59, 75, 115, 210, 79 आ रहा था, आज उनका बिल बढ़कर लगभग 10 गुना हो गया है, अब उन्हें 1500 से लेकर 7000 तक की राशि का भुगतान करना होगा, जब इसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी को लगी तो उन्होंने आम उपभोक्ताओं को साथ लेकर सूपाताल बिजली कार्यालय का घेराव किया गया,जिसमें पीड़ित उपभोक्ता जो इन बढ़े हुए बिलों से परेशान है, वह भी कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे, और जमकर नारेबाजी की, साथ ही साथ यह बिल कम करने की बात भी कांग्रेस के द्वारा रखी गई।

**मीटर निकालने की चेतावनी-** साथ ही कांग्रेस पार्टी के द्वारा चेतावनी देकर कहा गया कि स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से घरों से निकल लिए जाएं नहीं तो कांग्रेस पार्टी स्वयं इन मीटरों को निकलवाने का काम किया जाएगा, उन अधिकारियों को चर्चा के दौरान यह भी बताया गया की कैसे ,आप लोगों के द्वारा, लोगों के स्मार्ट मीटर में अपने दफतर में बैठे-बैठे छेड़खानी की जाती है ,और लोगों के बिलों को बढ़ा दिया जाता है। जब अधिकारी ने इस बात से मना किया कि ऐसा नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा जी के द्वारा उन्हें चुनौती देकर कहा कि सिर्फ 15 मिनट के लिए हमारे किसी व्यक्ति को आपकी कुर्सी पर बैठाया जाए ,और 15 मिनट में आपको दिखा दिया जाएगा कि कैसे 75 यूनिट को आप लोगों के द्वारा 200-250 यूनिट तक कर दिया जाता है।

कांग्रेस पार्टी ने चर्चा के दौरान यह भी बात रखी है ,कि जब तक आम उपभोक्ता का बिल कम नहीं हो जाता है, और स्मार्ट मीटर अलग नहीं किए जाते हैं, तब तक कोई भी आम उपभोक्ता बिजली विभाग को 1 रुपए का बिजली बिल नहीं भरेगा।

**ये रहे मौजूद-** मनीष पटेल, शेखर सोनी, अनुपम जैन, गुड्डू तामसेतवार,लखन प्रजापति, अभिषेक पाठक, बलवंत गुर्जर, विक्की जॉन,अनुज श्रीवास्तव,संदीप जैन, राजेश दीवान,तेज प्रताप सिंह,आलोक उपाध्याय, सुल्तान चक्रवर्ती, अर्जुन चक्रवर्ती, विवेक जैन, ललित चौधरी, रतन विश्वकर्मा, शकील खान, मखदूम शाह, पवन रैकवार मौजूद थे।

## एयर मार्शल संजीव घुराटिया से अजय पाठक ने की मुलाकात

**जबलपुर,देशबन्धु।** एयर मार्शल संजीव घुराटिया, विशिष्ट सेवा मंडल का जबलपुर आगमन हुआ। स्टेशन में ब्यौहारबाग निवासी हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्गीय प्रकाश चंद पाठक के पुत्र अजय पाठक ने मुलाकात की और अभिवादन किया।



## जबलपुर की आश्वी जैन ने सीए इंटरमीडिएट में 42वीं रैंक के साथ पास की परीक्षा



**जबलपुर, देशबन्धु।** आश्वी जैन ने सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप की परीक्षा प्रथम प्रयास में 78 प्रतिशत और ऑल इंडिया रैंक 42 में पास की है. इसके पूर्व भी आश्वी ने कक्षा 12वीं में 96.20 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल की टॉपर एवं सीए फाउंडेशन की परीक्षा भी 79.25 प्रतिशत के साथ पास की थी. आश्वी गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक व मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश एड. वर्षा जैन की सुपुत्री हैं।

## दुबई में आयोजित होम्योपैथी समिट में जबलपुर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉ. व्ही के यादव और डॉ. आंचल सिंह होंगे सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** दुबई में 14 जुलाई को वर्ल्ड होम्योपैथी समिट -2 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें होम्योपैथी चिकित्सा में अपने-अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों के डॉक्टरों को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश महाकौशल जबलपुर से सबसे युवा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. व्ही के यादव को त्वचा रोग और बालों की समस्या में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा और साथ में सबसे कम उम्र के होम्योपैथिक चिकित्सक डा आंचल सिंह को इम्यूनोलॉजिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में विशेष रूप से पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर, सुपरस्टार आल राउंडर अभिनेता और लोकसभा सांसद रवि किशन, साथ में अत्यन्त प्रिय कवि कुमार विश्वास, महान क्रिकेटर ब्रेट ली, क्रिस गेल, जैसी हस्तियां भी शामिल होंगी। और होम्योपैथिक को नई दिशा देने वाले बर्नेट होम्योपैथी के सीएमडी-डा नीतीश चंद्र दुबे अगुआई करेंगे, यह मध्य प्रदेश के साथ महाकौशल जबलपुर के लिए गौरव की बात है कि यहां के डॉक्टर को दुबई में सम्मानित किया जा रहा है।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने कलेक्टर की बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी अभियान है एक पेड़ मां के नाम, अत: सभी अधिकारी- कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण के लिए सुरक्षित व खाली स्थान पर एक पेड़ अवश्य लगाए। साथ ही उसकी सुरक्षा भी करें ।उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पेड़ लगाए ताकि रोज उसकी देखभाल हो सके। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि पौधे स्थानीय संसाधनों से प्राप्त करें। पौधों के लिए डीएफओ या किसी व्यक्ति पर निर्भर न रहे। उद्यानिकी विभाग द्वारा नर्सरी में पौधे तैयार करने साथ ही वन विभाग द्वारा भी पौधे तैयार किए जाते हैं। सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य अनुसार पौधे प्राप्त कर उसे लगाना सुनिश्चित करें और भावी पीढ़ी के लिए पौधे लगाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान वन मंडल अधिकारी ने भी पौधे लगाने की तकनीक बताते हुये कहा कि प्रकृति को संतुलित करने के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। यदि हम प्रकृति को संतुलित नहीं करेंगे, तो प्रकृति हमें संतुलित करना जानती है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने कहा कि वे प्राथमिकता से अपने घर, आसपास या खाली जगह में पौध रोपण करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। साथ ही उन्हें एक पेड़ मां के नाम हैशटैग भी करेंगे। बैठक में नगर निगम कमिश्नर सहित स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े व्यक्ति व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## उज्जैन-भोपाल-उज्जैन के मध्य स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए उज्जैन-भोपाल-उज्जैन के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, काली सिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल स्पेशल ट्रेन 11 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रतिदिन उज्जैन स्टेशन से रात 21.00 बजे प्रस्थान कर, 21.30 बजे तराना रोड पहुँचकर, 21.32 बजे तराना रोड से प्रस्थान कर, 21.45 बजे मक्सी पहुँचकर, 21.47 बजे मक्सी से प्रस्थान कर, 22.15 बजे काली सिंध पहुंचकर, 22.20 बजे काली सिंध से प्रस्थान कर, 22.35 बजे अकोदिया पहुँचकर, 22.36 बजे अकोदिया से प्रस्थान कर, 22.48 बजे शुजालपुर पहुँचकर, 22.50 बजे शुजालपुर से प्रस्थान कर, 22.33 बजे सीहोर पहुँचकर, 23.05 बजे कालापीपल पहुँचकर, 23.06 बजे कालापीपल से प्रस्थान कर, 23.36 बजे सीहोर पहुंचकर, 23.38 सीहोर से प्रस्थान कर, अगले दिन मध्य रात्रि 00.40 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचकर, 00.42 बजे संत हिरदराम नगर से प्रस्थान कर मध्य रात्रि 01.00 बजे भोपाल स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 भोपाल-उज्जैन स्पेशल ट्रेन दिनांक 12 जुलाई 2024 से 01 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन भोपाल स्टेशन से मध्य रात्रि 02.10 बजे प्रस्थान कर, 02.35 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचकर, 02.37 बजे संत हिरदाराम नगर से प्रस्थान कर, 03.42 बजे सीहोर पहुंचकर, 03.47 बजे सीहोर से प्रस्थान कर, 04.38 बजे कालापीपल पहुँचकर, 04.40 बजे कालापीपल से प्रस्थान कर, 04.55 बजे शुजालपुर पहुंच कर, 04.57 बजे शुजालपुर से प्रस्थान कर, 05.10 बजे अकोदिया पहुँचकर, 05.11 बजे अकोदिया से प्रस्थान कर, 05.42 बजे काली सिंध पहुँचकर, 05.44 बजे काली सिंध से प्रस्थान कर, 06.28 बजे मक्सी पहुँचकर, 06.30 बजे मक्सी से प्रस्थान कर, 06.48 बजे तराना रोड पहुँचकर, 06.50 बजे तराना रोड से प्रस्थान कर, सुबह 07.20 बजे उज्जैन स्टेशन पहुंचेगी।

## हजारों विद्यार्थियों का भविष्य चौपट



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में नर्सिंग घोटाले की तरह ही पैरामेडिकल कोर्सेस में भी धांधली हुई है जिसका खामियाजा हजारों विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है, वर्तमान समय में विगत 4 वर्षो से परीक्षा ही नहीं ली गई। उक्त जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी की आरटीआई विंग ने मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, पैरामेडिकल काउंसिल तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर तत्काल परीक्षा शुरु करने की मांग की है।

मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष विंग ने बताया कि इस संदर्भ में बैठक कर निर्णय लिया है कि आम आदमी पार्टी विद्यार्थियों के हित में आवाज बुलंद करेगी आगे जानकारी देते हुए बताया की प्रदेश में 116 पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किये जा रहे हैं जिनमें लगभग 15000 विद्यार्थी अध्यनरत है गौरतलब यह है कि वर्ष 2020-21,2021-22,2022-23, 2023-24 सत्र की परीक्षा मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं ली गई है वहीं 2023-24 का सत्र शून्य घोषित कर दिया गया है।

प्रफुल्ल सक्सेना, गोपाल परासर , राकेश चक्रवर्ती , संतोषी वर्मा, मुन्ना राय, बृजेश चतुर्वेदी, जितेन्द्र श्रीवास अमजद मंसूरी, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, सेर्वेन्द्र बर्मन, विनोद पांडे, अनुराग मरावी, रवेन्द्र बर्मन आदि ने मध्यप्रदेश सरकार की नाकासी का प्रमाण बताते हुए पैरामेडिकल विद्यार्थियों को हुई मानसिक प्रताड़ना बहुमूल्य समय की बर्बादी तथा आर्थिक नुकसान की भरपाई करने प्रति स्टूडेंट 2,00,000 लाख रूपये मुआवजा देने तथा तत्काल परीक्षा करवाने की मांग रखी।

## जबलपुर से अमृतसर तक चले सीधी ट्रेन, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर राधा स्वामी सत्संग न्यास ने जबलपुर से अमृतसर तक सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। इसे लेकर संगठन के लोगों ने केंट के विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में जबलपुर के सांसद आशीष दुबे को ज्ञापन सोपा और उनके सामने अपनी मांग रखी। राधा स्वामी सत्संग न्यास के लोगों का कहना है कि जबलपुर से अमृतसर ट्रेन न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि व्यापारिक दृष्टि से भी जबलपुर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। संगठन की इस मांग पर संसद आशीष दुबे ने विश्वास दिलाया है, कि वे संसद के सत्र में रेल मंत्री के समक्ष यह मांग रखेंगे और जबलपुर से अमृतसर तक सीधी ट्रेन चलाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

## पमरे में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिवरों का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में स्वास्थ्य जाँच के लिए रेलकर्मियो एवं उनके परिवारजनों हेतु पश्चिम मध्य रेलवे पर केन्द्रीय चिकित्सालय, मण्डल चिकित्सालय, उप मण्डल चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य इकाईयाँ संचालित है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल के केन्द्रीय चिकित्सालय के तत्वावधान में तीनों मंडलों के मण्डल चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य इकाइयों पर रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों हेतु समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिवरों का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में विगत दिनों प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिवरों का आयोजन किया गया।

**हार्ट अटैक से बचने टिप्स-**चिकित्सालय में पॉइन्ट्समैन को प्राथमिक स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गई एवं सीपीआर (हृदय रोग से सम्बंधित) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। केन्द्रीय अस्पताल/जबलपुर में चिकित्सा निदेशक/केन्द्रीय अस्पताल/जबलपुर में वृहद् वार्षिक स्वास्थ्य जाँच शिविर रेलवे सुरक्षा बल हेतु आयोजन किया गया। उक्त जाँच शिविर में चिकित्सकों द्वारा उपस्थित रेलवे सुरक्षा बल के जवानों का पूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जाँच की गई एवं जवानों को संबोधन में स्वास्थ्य जागरूकता, मधुमेह, कैंसर तथा कई बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मण्डल रेलवे चिकित्सालय कोटा में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद के हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ने निशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर कर्मचारियों को लाभान्वित किया। शिविर में कुल 62 कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई।

पश्चिम मध्य रेल के सभी रेल अस्पतालों एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारियों /कर्मचारियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा

## पमरे ने तीन माह में 08 फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पूर्ण

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में अधोसरंचना निर्माण कार्यो को गति प्रदान कर यात्री सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मोनेटरिंग और मुख्यालय के विभागाध्यक्षों, मंडलो के अधिकारियों के द्वारा तैयार की योजना एवं समन्वय के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के तीन माह में 08 फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पूर्ण किया हैं। अकेले जून माह में 03 फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पूर्ण किया हैं। जिसमें बरंज, गोंदवाली एवं पिंगोरा स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण पूर्ण किया गया है।

पश्चिम मध्य रेल पर कंस्ट्रक्शन, ओपन लाइन, गति शक्ति यूनिट (जीएसयू), इरकॉन, आरवीएनएल एवं अन्य कंस्ट्रक्शन विभागों द्वारा फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा हैं। जिसमें जबलपुर मंडल में बरंज, कटंगी खुर्द, मड़वास ग्राम एवं गोंदवाली स्टेशनों पर, भोपाल मंडल में रुठियाई स्टेशन पर, कोटा मंडल में रावथा रोड, रोहल खुर्द एवं पिंगोरा स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिजों का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

## एयर मार्शल संजीव घुराटिया, विशिष्ट सेवा मेडल का ओएफके का दौरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एयर मार्शल संजीव घुराटिया, विशिष्ट सेवा मेडल ने ओ एफ के जबलपुर दौरे के दौरान अस्थाई प्रभारी अधिकारी रजनीश कुमार गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। एयर मार्शल घुराटिया ने इस अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया में एयर फोर्स के लिए उत्पाद किये जा रहे आयुधों की जानकारी भी ली एवं निर्माणी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।

## शहर की मलिन बस्तियों में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश अनुसार पूरे शहर में इस समय स्वच्छता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है शुक्रवार को इसी कड़ी में शहर की मलिन बस्तियों में यह अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को समझाइए दी गई कि वह अपने आस-पास साफ-सफाई रखें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगम की स्वच्छता की टीम द्वारा संभाग क्रमांक 4 वार्ड क्रमांक 12 बैना मोहल्ला स्लम क्षेत्र में श्रमदान कर गलियों में रंगोली डालकर सजाया गया और लोगो को अपने घरों के आस-पास कचरा ना फैलाने, जबलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए कचरा पृथक्कीकरण होमकम्पोस्टिंग, कचरा नाली और रोड़ में न फेंकने के लिए कहा गया। कचरे को डोर टू डोर गाड़ी में ही डाले, सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने और अपने आस-पास साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया एवं नगर निगम के कार्यों में सहयोग करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अजय शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल वारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राधा पवार एवं स्वास्थ्य निरीक्षक बालकृष्ण उपस्थित रहे।




### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा 13 जुलाई 2023 दिन शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित किया गया है। इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि लोक अदालत में अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्माननीय करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ मिले इसके लिए निगमायुक्त प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश दिये हैं।

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुँचकर छूट का लाभ लें।

### स्थगित विशेष (बजट) बैठक 15 जुलाई को

नगर पालिक निगम की स्थगित विशेष (बजट) बैठक 15 जुलाई दिन सोमवार को प्रात: 11: 00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गयी है।

## झूलेलाल मंदिर में 40 दिनों तक होंगे विभिन्न आयोजन



# सिन्धी समाज के आस्था, श्रद्धा भक्ति का पर्व चालीसा व्रत महोत्सव का शुभारंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** चालीसा व्रत महोत्सव का 12 जुलाई से पूजन अर्चन के साथ आरंभ किया गया। स्वामी रामदास जी महाराज, स्वामी अशोकनन्द महाराज जी के आशीर्वाद से, स्वामी प्रदीप महाराज जी के द्वारा प्रात 9 बजे पूज्य बहराणा साहिब, जल ज्योति की पूजन, साथ भगवान श्री झूलेलाल जी का दुग्ध अभिषेक, आरती पल्लव के साथ मंदिर परिसर के गर्भगृह में कुंड में दीपदान किया गया।

स्वामी अशोकनन्द जी ने कहा भक्ति की कोई उम्र नही होती। चालीसा व्रत भी भक्ति का परिचारक है चालीसा व्रत भी ईश्वर से जुड़ने का माध्यम है 40 दिनों तक सिंधी समाज लोग व्रत रखेंगे। चालीसा व्रत महोत्सव 12 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन प्रात 9 बजे से 10.30 शाम 7.30 से 8 बजे तक आरती पल्लव प्राथना की जाएगी।

**जिनने पूजन अर्चन किया**- पूजन में स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदान्त शर्मा, विधायक अशोक रोहाणी, करतार सिंह भाटीजा, किशनचंद पारवानी, दिलीप तलरेजा, हरि रोहाणी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप बुधरानी, जेठानंद खत्री, गोविंद हिरानी, गोपीचंद खत्री, लकी हरियानी, विजय पंजवानी, बसंत जेसवानी, माधवदास कुंदवानी, रोशन रामचंदानी, त्रिलोक वासवानी, रमेश आहूजा, धर्मेन्द्र मंगलानी, प्रकाश आसवानी, राजकुमार कंधारी, उमेश पारवानी सभी शामिल हुए।

# फैशन के रंग दिखे संस्कृति के संग

## ड्रेस डिसप्ले शोः महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्टूडेंट्स ने दी डिजाइन कलेक्शन की प्रस्तुति

**जबलपुर, देशबन्धु।** मॉर्डन ड्रेसेज में संस्कृति का समावेश नजर आया। स्टूडेंट्स ने फैशन के रंग परिधान में शामिल किए। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में थीम प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसमें फैशन टेक्नोलॉजी विभाग की छठवें सेमेस्टर की छात्राओं ने प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत अलग-अलग थीम पर डिजाइन किए गए ड्रेसेज का डिसप्ले किया। सके लिए छात्राओं को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए फैशन विंग्स विद पॉली विंग्स की थीम प्रदान की गई थी।

**20 स्टूडेंट्स ने बनाए 150 आर्टिकल**- इस कलेक्शन में 20 छात्राओं द्वारा तकरीबन 150 ड्रेसेज तैयार किए गए। ड्रेस डिसप्ले के दौरान छात्राओं ने सोर्स ऑफ इन्सपिरेशन, कॉनसेप्ट, डिजाइन डवलपमेंट, रिसर्च, पोर्टफोलियों एवं कैटलॉग डवलपमेंट पर काम किया। जजमेंट सुचिता गाबा ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि प्रोजेक्ट वर्क में छात्राओं ने इनोवेशन दिखाया। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता मीना गुप्ता, हरिवंश त्रिपाठी, शशि विश्वकर्मा, रविकांता जैन, रेशमा साहू, स्नेह जाट, मेघना शर्मा मौजूद रहीं।

**इन्होंने दिखाया इनोवेशन**- शुभांगी जैन ने पॉप आर्ट से इंस्पायर्ड हैंड पेंटिंग कलेक्शन, अलीना. डी सिमॉन ने मॉडर्न आर्ट, विशाखा कुशवाहा ने रुद्राक्ष पैटर्न डिजाइन, अन्नपूरण सुहाने ने ताश के पत्तों की थीम पर ड्रेसेज, श्रद्धा गुप्ता ने सीप पैटर्न ड्रेस, राधा ठाकुर ने माइक्रो वर्क, इकरा इरम ने ड्रेसेज पर पंच तत्व शामिल किए, शिल्पा खैखार ने काथा वर्क और राशिको पैटर्न से डेनिम और खादी को सजाया, सौम्या रजक ने बॉडी चक्र, तारणी पटेल ने वॉटर वेब थीम, शालिनी ठाकुर के प्रजेंटेशन में मोर थीम, ज्योति चौधरी ने डिजाइनर कैप, प्रीति नामदेव ने चैस बोर्ड थीम, आशा चौधरी ने बर्ड थीम, स्वाति काछी ने फ्लावर थीम, सरिता प्रधान ने विक्टोरियन स्टाइल, सौम्या जैन ने समर कलेक्शन और तब्बसुम ने मदर डॉटर थीम पर ड्रेसेज रिप्रजेंट किए।



# या अली या हुसैन के बुलंद नारों से निकली टिपारिया

## कचहरी दरगाह में पेश की हाजरी, सदर गढ़ा रांझी मे भी निकली टिपरिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहादत के पर्व मुहर्रम की 5 तारीख को शहर के विभिन्न स्थानों से रात्रि में इशा की नमाज के बाद फूलों से सजी हुई हिंदु मुस्लिम मुजावरो की टिपारिया अक़ीदत से निकाली गई। टिपारियों के जुलूस मे बाबा साहिबान पर हाल की आमद थी । अक़ीदतमंद अपने बच्चों को लेकर बाबा साहब के सामने हाजरी पेश कर दुआएं ले रहे थे। जुलूस मे शामिल अक़ीदतमंद या अली या हुसैन का नारा बुलंद कर रहे थे। ढोल, शहनाई, बैंड बाजों के साथ निकले टिपारियों के जुलूस विभिन्न मार्गो से गश्त उपरांत हाई कोर्ट के सामने स्तिथ हजरत ख़्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलैह कचहरी वाले बाबा साहब की दरगाह पहुंचे । बाबा साहब मुराद पूरी होने की दुआ दे रहे थे। कचहरी दरगाह में रात्रि 9.30 बजे अक़ीदतमंदो का जमावड़ा शुरु हो गया था। टिपारियों के जुलूस पहुंचने पर सज्जादानशीन बाबर खा बन्दानवाजी एवं ख़ादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने परंपरानुसार बाबा साहब लोगों का इस्तक़बाल किया। इस मौके पर दरगाह शरीफ मे आकर्षक विधुत साज सज्जा की गई एवं लंगर तकसीम किया गया। बैंड बाजों पर बज रही मुहर्रम की धुनों पर अक़ीदमंदो ने नजराना पेश किया। अर्धरात्रि तक टिपारियों के जुलुस दरगाह मे हाजरी पेश करने पहुंचे।



**सिटी कोतवाली**- सिटी कोतवाली मौलाना की गली स्तिथ मरहूम शेख मुन्ना नियाज़ी व अब्दुल रऊफ बाबा के इमाम बाड़े मे भी मुहर्रम की 5 तारीख को हाजी शेख ज़मील नियाज़ी, हाजी शेख मुबीन नियाज़ी की सरपरस्ती मे मर्सिया ख्वानी का एहतेमाम किया गया। टीपारियों के जुलूस का भी इस्तक़बाल सिटी कोतवाली मे किया गया व लंगर तकसीम किया गया। शहनाई वादक मुहर्रम की धुन पेश कर रहे थे जिसमें अक़ीदतमंदो ने दिल खोलकर नजराना पेश किया। सिटी कोतवाली के सामने देर रात्रि तक टिपारियों के जुलूसों का आना जाना लगा रहा।

**उपनगरीय क्षेत्र**- छावनी क्षेत्र सदर मे रात्रि 9.30 बजे टिपारियों का जुलूस परंपरानुसार शानों शौकत से निकला। समाज सेवी अकबर खान सरवर, इनायत अली, नासिर बाबा, अशफ़ाक़ कुरैशी, एहतेशाम उस्मानी, सैय्यद मकसूद अली, मोहम्मद युसूफ ने जुलूस की कयादत की। सदर बाजार की गलियों मे गस्त उपरांत जुलूस कचहरी दरगाह पहुंचा और हाजरी पेश की। इसी प्रकार गढ़ा मे भी टिपारियों के जुलूस रात्रि 9. 30 बजे निकाले गये। मुस्लीम धर्मालम्बियों के साथ हिंदु धर्मालंबी भी जुलूस मे शामिल हुए।

## गार्डनिंग केयरः मानसून में होम गार्डन में लगाए जा रहे प्लांट, सितम्बर तक होंगे तैयार

# करेला, तौरई के रोपे बीज, मेडिसनल प्लांट से सज रही बगिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रिमझिम बारिश की फुहार पड़ते ही जहां झुलसे और मुरझाए पौधों में रौनक आ चुकी है, वहीं पेड़-पौधों में रौनक आ गए। नई-नई कोमल पत्तियों से हर छोटे-बड़े पेड़ पौधे गुलजार हो गए हैं। पानी मिलते ही फूलों की कलियां भी खिलने को आतुर हैं। ऐसा अनुकूल और सुहाना मौसम नए पौधों को लगाने के लिए भी उपयुक्त है। यही वजह है कि शहर में बारिश की शुरुआत होते ही गार्डनिंग के शौकीन लोग नर्सरियों में पहुंचकर मनपसंद पौधों की खरीदारी करने में लग गए हैं। शहर की नर्सरियां भी तैयार हैं मेडिसनल, शो प्लांट से लेकर बारिश में लगने वाले फूलों के पौधों के साथ। घरों में भी महिलाएं इन दिनों मेडिसनल प्लांट लगा रहीं हैं।



**नीम, आंवला और सतावर**- बारिश आते ही घरों में आंवला, नीम, केला, आमा हल्दी, असगंध, मुलहठी, तुलसी, सतावर, कालमेघ के पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही गमलों की ऐसी व्यवस्था भी की जा रही है, जिसमें ज्यादा पानी भरने के कारण सड़न ना हो। कीर्ति जोशी का कहना है कि उन्होंने घर में आंवले और मुलहठी के पौधे लगाए हैं, ताकि ठंड में यह काम आ सके।

**फलदार पौधों की अधिकता**- गार्डनिंग लवर्स द्वारा मेडिसनल प्लांट्स के साथ-साथ फलदार पौधों का रोपण भी किया जा रहा है। इसमें अमरूद, मौसम्बी, नींबू, आम, चीकू, केले के पौधे भी लगा रहे हैं। सिटी लेडीज का कहना है कि इन्हें पहले गमलों में तैयार किया जा रहा है, ताकि पौधों को मजबूती मिलने के बाद इन्हें जमीन में शिफ्ट किया जा सके। इसके लिए लोग ऑर्गेनिक खाद का इस्तेमाल भी कर रहे हैं।

**इनके लगा रहे पौधे**

- फलदार के साथ गौरीचौरा, बोगनविलिया, जायसोन, मोगरा, गंधराज, जूही, चंपा, चमेली, गुलमोहर
- बेल वाले पौधों में गोल्डन शावर
- गुलाब लगाने का बेहतर समय होने के कारण अधिक किस्में लगा रहे हैं।
- लिलि, रजनीगंधा में बारिश में ही तैयार किए जा रहे हैं।

**पॉलीबैग में प्लांटेशन कल्चर**- शहर में किचन गार्डन का भी काफी क्रेज है। बारिश में होने वाली सब्जियों के बीजों को पॉलीबैग में तैयार करके उन्हें बड़े गमलों या जमीन में सुविधानुसार लगाया जा रहा है। गार्डन लवर्स का कहना है कि इस समय लगने वाली सब्जियों में कद्दू, लौकी, तोरई, गिलकी, ककड़ी, करेला अधिक लगाया जा रहा है। प्रीति ठाकुर का कहना है कि पौधों के लिए बारिश का पानी अमृत समान होता है, इसलिए इनमें गार्डनिंग का अच्छा ध्यान रखना सालभर पौधों की सेहत बनाकर रखता है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 13 जुलाई 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र- ।**

**मेष** कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है।

**वृषभ** आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

`क-578-400

**कर्क** अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह** आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें।

**कन्या** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला** झआज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। शुरुआत में धन और कीर्ति की हानि होगी।

**मकर** जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे।

**कुंभ** अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन** आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपर्वक गजरेगा।

म.230-345

1,3,4,8,10,31,42,83,75,27,44,88

# पोस्टर में संजोया पेपर बैग का महत्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण की ओर सार्थक कदम बढ़ाते हुए होमसाइंस कॉलेज में वर्ल्ड पेपर बैग डे के दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मानव विकास विभाग की छात्राओं ने किया गया। इस दौरान जहां पेपर बैग के फायदे बताए गए, वहीं पर्यावरण के लिए इसकी उपयोगिता समझाई गई। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटिशन में पेपर बैग का महत्व समझाया। इसके साथ ही पेपर बैग का निर्माण भी किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा आर्या, श्रुति सिंह, माधुरी खांडेलकर मौजूद रहीं।

# छात्राओं ने जाने पर्यटन क्षेत्र में कॅरियर अवसर

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में मप्र पर्यटन विभाग के तत्वावधान में छात्राओं के लिए पर्यटन के क्षेत्र में कॅरियर अवसर विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. उज्ज्वला खारपाटे, विशिष्ट अतिथि डॉ. विधि जैन, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, जेएटीसीसी की जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर, बायपास संस्थान से आनंदिता ठाकुर मौजूद रहीं। कार्यक्रकम में सिटी गाइड का एक माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्राओं ने जनसंख्या वृद्धि और नुकसान पर प्रतिक्रिया दी।



# बोट रिगिंग में दिखाया हुनर, तैयार किया मॉडल



**जबलपुर, देशबन्धु।** 2एमपी नेवल यूनिट के तत्वावधान में एनएससी आईजीसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 144 कैडेट्स में से 36 कैडेट्स को आगामी ऑल इंडिया कैम्प के लिए चयनित किया जाएगा। शिविर में कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर पी आयुषि, डिप्टी कैम्प कमांडेंट मेजर एके यादव, एनसीसी डायरेक्ट्रेट से एडी ट्रेनिंग ले. कर्नल रितेश राय, रायपुर ग्रुप से ले. कर्नल प्रदीप कुमार, भोपाल ग्रुप से ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग एवं ग्वालियर ग्रुप से ले. कमाण्डर अखिल शर्मा का सहयोग मिल रहा है। शिविर में कैडेट्स के लिए बोट रिगिंग प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें विभिन्न ग्रुप के आए कैडेट्स ने टीम वर्क के द्वारा बोट मॉडल तैयार किया। कैम्प में एसोसिएटस एनसीसी अधिकारी कैम्प एडजुटेंट सब ले. नितिन गीते, सब ले. अनिल कुमार रामटेके, सब ले. नरोत्तम निर्मल, चीफ पेटी ऑफिसर जगदेव सिंह, हवलदार ध्रुवा थापा, राकेश गुप्ता पेटी ऑफिसर सुमित रहंगडाले, बीएस नेगी, एल लॉग अंकुश त्रिपाठी, हर्षदीप यादव मौजूद थे।

# गीत का हुआ विमोचन, कलाकारों का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** संग्रहालय जबलपुर. मध्यप्रदेश कलाकार एसोसिएशन के तत्वावधान में रानी दुर्गावती कलावीथिका में गीत विमोचन और सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मोहन विश्वकर्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाना प्रार्थना से हुई। द्वितीय चरण में लोक गायक रुद्रदत्त दुबे, दीन भगत, कृष्णा नायडू, अनीता यादव, संगीतकार परशुराम पटेल, समर सिंह ठाकुर का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में अपने संगठन का काय तुम्हें ख्याल नईया गीत का विमोचन किया गया। इस मौके पर बुंदेली गायक गोलू अहिरवार, गायक गिरीश विश्वकर्मा, पूजा जैन, सुषमा केशरवानी, हरीश भारती, ललित मिश्रा, बहादुर सिंह बिद, जितेन्द्र नामदेव, बृजेश सेन, दशरथ, रमन पटेल, प्रियंका ठाकुर, अल्पना राजपूत, कोषाध्यक्ष माला यादव, कल्पना सेन, प्रदेश सचिव अनिल प्रजापति मौजूद थे।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**रीता देवी का निधन** संजीवनी नगर 90 क वार्टर निवासी रीता देवी पति स्वर्गीय के शव सिंह का निधन हो गया है। आप रीतेश सिह की माता श्री थी। उनके निज निवास से आज सुबह दस बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिये अंतिम यात्रा रवाना होगी।



**श्री द्वारिका नाथ चौधरी**- तिघरा खमरिया निवासी श्री द्वारिका नाथ चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीलम कोहली**- गोरखपुर निवासी श्री विनोद कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम कोहली (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दीपा गुप्ता**- संजीवनी नगर निवासी श्री राजेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा गुप्ता (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चेतन दास**- जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री चेतन दास (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोजनी मिश्रा**- शारदा कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रामशंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोजनी मिश्रा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर खटीक**- खटीक मोहल्ला सिंधी कैंप निवासी श्री गौरी शंकर खटीक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल सेन**- ग्राम पंचायत तिगरी खमरिया निवासी श्री सुंदर लाल सेन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललता बाई अहिरवार**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री अक्षय लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीएल रैकवार**- मड़ई बिलपुरा निवासी श्री जीएल रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपेश करोसिया**- चंडालभाटा हरिजन बस्ती दमोहनाका निवासी श्री रंगीलाल करोसिया के पुत्र श्री रूपेश करोसिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शरद कुमार पटेल**- अधारताल निवासी श्री शरद कुमार पटेल (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन गुप्ता**- लार्डगंज कछियाना निवासी श्री किशन गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# स्कूल प्रबंधन से संबंधित व्यक्तियों व पुस्तक विक्रेताओं को जमानत नहीं

## सिर्फ तीन प्राचार्यों को मिली राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** फर्जी आईएसबीएन पुस्तक तथा मनमानी फीस वृद्धि के मामले में स्कूल प्रबंधन से संबंधित व्यक्तियों तथा पुस्तक विक्रेताओं की जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज कर दी है। हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी की एकलपीठ ने सिर्फ आठ प्राचार्य को जमानत का लाभ दिया है। जिसमें से पांच प्राचार्य के खिलाफ दो प्रकरण दर्ज थे। हाईकोर्ट ने उन्हें प्राचार्य होने के कारण जमानत का लाभ प्रदान किया है। दूसरे स्कूल की प्रबंधन समिति के सदस्य होने के कारण उनकी दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है।

गौरतलब है कि शहर के 9 थानान्तर्गत 11 प्रकरण दर्ज किये गये थे। जिसमें स्कूल के प्रबंधकएप्राचार्य तथा पुस्तक विक्रेताओं सहित 81 व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपियों की वास्तविक संख्या 51 थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये 27 आरोपियों ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थी। इसके अलावा कार्यवाही के खिलाफ चार स्कूलों ने रिट याचिका भी दायर की थी। सभी याचिकाओं की सुनवाई संयुक्त रूप से की गयी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि वह प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। वह कर्मचारी है और नीतियां का निर्धारण प्रबंधन करता है। पूरे प्रकरण में उनकी कोई भूमिका नहीं है। कर्मचारी होने के बावजूद भी पुलिस ने उनके खिलाफ



प्रकरण दर्ज कर लिया। मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 में अधिक फीस वृद्धि के मामले में जुर्माने का प्रावधान है। आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का कोई प्रावधान नहीं ळें गिरफ्तार किये गये पुस्तक विक्रेताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि पब्लिशर ने पुस्तकों की सप्लाई की थी। पब्लिशर की तरफ से सप्लाई की गयी पुस्तकों को बेचते थे। पुस्तकों के फर्जी आईएसबीएन नम्बर के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।

सरकार की तरफ से जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा गया कि स्कूल प्रबंधन तथा पुस्तक विक्रेता मिली भगत कर एक्सपर्ट कमेटी के अनुमोदन के बिना प्रतिवर्ष पाठ्यक्रम में बदलाव कर देते थे। फर्जी आईएसबीएन का नम्बर का उपयोग कर पुस्तकों का प्रकाशन करवाया जाता था। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन के द्वारा अपनी ऑडिट रिपोर्ट में भी फर्जीवाड़ा किया गया है। पुलिस ने कुछ पब्लिशर के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण की जांच जारी है और अभियुक्तों को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिये। एकलपीठ ने बुधवार को दायर चारों रिट याचिका पर दो सप्ताह बाद सुनवाई निर्धारित करते हुए जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने शुक्रवार को जारी उक्त आदेश पारित किया।

## जीआरपी लाइन के पास वारदात

# शराब के लिये रुपये न देने पर मारा चाकू

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रांतर्गत जीआरपी लाइन पहलवान बाबा के समीप शाम को अपनी मॉ के साथ सब्जी खरीदने गए एक युवक को तीन असामाजिक तत्वों ने रोक लिया और शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगे। युवक के रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के दोनों पैरों की जांघ व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आ गई।



पुलिस ने बताया कि जेल लाईन न्यू बिल्डिंग निवासी 24 वर्षीय अमित कुमार राम बीती शाम अपनी मॉ धरमावती देवी के साथ पैदल सब्जी खरीदने जा रहा था। जैसे ही मॉ.बेटे पहलवान बाबा जीआरपी लाईन के पास पहुंचेए उसी समय मोटर साइकिल में विपिन चौधरी उर्फ डाक्टरए सत्यम कुचबंधियाए तनिष्क जायसवाल वहां पहुंच गये। जिन्होंने अमित कुमार से शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने शुरु कर दिये। अमित के इंकार करने पर विपिन ने गाली गलौज करते हुए चाकू से अमित पर हमला कर दिया। विपिन के साथी सत्यम कुचबंधिया व तनिष्क जयसवाल ने हाथए डंडे से मारपीट करते हुए अमित को बुरी तरह घायल कर दिया। अमित की मॉ के चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# किराये डालने के नाम पर उडा दिये खाते से एक लाख

**जबलपुर,देशबन्धु।** खुद के आर्मी जवान बताते हुए युवक ने खाते में मकान किराये का एडवांस डालने के कारण पर खाते से एक लाख रूपये पार कर दिये। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। सिविल लाईन थाने से प्राप्त जानकानी के अनुसार नवीन कुमार श्रीवास्तव उम्र 57 वर्ष दत्त ड्युप्लेक्स पचपेढ़ी ने लिखित षिकायत में बातया था कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। जिसने अपना नाम दीपक पवार बजरंग बताया आसाम रायफल्स में नायब सूबेदार पदस्थ होना बातया था। उसने दिल्ली ट्रान्सफर होने की बात कहते हुए नोएडा वाले मकान किराये पर लेने की बात गयी थी। दोनों के बीच 20 हजार रुपये किराया तथा 11 महीने एग्रीमेंट की बात तय हुई थी। उसने मुझसे कहा कि एकाउंट में किराया भेज रहा हुँ बरना उसका एच आर ए ब्लॉक हो जायेगा। इस प्रकार उसने मुझे फोन पर बातो में उलझा लिया और मेरे गूगल पे से तीन बार में एक लाख रुपये उड़ा लिये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।




# मुक्तिधाम के चारों ओर खुले पड़े हैं मौत के कई मुहाने

## कलेक्टर कार्यवाही कर जवाब दें: आयोग

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले के बरने नदी किनारे स्थित ग्राम कटरा में रेत की अवैध खदान में हुए हादसे के बाद भी प्रशासन अब तक नहीं चेता है। जिस खदान में हादसा हुआ, उसे और उससे लगीं कुछ खदानों को तो दूसरे-तीसरे दिन मिट्टी व मुरुम आदि डाल कर बंद करा दिया गया लेकिन रमखिरिया पुल से लेकर कटरा और उससे आगे देवरी तक कदम-कदम पर खोद दी गई रेत में की अवैध खदानों को बंद नहीं कराया गया है। सबसे खतरनाक स्थिति कटरा से सटे देवरी गांव में है जहां बरने नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम और इसके करीब आधा किलोमीटर के हिस्से में 50 से अधिक मौत की खाइयां खुदी पड़ी हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर वर्षाकाल में अधिक जोखिमपूर्ण स्थिति आवश्यक सुरक्षा उपायों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।




# बस की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत,तीन घायल

## सिहोरा के ग्राम पौड़ा में हुआ हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थानातंर्गत ग्राम पौड़ा मेन रोड पर बीती देर रात बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल को टक्कर मार दी।



इस घटना में बाईक चालक की मौत हो गयी तथा महिलाएबच्ची सहित तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए अस्ताल तथा मृतक की लाष को पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सिहोरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत उर्फ राजा गोटियाए केश कुमार भूमियाए मालती भूमिया एवं छोटा भैया उम्र 02 वर्ष मोटर सायकल एमपी 20 जेड के 1837 हीरो स्पेलेण्डर में सवार होकर ग्राम जुझारी उमरिया खदिया मोहल्ल जा रहे थे। रात लगभग 11 बजे जैसे ही ग्राम पौड़ा के पास मेन रौड मुस्कान बेल्डिंग वर्क्स की दुकान के सामने पहुँचेए वैसे ही बस क्रमांक एमपी 53 पी 0411 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल में सवार सभी लोग गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आई थी। घायलों को राहगीरों ने एम्बुलेंस से सिहोरा अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद अजीत को मृत घोषित कर दिया। केश कुमारए मालती भूमियाए बच्चा छोटा भैया को गंभीर चोट होने के कारण उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।

# किशोरी व महिला के साथ दुराचार

## ग्वारीघाट तथा बेलबाग की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** रिश्ते को तार.तार करने वाली घटना बेलबाग थानान्तर्गत सामने आई है। महिला अपने करीबी के घर बेटी को विश्वास के साथ छोड़कर गयी थी। जिस परिवार पर विश्वास किया उसी के एक सदस्य ने किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। इसी तरह घर में घुसकर एक महिला के साथ दुराचार करने की घटना सामने आई है।

बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिग लडक़ी को जून माह में उसकी मां प्रेमसागर में रहने वाले एक करीबी के घर में छोडक़र शहर से बाहर गई थी। दोनों परिवारों में अच्छा संबंध थेएइसलिए महिला बेटी को विष्वास के साथ छोडकर गयी थी। उस परिवार के विवेक गुप्ता ने डरा.धमकाकर 28 और 29 जून को उसका रेप किया। हनुमानताल थाने ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज केस डायरी को विवेचना के लिए बेलबाग थाने भेजा था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी के साथ तलाश प्रारंभ कर दी है। ग्वारीघाट थाना में पीडित महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कि गुरुवार को वह घर में अकेली थी। तभी क्षेत्र में रहने वाला श्याम सुंदर अग्रवाल घर में आया और उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# करंट से झुलसे किसान की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** खेत में काम करने के दौरान किसान को करंट लग गया था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। किसान की उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। बरेला थाना अंतर्गत ग्राम सलैया में खेत में काम करते समय करंट से झुलसे एक किसान की उपचार दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सलैया निवासी 50 वर्षीय सुखराम लोधी को 10 जुलाई को खेत में काम करते समय करंट लग गया थाए जिससे वह बुरी तरह झुलस गया था। जिसे उसके पुत्र अजय लोधी ने उपचार के लिये शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

# जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** जहरीली वस्तु खाने के कारण युवक को उपचार के के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले के ग्राम बिलहरी निवासी 23 वर्षीय शुभम राय ने बीती रात जबलपुर के गोल बाजार क्षेत्र में जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गयाए जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची लार्डगंज पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# जलने से महिला की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** जलने के कारण महिला को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान महिला ने दम तोड दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम पर लाष को पोस्टर्माअम के लिए भिजवा दिया। अधारताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलाल हरगोविंद अस्पताल से सूचना मिली कि श्रीमती सरोजनी मिश्रा उम्र 75 वर्ष निवासी आनंद नगर अधारताल को 70 प्रतिशत जलने के कारण उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# मोटर साइकिल की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मोटर साइकिल में टक्कर के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए एम एच भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

भेडाघाट पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीरज उपाध्याय उम्र 35 वर्ष की मोटर साइकिल को गोपालपुर के बुलेट क्रमांक एमपी 20 एम वाई 2867 के चालक ने तेज गति लापरवाही हुए टक्कर मार दी थी। जिसके कारण नीरज को माथा, सीना हाथ पैर में गंभीर चोटें आई थी। जिसे उपचार के लिए एम एच हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान युवक ने दम तोड दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर लाष को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# डीजे पर नाचने के विवाद पर चले चाकू

## दुल्हे का भाई सहित तीन घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थाना क्षेत्र में डीजे पर नाच के दौरान गाना बचाने की बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना में दूल्हा का भाई सहित तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन कछवाहा निवासी ग्राम भीकमपुर जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गत रात में करीब 9ए30 बजे के आसपास बारात लग रही थी। डीजे में बाराती नाच रहे थेए तभी गाना को लेकर बारात में शामिल लडक़ों को डीजे ऑपरेट करने वाले से विवाद हो गया। बड़े.बुजुर्गों की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया और बारातए मैरिज गार्डन तक पहुंच गई। रात में खाना खाने के बाद बारात में शामिल लडक़े बस में सोने के लिए चले गएए तभी एकाएक 8 से 10 लडक़े चाकू लेकर आए और उन्होंने चंद घंटे पहले हुए विवाद को लेकर हमला कर दिया। हमले में शिवम कछवाहाए शुभम कछवाहा और शुभम कछवाहा को चोट पहुंची। डायल.100 से मिली सूचना के बाद तिलवारा पुलिस मौके पर पहुंची। हमले में गंभीर रूप से घायल 3 युवकों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।



# मूर्तियों से छेड़खानी आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्र के गौरैयाघाट स्थित प्रतिष्ठित श्रीराम जानकी मंदिर में स्थापित भागवान की मूर्तियों को तोडऩे का प्रयास एवं विराजमान स्थान से प्रतिमाओं को हटाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरैयाघाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में सुबह करीब 5 बजे पूजन के लिए पहुंचे स्थानीय लोगों देखा कि मंदिर के अंदर विराजित भगवान की मूर्तियां अपने स्थान से हटकर नीचे पड़ी हुई हैं। पूजन सामग्री के दीवारों में भगवान की फोटो को तोडऩे की प्रयास करते हुए जमीन पर फेंका गया है। श्रृद्धालुओं की सूचना पर केंट विधायक, जेएमसी अध्यक्ष, एएसपी थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने गुस्साए लोगों को भरोसा दिलाया कि मंदिर में भगवान की मूर्तियों से छेड़खानी करने वाले को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें रात 3:37 बजे एक युवक मंदिर के अंदर जाता हुआ दिख रहा है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर युवक की सरगर्मी से शुरू की। जिसके बाद आरोपी को बनारस सारनाथ निवासी संतोष रॉय पिता सोमनाथ रॉय को गिरफ्तार कर लिया।



## सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले

# हत्यारे को आजीवन कारावास

## अदालत ने जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला अदालत के न्यायाधीश अरुण प्रताप सिंह की अदालत ने एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र बर्मन को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व डेढ़ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत के समक्ष मामले में विशेष लोक अभियोजक अजय कुमार जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि 20 अगस्त 2022 को दुर्गा नगर भटौली निवासी 40 वर्षीय धर्मेन्द्र बर्मन ने 58 वर्षीय प्रीतम रैकवार को पुरानी रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला किया था। जिससे प्रीतम को गले, सीने व पेट में गंभीर चोटे आई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। ग्वारीघाट पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी धर्मेन्द्र को उक्त सजा सुनाई।



# करंट लगने से हुई थी शंकर की मौत

## पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मानसिक रूप से कमजोर शंकर की मौत करंट लगने के कारण हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

सिहोरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को ग्राम रौसरा की भटिया में भटिया में टंज लाईन शंकर सिंह गोंड़ की लाष मिली थी। वह मानसिक रूप से कमजोर है जो अधिकतर अपने से छोटे बच्चों के साथ खेलता रहता था और कभी भी कहीं चला जाता था। युवक 8 फरवरी को लगभग 7 बजे घर से गांव के 14 एवं 13 वर्षिय लडकों के साथ घूमने के लिये निकला था। जो भूरा गोंड़ के घर से बाटल में पानी लेकर लेटिंञा करने के लिये सिद्ध महाराज की भटिया तरफ निकला गया था जो वापस नहीं आया था। जिसकी तलाश आसपड़ौस रिश्तेदारी में करते रहे। परिजनों ने 14 फरवरी को उनके लापता होने की रिपोर्ट मझौली में दर्ज कराई थी। अगले दिन युवक का षव रौसरा खोय की भटिया में टंच लाईन के गड्डे में पड़ा था । भाई को काले रंग की टीशर्ट एवं नीले रंग का जींस तथा जूतों से पहचान लिया है। पुलिस नेदसूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में परीक्षणकर्ता डाक्टर द्वारा स्किन की परीक्षण रिपोर्ट में इलेक्ट्रो क्यूजन बर्न लेख किया गया है । पुलिस ने जांच में पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगली जानवरों का शिकार करने के लिये बिजली का तार लगाया जाना जिससे शंकर सिंह गोंड़ की बिजली का करंट लगने से मृत्यु हो जाना तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा साक्ष्य विलोपित करने की नियत से घटनास्थल के पास विधुत तार को हटा दिया जाना पाये जाने पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 304, 201 भादवि का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# चाची की कर दी डंडे से धुनाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** चाची द्वारा विरोध किये जाने पर भतीजे ने डंडे से उसकी धुनाई कर दी। पुलिस ने घायल महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।



मझगवां पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में श्रीमती राजकुमारी ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नुंजी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति राजकुमार काम करने कटनी गये है। आज सुवह लगभग अपने घर में थी उसका जेठ का लड़का अंकुश ठाकुर ने बाड़ी में जरवा रख दिया था उसने कहा कि जरवा क्यों रख दिया है तो अंकुश बोला ठीक रख दिया है कहकर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लाठी से हमलाकर हाथ पैर जांघ में चोट पहुँचा मारपीट कर अंकुश ठाकुर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115, 351(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ओवर लोड भूसे से भरा स्वराज माजदा पलटा

## बाल-बाल बचे ड्राइवर व कांटेक्टर

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत आने वाले गुरुपिपरिया गांव के समीप नायरा पेट्रोल पम्प के पास भूसे से भरी ओवर लोड डबल टायरी स्वराज माजदा के पलटने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जुलाई की दोपहर 2-3 बजे के आस पास स्वराज माजदा क्रमांक डीएल-01 एलपी 2358 जिसमें तय मात्रा से अधिक भूसा भरा था। चालक की लापरवाही के चलते गुरुपिपरिया के समीप नायरा पेट्रोल पम्प के सामने समतल साईड पट्टी पर उक्त वाहन पलट गया गनीमत रही घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया यदि यही हादसा नगर के नाका नम्बर दो से लेकर कृषि उपज मंडी के आस पास हुआ है तो कोई गंभीर घटना घटित हो सकती थी।



**आए दिन होने वाले सड़क हादसों पर पुलिस प्रशासन मौन-** बताया जा रहा है की पाटन पुलिस यातायात व्यवस्था एवं बिना नम्बर और ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही करने से कतराती है पुलिस थाने के सामने से ही रोजाना सैकड़ों बिना नम्बर के हाईवा, ओवर लोड ट्रक, ठूस ठूस के भरी लेबर वाली कमर्शियल वाहनों पर पाटन पुलिस कार्यवाही नहीं करती है। जबकि ऐसे वाहनों से आए दिन घटना घटित होने का अंदेशा बना रहता है। कई कई बार तो घटना घटित होने के बाद बिना नम्बर के हाईवा का पता ही नही चलता और अज्ञात वाहन का प्रकरण पुलिस विभाग की फाइलों में दम तोड़ देता है वही फरयादी थाने के चक्कर काटने मजबूर हो जाता है। पुलिस को चाहिए की थाने के सामने से गुजरने वाले बिना नम्बर के हाईवा, लेवर से भरी गाड़िया एवं ओवर लोड ट्रक पर सक्त कार्यवाही करे जिससे आम नागरिक सुरक्षित होकर सड़को पर आवागमन कर सके।

# दलालों का अड्डा बना जिला चिकित्सालय मंडला का ब्लड बैंक

**मण्डला, देशबन्धु।** ब्लड बैंक एक ऐसा संगठन होता है जो ब्लड डोनेशन से बिना किसी शुल्क के ब्लड को गरीब, असमर्थ और अन्य आवश्यकताओं के लिए प्रदान करता है। यह ब्लड के सुरक्षित और स्थायी स्तर के उपयोग के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में भी उपयुक्त ब्लड सप्लाई प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ब्लड बैंक द्वारा विशेष रूप से उन लोगों को लक्षित किया जाता है जिनको अत्यधिक जरूरत होती है, जैसे कि चिकित्सा विचाराधीनता दुर्घटना या सर्जरी के बाद। लेकिन मंडला ब्लड बैंक में तो इसका उल्टा ही देखने मिलता है यहां पर जरूरतमंद को ब्लड मिलने की बजाय उसे ब्लड बेचा जा रहा है और यह काम यहां पर सक्रिय दलालों के द्वारा किया जा रहा है।

बताया गया कि भूल सिंह मसराम निवासी उमरिया विकासखंड मोहगांव जिनका बच्चा जिला अस्पताल मे भर्ती था उस को ब्लड की जरूरत थी अपने बच्चों के लिए तो पहली बार तो उसे निशुल्क ब्लड प्राप्त हुआ। भूल सिंह का कहना है कि मेरे बच्चे को फिर से खून कीं जरूरत पड़ी तब मै ब्लड बेंक के अंदर जा ही रहा था उसी वक्त एक व्यक्ति मुझे मिला और कहा कीं आपको खून कीं जरूरत हैं.. मेरी मजबूरी थी जिसकी वजह से मुझे 3400 रुपये नगद देकर ब्लड खरीदना पड़ा।



जिसकी शिकायत मेरे द्वारा थाना कोतवाली मंडला में एवं सिविल सर्जन मंडला को की गई है जिस पर आनन फानन मै मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ब्लड बैंक कीं अनुबंधित सूर्या फर्म कीं और आउट सोर्स कर्मचारियों कीं सेवा समाप्त कीं गई और नियमित लेब टेक्नीशियन, संविदा लेब टेक्नीशियन को 24 घंटों मे जवाब मांगा गया हैं। इस पर अब क्या कार्रवाई होती है पर इस तरह से ब्लड बैंक का संचालन होना घोर निंदनीय है जिस पर शासन प्रशासन का ध्यान नहीं जाता। ऐसी स्थितियाँ असंगत हैं और न केवल नैतिकता के खिलाफ हैं बल्कि कानूनी भी। ब्लड डोनेशन एक नि:शुल्क सेवा है जिसमें डोनरों का ब्लड अनावश्यक व्यापारिक ग्राहकों के लिए नहीं होना चाहिए।

## सार-समाचार

### बारिश से बचने पेड़ के नीचे खड़े पति-पत्नी पर गिरी बिजली, मौत

**जबेरा, देशबन्धु।** गरज-चमक के साथ बारिश हो रही तो पेड़ के नीचे खड़ा होना नहीं चाहिए। यह जानलेवा साबित हो सकता है। दमोह में ऐसी ही एक घटना हुई है, बारिश से बचने के लिए महुआ के पेड़ के नीचे खड़े बुजुर्ग दंपती आकाशीय बिजली के शिकार हो गए। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है।

मामला दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के हरदुआ-मानगढ़ गांव का है। खेत से लौट रहे बुजुर्ग दंपती पर आकाशीय बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई। बारिश से बचने के लिए यह लोग महुआ के पेड़ के नीचे खड़े थे। उसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। पहाड़ी पिता लल्लू आदिवासी, 56 वर्ष, और उनकी पत्नी प्रेम रानी, 50 वर्ष, और टिक्कू आदिवासी, 28 वर्ष, पर गुरुवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पहाड़ी आदिवासी को डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी प्रेम रानी की इलाज के दौरान मौत हो गई। टिक्कू आदिवासी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार सुबह पति-पत्नी के शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम के लिए बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव पहुंचे और शव परिजनों को सौंप दिए। दंपती की मौत होने से गांव में सन्नाटा पसरा है। परिजनों में मातम छाया है। बारिश के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने के संभावित खतरे से बचाव और सतर्कता के लिए शासन-प्रशासन की ओर से निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आकाशीय बिजली गिरने के संभावित खतरे से सतर्क नहीं हैं। बारिश के साथ तेज गरज-चमक के खराब मौसम में पेड़ों के नीचे खड़े होने से आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बढ़ जाता है। इस तरह की घटनाओं के लोग शिकार हो रहे हैं।

### मेहेर बाबा की जमीन से हजारों आम के वृक्षों की बिना अनुमति कटाई

**मण्डला, देशबन्धु।** मंडला जिला मुख्यालय ग्राम पंचायत देवदरा में लगभग 23 एकड़ भूमि पर लाखों की तादात में फलदार आम के वृक्ष अब सैकड़ों में बच गए हैं।जिसके पीछे भू माफियाओं का हाथ कब होगा खत्म। अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाते हुए खाली जमीन पर वृक्षारोपण कराने के साथ उचित जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते मंडला के एक सामाजिक संस्था ने 12 जुलाई 2024 को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा है। निर्मल नर्मदा पर्यावरण संरक्षण समिति के नगर अध्यक्ष रोबिन (विकास)पाठक ने बताया, कि जिला मुख्यालय से सटी हुई ग्राम पंचायत देवदरा स्थित लखराम बगीचा जो कि गोंडवाना कालीन के समय से फलदार वृक्षों से सुसज्जित था परन्तु कुछ वर्षों से लखराम बगीचा को लगातार समाप्त किए जाने का सिलसिला सार्वजनिक भूमि को हड़पने वालों के द्वारा जोरों से चल रहा है। जबकि जानकारी के अनुसार फलदार वृक्षों को काटने की कोई अनुमति जिला प्रशासन से नहीं ली गई है। मेहर बाबा कुटी के आसपास लगभग 23 एकड़ की भूमि में कभी लाखों आम के फलदार वृक्ष हुआ करते थे जिस कारण इस क्षेत्र का नाम लखराम बगीचा पड़ा, परन्तु देखते ही देखते यहां पर अवैध कालोनियां एवं निजी मकान बन गये हैं। यहां तक कि बगीचे की जमीन की बिक्री भी महाराजपुर स्थित चौधरी बाड़े के किसी रोब दाब वाले व्यक्ति के द्वारा बेरोकटोक चल रहा है। जिससे इस क्षेत्र की जनता और मेहर बाबा ट्रस्ट को पर्यावरणीय नुकसान पहुंचाया जा रहा है।जिसका जिला प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया है, कि ऐसे फलदार वृक्षों से सुसज्जित बगीचे को उजाड़ने वाले लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जावे। ज्ञापन के दौरान विकास पाठक, आदिवासी नेता वरिष्ठ समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह सिरश्याम, प्रमोद नरेटी, शिवकुमार विश्वकर्मा, सुखदेव मरकाम, आशीष चौधरी, प्रदीप शर्मा सहित तमाम संगठन के एवं अन्य संगठनों के समाज सेवी उपस्थित रहे।

### तेज बारिश से दमोह पानी-पानी, घरों-दुकानों में जलभराव

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में गुरुवार दोपहर तीन घंटे की बारिश से चारों ओर पानी ही पानी दिखाई देने लगा। किसी के मकान तो किसी की दुकान के अंदर ऐसा पानी भरा कि उसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि इस बारिश में मौसम में ठंडक जरूर आ गई। अभी तक 200 एमएम बारिश हो चुकी है। दोपहर में हुई झमाझम बारिश से शहर के अंदर कई जगह जल भराव के हालात देखे गए। करीब एक फीट पानी सड़कों पर भर गया। दो दिन की उमस के बाद जिस प्रकार से तेज बारिश हुई है उससे लोगों को काफी राहत मिली है। बुधवार को पूरे दिन धूप निकलने से तेज उमस और गर्मी इतनी अधिक थी की कूलर भी काम नहीं कर रहे थे। लगातार लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार की सुबह भी तेज धूप निकली थी, लेकिन दोपहर होते ही जिस प्रकार से बारिश हुई और लगातार तीन घंटे तक एक सी रफ्तार से पानी गिरता रहा।

# महाविद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक स्व. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण समारोह महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्व. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल के पुत्र श्री उधवजी अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी श्री मति वीना अग्रवाल उपस्थित थे और साथ में स्वर्गीय श्याम सुंदर अग्रवाल जी के समस्त परिवार की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने की। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन उधवजी अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और राजा मोर, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.के. चपरा, पूर्व प्राध्यापक डॉ चितरंजन घोष, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. अरुणा पाण्डेय और सेवानिवृत लाइब्रेरियन वीना जैन और सिहोरा तहसील के अनुविभागीय अधिकारी श्री रूपेश सिंघई की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

महाविद्यालय की स्थापना 1957 में ज्ञानोदय शिक्षा समिति के संचालक स्वर्गीय श्याम सुंदर अग्रवाल जी के द्वारा एक निजी उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में की गई थी। बाद में 1967 में सरकार द्वारा अधिगृहीत किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्गीय श्री अग्रवाल जी की दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति समर्पण एवम् योगदान के चिर स्मरण एवम् सम्मान हेतु इस प्रतिमा की स्थापना महाविद्यालय परिसर में नए सिरे से की जा रही है। सिहोरा के लिए उनका अवदान, उन्हें महामना मदन मोहन मालवीय के तुल्य खड़ा करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और स्व. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल के योगदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की आई. क्यू. ए. सी. संयोजक डॉ. सुनु आर. के मैथ्यू ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्गीय श्री श्याम सुंदर अग्रवाल जी के योगदान को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया। महाविद्यालय ने स्वर्गीय श्याम सुंदर अग्रवाल की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री मति रामदुलारी के नाम पर महाविद्यालय के मुख्य भवन का नामकरण करने की घोषणा भी को गई। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय समस्त आयोजन समिति और प्राध्यापकों, कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# लग्जरी कार से पकड़ी साढ़े चार लाख की शराब

**दमोह, देशबन्धु।** जिले की तेंदूखेड़ा पुलिस ने एक लग्जरी कार से साढ़े चार लाख की अवैध शराब बरामद की है और कार को जब्त किया है। शराब तस्कर पुलिस को देख भागने में कामयाब हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। बड़ी बात यह है की शराब तस्करों ने अब लग्जरी कार में अवैध शराब का तेंदूखेड़ा टीआई फेमीदा खान को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लग्जरी कार में दमोह से तेंदूखेड़ा की ओर अवेध शराब लाई जा रही है। पुलिस पांजी पिंडरई गांव के आगे घेराबंदी कर खड़ी हो गई। जैसे ही कार वहां पहुंची पुलिस ने कार को निजाम देवरी मार्ग पर पकड़ लिया। पुलिस को देख वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 11 पेटी अवेध शराब भरी थी।

# सड़क पर मिले पति-पत्नी के शव, धारदार हथियार से हत्या

## उगली थाना क्षेत्र की घटना

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी के उगदीवाड़ा गांव में रहने वाले पति-पत्नी के शव शुक्रवार की सुबह पांडिया छपारा से बनाथर मार्ग पर मिले। गांव से सौ मीटर दूर खून से लथपथ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव के लोगों से सूचना मिलने के बाद उगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उगदीवाड़ा गांव निवासी लक्ष्मण पुत्र प्यारेलाल धुर्वे (37) अपनी पत्नी लीलाबाई (30) के साथ गुरुवार की शाम घर से निकले थे। इसके बाद शुक्रवार की सुबह दोनों के शव पांडिया छपारा से बनाथर मार्ग पर मिले। उगली थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया है कि दोनों की हत्या कुल्हाड़ी या नुकीले-धारदार हथियार से वार कर की गई है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार ने बताया है कि गांव के लोगों के अनुसार लीलाबाई लक्ष्मण धुर्वे की दूसरी पत्नी थी। लक्ष्मण धुर्वे की पहली पत्नी से छह बच्चे हैं। हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका पता लगाया जा रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# एक घंटे की बारिश में ही बुढ़ार के सीएम राइज स्कूल में भरा पानी

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में बारिश आते ही अव्यवस्थाएं सामने आने लगी हैं। बुढार के सीएम राइज स्कूल में हल्की बारिश के बाद जल भराव की स्थिति बन जाती है। इस अव्यवस्था का शिकार सैकड़ों छात्र हो रहे हैं। स्कूल परिसर के भीतर जल भराव होने के कारण छात्रों की शिक्षा व्यवस्था स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस मामले की कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बाद भी इसके सुधार की कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सीएम राइज स्कूल अभी पुराने भवन में संचालित हो रहा है। जैसे ही नए भवन में स्कूल शुरु होगा। इस प्रकार की सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी।




**क्लास और मैदान में भरा पानी**-बुढार के सीएम राइज स्कूल में पानी गिरने के कारण अव्यवस्था फैली है। स्कूल के कुछ कमरों में पानी भर गया है। वहीं मैदान और स्कूल के मुख्य द्वार के सामने भी जल भराव है। सीएम राइस स्कूल में कक्षा एक से 12 तक की कक्षाएं संचालित है। स्कूल में 9 सौ से अधिक छात्र-छात्राएं हैं। वहीं स्कूल में 33 शिक्षक पदस्थ हैं।

**स्कूल की नालियों में भरा मलबा**-स्कूल से लगी नालियों में मलबा भरा हुआ है। जिसके चलते नगर का पानी और स्कूल के आसपास से निकलने वाला पानी सीधे स्कूल परिसर के भीतर आता है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्थानीय नगरीय निकाय को समस्या के बारे में अवगत कराया गया है। उसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**1 घंटे की बारिश में भर जाता है पानी**-स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि लगभग एक घंटे की बारिश में स्कूल में पानी भर जाता है। स्कूल की छत से भी पानी गिर रहा है। जिस कारण बारिश का पानी स्कूल के भीतर आ जाता है। वहीं स्कूल के मैदान में भी इतना पानी भर जाता है कि उसे पार करते समय बच्चों के जूते और कपड़े गीले हो जाते हैं।

**जल्द समस्या दूर होगी**-आदिवासी विकास विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर आनंद राय सिन्हा का कहना है कि पुरानी बिल्डिंग में स्कूल संचालित है। जल्द ही नई बिल्डिंग में स्कूल संचालित हो जाएगी। जिससे इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। फिलहाल नगरपालिका को बोलकर स्कूल में भरे पानी से निकलवाया जाएगा।

# नकली खाद, बीज और कीटनाशकों का जखीरा पकड़ा

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिले के वारासिवनी में कृषि विभाग ने कटंगी रोड़ के काशल घराना उत्कर्ष सिटी परिसर स्थित गोदाम में नकली खाद, बीज और कीटनाशकों का जखीरा पकड़ा है। यहां अवैध उर्वरक, कीटनाशक और ब्रांडेड बीज कंपनियों की प्रिंटेड बोरियाँ और सिलाई मशीन जब्त की गई है। इस मामलें में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेम्भरे ने बताया कि एग्रीजोन के संचालक अजय कटरे और पौरुष भगत द्वारा गोदाम में प्रिंटेड शासकीय बोरी और अन्य बोरियों में सुपर फॉस्फेट को डाय अमोनियम बनाकर भेजने का काम करते हुए पकड़ा गया है। गोदाम से सिलाई मशीन के साथ ही प्रिंटेड बोरियाँ भी पायी गई। गोदाम से प्राप्त सामग्री के बिल वाउचर भी संचालक के पास नहीं पाए गए। पायी गई सामग्री भी बिना लॉट नम्बर की थी। साथ ही गोदाम के ऊपरी तल के कमरों में अवैध पैकिंग व वैधता अवधि समाप्त हुए कीटनाशकों के ड्रम पाये गए। गोदाम में रखी ब्रांडेड कंपनियों की प्रिंटेड बोरियों को वाहन क्रमांक जीसी-04-एमटी-1186 में भरकर अन्यत्र परिवहन कर छुपाने की कोशिश की जा रही थीं। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना देकर आगे की जांच की गई। जांच के बाद कई तरह की अनियमितताएं सामने आयी है। कृषि विभाग द्वारा पुरी कार्यवाही का प्रतिवेदन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस थाना वारासिवनी में प्रस्तुत किया गया।



**अवैध उर्वरक, रासायनिक व जैविक कीटनाशक किया जब्त**-कृषि उपसंचालक राजेश कुमार खोबरागढ़े ने बताया कि कृषि और पुलिस विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में चित्तौड़गढ़ राजस्थान की जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रा.लि. का सुपर अल्ट्रागोल्ड की 50 कि.ग्रा. के भर्ती में 1200 बोरियों में 600 क्विंटल उर्वरक बरामद की गई। वहीं छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की कंपनी कविता बॉयो फर्टिलाइजर की आनंद छाप सुपर पावडर की 50 किग्रा की भर्ती में 300 बोरियों में कुल मात्रा 150 क्विंटल, अहमदाबाद की सूजल जीपी. एग्रो लाईफ की 50 किग्रा.भर्ती में 93 बोरियों कुल मात्रा 46.50 क्विटल उर्वरक जब्त किया गया। इसके अलावा गुजरात राजकोट की जीपी एग्रो लाइफ कंपनी के हैक्जाकोनाजोन के 20 बाक्स, थायनेट 10-जी के 80 ड्रम, छत्तीसगढ़ दुग की कंपनी फार्मर बायोग्राफ साइंस के 42 बॉक्स तथा गुजरात की कंपनी जीपी एग्रो लाइफ के काग्रोमेन फंजीसाइड के 06 बॉक्स भी बरामद हुये।

वहीं जैविक कीटनाशकों में जीएस ग्राफ साइंस कुमारखेड़ा की कंपनी के सर्वशक्ति जाइम की 200 बाल्टी, पारस विटा गोल्ड आर्गेनिक मैन्यूर की 50 बाल्टियॉ, रूट पावर की 28 बाल्टियॉ, फ्युरेन 3-जी कार्बोफ्युरान के 35 बैग तथा अन्य कीटनाशकों में केनान सल्फर, जेल्शन, आतंक बुस्टर, थार-30, क्योटेक सूपर, एसपी क्लोरोसील की कुल 1000 बॉटल और ब्रॉण्डेड कंपनियों की खाली प्रिंटेड बोरियॉ काफी मात्रा में पायी गई। इसमें एनपीके 20.20.00.13 ब्राण्ड की इण्डियन पोटाश लि.मि. की लगभग 400 बोरियॉ, 18:46:0 इफको की 1200 बोरियों, किसान पावर एनपीके 12:32:16 ऑर्गेनिक फर्टीलाईजर की 1500 बोरियों आनंद छाप किसान की पहली पसंद सुपर दानेदार निर्माता कम्पनी कविता बायो फर्टीजाईजर परमालकसा राजनांदगाँव की 50 बैग, चिन्नुर सीड्स प्रोड्यूसर कम्पनी लि.मि. वार्ड 21 सर्किट हाऊस रोड़ बालाघाट की 100 बैग, रतनदीप पेडी सीड्स सावंगी तहसील-वारासिवनी, जिला-बालाघाट की 150 बैग का अवैध भण्डारण करना पाया गया।

## सिडनी में व्यक्ति पर एक घर में आग लगाने का आरोप

**सिडनी, (एजेंसियां)।** सिडनी के पश्चिमी क्षेत्र में एक व्यक्ति पर कथित रूप से एक घर में आग लगाने का आरोप है, जिसमें तीन बच्चों की झुलसकर मौत हो गई थी। आस्ट्रेलियाई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार देर रात करीब एक बजे, लालोर पार्क में फ्रीमैन स्ट्रीट पर एक घर में आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। आग में झुलस चुके एक महिला (29) सहित छह बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो बालक की मौत हो गई जबकि दमकल कर्मियों को घटनास्थल पर एक पांच महीने की बच्ची का शव मिला। न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल ने कहा कि उनकी पहचान की औपचारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। प्राधिकरण के अनुसार, एक व्यक्ति (28) पुलिस की निगरानी में वेस्टमीड अस्पताल में भर्ती है। उस पर हत्या के तीन मामलों, हत्या के प्रयास के पांच मामलों और जान को खतरे में डालने के इरादे से संपत्ति को नष्ट करने का आरोप लगाया गया है। सभी आरोप घरेलू हिंसा से संबंधित हैं। अपराधी के आज बेडसाइड कोर्ट की सुनवाई के जरिए पेश होने की उम्मीद है।

### यूएन विशेषज्ञ की रिपोर्ट में खुलासा

# अगली सदी में भी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होगा भारत

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** भारत अगली सदी में भी दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। भारत की जनसंख्या 2060 के दशक के मध्य में चरम पर होगी, लेकिन इसके बाद इसमें धीरे-धीरे गिरावट शुरू होगी। इसके बाद भी भारत अगली सदी (2100) में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।

वरिष्ठ जनसंख्या मामलों की अधिकारी क्लेयर मेनोजी ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की विश्व जनसंख्या संभावना 2024 रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत इस समय जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश है। अनुमान है कि यह पूरी शताब्दी में ऐसा ही रहेगा।

उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक के आसपास चरम पर होगी। फिर इसमें थोड़ी गिरावट आनी शुरू होगी। सदी के अंत तक भारत की जनसंख्या लगभग 1.5 अरब रहने का अनुमान है। बावजूद इसके भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा। आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या वर्तमान 1.45 अरब से बढ़कर 2064 में 1.7 अरब हो जाएगी। इसके बाद 2100 में भारत की जनसंख्या घटकर 1.5 अरब होने का अनुमान है, जो 12 प्रतिशत की गिरावट होगी।



रिपोर्ट के अनुसार, भारत उन देशों में शामिल है जहां 20 से 64 वर्ष की कामकाजी आयु वाली आबादी 2054 तक बढ़ेगी। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि इस अवसर को भुनाने के लिए विभिन्न देशों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा। ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे नई नौकरियों का सृजन हो सके। अनुमान है कि भारतीयों की जीने की उम्मीद वर्तमान 72.24 वर्ष से बढ़कर 2100 तक 83.3 वर्ष हो जाएगी।

रिपोर्ट ये भी दावा करती है कि, अगले 30 वर्षों में पाकिस्तान दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाएगा। पाकिस्तान की वर्तमान जनसंख्या 251 मिलियन से बढ़कर 2054 में 389 मिलियन हो जाएगी। यानि पाक की जनसंख्या संयुक्त राज्य अमेरिका और इंडोनेशिया से आगे निकल जाएगी। तब भारत की जनसंख्या 1.69 अरब और चीन की 1.21 अरब होने का अनुमान है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विकास के सहायक महासचिव नवीद हनीफ के अनुसार, विश्व की जनसंख्या 2080 के दशक के मध्य में अपने चरम पर होगी, जो अगले 60 वर्षों में वर्तमान 8.2 अरब से बढ़कर लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। यह सदी के अंत तक घटकर करीब 10.2 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बच्चों से ज्यादा होगी।

## आज का इतिहास

1534– ऑटोमन सेना ने उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया।
1645– अलेक्सेई रोमानोव अपने पिता माइकल की जगह रूस के शासक बने।
1771– ब्रिटेन के विख्यात नाविक जेम्ज़ कुक की पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्ध की ऐतिहासिक खोज-यात्रा तीन वर्ष के बाद समाप्त हुई।
1772– कैप्टन जेम्स कुक ने दक्षिणी सागर की दूसरी यात्रा शुरु की।
1803– राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफ ने पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया।
1832– हेनरी स्कूलक्रॉफ्ट ने मिनेसोटा में मिसीसिपी नदी के स्रोत की खोज की।
1863– न्यूयार्क में सिविल वार ड्रॉफ्ट के विरोधियों के दंगे में एक हजार से अधिक लोग घायल हुए।
1878– बर्लिन कांग्रेस ने यूरोपीय शक्तियों के बीच बाल्कन देशों का बँटवारा किया।
1887– स्कॉटलैंड में दूसरा रेल पुल शुरु हुआ जिसका प्रयोग आज भी जारी है।

## सुडोकू 6614

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# हिजबुल्लाह ने इजरायली ठिकानों को बनाया निशाना

**बेरूत,** (एजेंसियां)। हिजबुल्लाह ने लेबनान में हमलों के जवाब में इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने इजरायली ठिकानों पर मिसाइलों से हमला किया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि लेबनान में हमलों के जवाब में उसके लड़ाकों ने गोलान हाइट्स के अल-ज़ौरा में इजरायली तोपखाने के ठिकानों पर दर्जनों कत्यूषा रॉकेटों से हमला किया। सूत्रों के अनुसार, लेबनानी सेना ने लेबनान की ओर से इजरायल की तरफ दागी गई लगभग 30 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों की निगरानी की।

सूत्रों के अनुसार, इजरायल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के पूर्वी हिस्से में तायर हरफा, काफ्र किला और मरकबा गांव को निशाना बनाया था। इजरायल ने ड्रोन और युद्धक विमानों से 11 शहरों और गांवों पर हमला किया था।

बता दें कि पिछले साल सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। इसके बाद इजरायल ने बड़े पैमाने पर हमास के खिलाफ हमले शुरू किए। हिजबुल्लाह ने हमास के प्रति एकजुटता दिखाते हुए इजरायल की ओर रॉकेटों की बौछार कर दी। इसके बाद से ही लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया है।



- हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने मिसाइलों से किया हमला
- लेबनान के 11 शहरों व गांवों पर हमला किया था इजरायल

**गाजा में संघर्ष विराम होने पर ही हमले बंद करेंगे : हिजबुल्लाह**

हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का कहना है कि गाजा में संघर्ष विराम पर समझौता होने पर उनका समूह इजरायल पर हमला करना बंद कर देगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नसरल्लाह ने यह बात बुधवार को टेलीविजन पर दिए गए भाषण में कही। पिछले हफ्ते दक्षिणी लेबनान में इजरायल के हमले में पार्टी नेता मोहम्मद एन. नासिर मारा गया था, उसकी याद में उन्होंने यह टिप्पणी की। हिजबुल्लाह नेता ने इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट की पहले की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी।

## गाजा में युद्ध विराम के बाद फिलिस्तीन में एक ही सरकार होगी : मुस्तफा

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने कहा है कि गाजा में युद्ध विराम हो जाने के बाद एक ही प्राधिकरण और सरकार फिलिस्तीन पर शासन करेगी यानी कि गाजा और वेस्ट बैंक में एक ही सरकार होगी।



शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि रामल्लाह में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, वाणिज्यदूतों और राजदूतों के साथ बैठक के दौरान मुस्तफा ने एकता और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।प्रधानमंत्री ने बुधवार को सिन्हुआ को भेजे गए अपने बयान में कहा कि युद्ध समाप्त होने के अगले दिन, फिलिस्तीन को एक ही प्राधिकरण और सरकार के तहत होना चाहिए। एक योजना के साथ एक टीम के रूप में भागीदारों के साथ काम करना चाहिए। कोई ट्रांजीशन पीरियड नहीं हो सकता जो और जटिलता पैदा करे।मुस्तफा ने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों और संयुक्त राष्ट्र संस्थानों से फिलिस्तीनी सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि गाजा और वेस्ट बैंक में मानवीय जरूरतों को पूरा किया जा सके।

## इराक ने की कुर्दिस्तान में तुर्की की सैन्य घुसपैठ की निंदा

**बगदाद,** (एजेंसियां)। इराक की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कुर्दिस्तान क्षेत्र में तुर्की के सैन्य घुसपैठ की निंदा की। परिषद ने इसे इराकी संप्रभुता का उल्लंघन भी बताया है। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि परिषद ने तुर्की से अच्छे पड़ोसी होने का सम्मान करने और कूटनीतिक रूप से संलग्न होने की मांग की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक बयान के हवाले से बताया कि इराकी प्रधानमंत्री ने स्थिति का आकलन करने और संयुक्त प्रतिक्रिया के लिए कुर्दिस्तान का दौरा करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल बनाया है। कुर्दिस्तान मीडिया ने बताया कि तुर्की के सैनिकों ने हाल के दिनों में अमेदी के पास इराकी क्षेत्र में प्रवेश किया। तुर्की अक्सर उत्तरी इराक में स्थित पीकेके आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार अभियान चलाता है। पीकेके को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी समूह घोषित किया गया है।

## वर्ग पहेली 6614



**बायें से दायें:-**
१.वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी या अन्य किसी बौधे या प्राणी पर या उस के अंदर पौधों से उसके अंदर रहता है वह अपना भोजन ग्रहण करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिंदी, संसकृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती है
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है तथा चटनी भी बनाया जाता है
९. निर्माण, रचना
१०. हद्दुआ, श्राप
१२. सुबह,,रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. आराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, जिद्दी
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कणई
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१६. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि,
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

## इजराइल के रक्षा मंत्री ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले की जांच की मांग की

**यरूशलेम, (आईएएनएस)।** इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच समिति गठित करने की मांग की है। उनके मुताबिक ये समिति सरकार, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के काम करने के तरीकों की जांच करेगी। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय जांच आयोग एक स्वतंत्र निकाय होगा, जिसकी अध्यक्षता एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे, जिसके पास व्यापक शक्तियां होंगी। समिति इस बात पर गौर करेगी कि आखिर उस दिन यानी 7 अक्टूबर को कहां चूक हुई।

इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के अधिकारियों के एक समारोह में गैलेंट ने गुरुवार को कहा कि आयोग निष्पक्ष होना चाहिए, इसे हम सभी की जांच करनी चाहिए - सरकार, सेना और सुरक्षा एजेंसियां। इसे मेरी और साथ ही प्रधानमंत्री (बेंजामिन नेतन्याहू), सेना प्रमुख, शिन बेट प्रमुख, आईडीएफ और राष्ट्रीय निकायों की जांच करनी चाहिए। गैलेंट इस हमले की राष्ट्रीय जांच की मांग करने वाले सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। उस दिन हजारों हमास आतंकवादियों ने गाजा से इजरायल में हमला कर सबको चौंका दिया था और लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी तथा लगभग 250 अन्य का अपहरण कर लिया था। इस बीच, इज़रायली सेना ने सेंट्रल गाजा के नुसेरात कैंप पर गुरूवार रात एक घर पर बमबारी की, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। नुसेरात के उत्तर में अल-मुफ़्ती क्षेत्र में हुए इस हमले में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि अल-अवदा अस्पताल में भर्ती एक लड़की की हालत गंभीर है।



## अमेरिकी में नागरिकता प्रमाण की आवश्यकता वाला विधेयक पारित

**वाशिंगटन, जलाई (वार्ता)।** अमेरिका के निचले सदन ने एक विधेयक पारित किया गया है, जिसके तहत देश में संघीय चुनावों के मतदान के लिए पंजीकरण करवाने वाले व्यक्तियों को अमेरिकी नागरिकता का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। सदन के सांसदों ने बुधवार को 221-198 बहुमत से विधेयक पारित किया, जिसके बाद सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट निरस्त हो गया। सदन के बहुमत नेता स्टीव स्कैलिस ने कहा कि बाइडेन प्रशासन के तहत दक्षिणी सीमा पर अवैध आव्रजनों की बढ़ी संख्या के बीच संघीय चुनावों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस विधेयक के तहत अमेरिकी नागरिक ही मतदान करने के पात्र हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि वह इस कानून का विरोध करता है, क्योंकि शायद कभी-कभार ही गैर-नागरिकों ने संघीय चुनावों में मतदान किया होगा, ऐसा हर बार हो ये जरुरी नहीं है। अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने कहा कि कानून का विरोध करने वाले सांसद अमेरिका के गद्दार हैं और जो लोग इस विधेयक से असहमत हैं, वे चुनावों में धोखाधड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं।

## शी जिनफिंग ने वानुअतु के प्रधानमंत्री चार्लोट सलवाई से भेंट की

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को पेइचिंग के जन वृहत भवन में चीन की औपचारिक यात्रा कर रहे वानुअतु के प्रधानमंत्री चार्लोट सलवाई से भेंट की। शी चिनफिंग ने चीन-वानुअतु संबंधों के विकास को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री सलवाई की दीर्घकालिक महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।



शी चिनफिंग ने कहा कि वानुअतु प्रशांत द्वीप देशों में चीन का अच्छा दोस्त और अच्छा साझेदार है। चीन और वानुअतु के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद 42 वर्षों में दोनों देशों के बीच दोस्ती मजबूत होती रही है और दोनों हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का दृढ़ता से समर्थन करते हैं। चीन चीन-वानुअतु संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता है। चीन वानुअतु के साथ उच्च स्तरीय राजनीतिक आपसी विश्वास को गहरा करने, संयुक्त रूप से उच्च गुणवत्ता वाले %बेल्ट एंड रोड% का निर्माण करने, सभी मौसम और सर्वांगीण मैत्रीपूर्ण सहयोग को गहरा करने और चीन-वानुअतु साझा भविष्य वाले समुदाय के निर्माण के लिए मिलकर काम करने को तैयार है। चार्लोट सलवाई ने कहा कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग के उत्कृष्ट नेतृत्व में चीन ने विकास में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। देश एकता और स्थिरता बनाए रखे हुए है और चीनी शैली के आधुनिकीकरण के साथ राष्ट्रीय कायाकल्प के महान उद्देश्य को बढ़ावा दे रहा है। दोनों पक्षों ने %चीन और वानुअतु का संयुक्त वक्तव्य% जारी किया और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को उन्नत करने और नए युग में चीन-वानुअतु साझा भविष्य वाले समुदाय का निर्माण करने पर सहमति व्यक्त की।

**धर्म**

*कठिन तो है पर तनावमुक्त है इस बार की अमरनाथ यात्रा*

# लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही अमरनाथ यात्रा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु। प्रति वर्ष होने वाली अमरनाथ की वार्षिक यात्रा इस बार तनाव मुक्त लेकिन उन लोगों के लिए बहुत ही कठिन है जो पहली बार इसमें शामिल हुए हैं क्योंकि इस यात्रा के साथ घटित घटनाओं आदि ने उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया है। जबकि रोचक तथ्य यह है इस यात्रा के प्रति कि पहली बार यात्रा में भाग लेने वालों के दिलोंदिमाग में यहां इसके प्रति आकर्षण है। वहीं आतंकवादी घटनाओं की त्रासदी के दौर से गुजरने वालों के दिलोदिमाग पर त्रासदी का भयानक साया।**

इस बार यात्रा में भाग लेने वालों में 80 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो पहली बार यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्हें इस यात्रा का आकर्षण अपनी ओर खींच लाया। बिहार के रतन लाल सिंह की यह पहली यात्रा थी जो अपने पड़ौसी के साथ इसलिए आया था क्योंकि तीन बार इस यात्रा में शामिल होने वाले पड़ौसी के मुख से यात्रा के प्रति सुनने वाली कथाओं ने उसे मजबूर किया कि वह भी इस यात्रा में शामिल होकर उन दृश्यों को अपने दिलोदिमाग में कैद कर सके जिनका गुणगान उसका पड़ौसी अक्सर करता रहता था।

रतन लाल सिंह की ही तरह अन्य ऐसे यात्री भी इस बार यात्रा में शामिल हुए जिनका यह पहला दौरा था। इन सभी को यात्रा के साथ बीतने वाली घटनाओं ने अपनी ओर आकर्षित किया है। इसमें 1996 की त्रासदी, वर्ष 2000 में हुआ अमरनाथ यात्रियों का सबसे बड़ा नरसंहार और हर बार आतंकवादियों की



ओर से लगाए जाने वाला प्रतिबंध, जारी होने वाली धमकी भी थी।

हालांकि इस बार यात्रा के तनाव मुक्त रहने से सिर्फ यात्री ही नहीं बल्कि सुरक्षाधिकारी भी खुश हैं। उनकी खुशी इसलिए भी है क्योंकि इस बार प्रकृति उन पर और भाग लेने वालों पर कुछ हद तक मेहरबान है। वैसे एक दो बार मौसम बहुत ही खराब हुआ तो सभी के चेहरे उतर गए थे क्योंकि उन सभी को 1996 की त्रासदी याद आ गई थी जो 1996 की त्रासदी को भुगत चुके थे।

इन सबके बावजूद, जिसमें इस बार आतंकवादी धमकी और प्रतिबंध भी नहीं है तथा मौसम कभी-कभार अपना रंग दिखाता है अभी तक अमरनाथ यात्रा सुचारु रुप से ही चल रही है जिसमें भाग लेने वालों की बढ़ती भीड़ पिछले साल का रिकार्ड तोड़ चुकी है। 29 जून से आरंभ हुई यह यात्रा 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन अमरनाथ गुफा के भीतर बनने वाले शिवलिंग के मुख्य दर्शन के साथ ही समाप्त हो जाएगी।

## वर्ग पहेली-6613

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न्म | २ दि | व | ३ स | ■ | ४ वि | डं | ५ ब | ना |
| म | ■ | शा | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | टो | ■ |
| ७ द | बा | व | ■ | झ | ■ | ८ ल | ज्जा | ही | ९ न |
| गि | ■ | का | ■ | १० दा | स | ता | ■ | ■ | य |
| ■ | ११ अं | श | १२ ध | र | ■ | ■ | १३ दु | र्ज | न |
| ■ | ग | ■ | र | ■ | १४ जी | वा | श्म | ■ | ज |
| १५ कु | द | १६ र | ती | ■ | व | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| र्क | ■ | ज | ■ | १९ कं | ट | २० क | ■ | व | ■ |
| २१ ना | दा | नी | ■ | च | ■ | २२ ब | दौ | ल | २३ त |
| मा | ■ | २४ श | ब | न | म | ■ | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## पाक के खिलाफ महिला एशिया कप मैच के लिए तैयार हरमनप्रीत कौर

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप मैच से पहले हर मैच में जीत के लिए प्रयास करने की अपनी रणनीति पर अडिग हैं। भारत को 19 जुलाई को दांबुला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी है। भारत ने हाल ही में घरेलू वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। उन्होंने तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर करने से पहले एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से जीत अपने नाम की थी। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले हरमनप्रीत ने कहा कि एक टीम के तौर पर उन्हें मुकाबले के अन्य मापदंडों के बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो दोनों देशों में अलग-अलग माहौल होता है।



भारत बनाम जिम्बाब्वे

# सीरिज पर कब्जा करने उतरेगी टीम इंडिया

- भारत को जीत से रोकने के लिए जिम्बाब्वे को बेहतर बल्लेबाजी व चुस्त फील्डिंग की जरूरत
- भारत को अपने गेंदबाजी संयोजन व एकादश की बाबत गंभीरता से सोचना होगा



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज और नए कप्तान शुभमन गिल के सीरीज के पहले अर्द्धशतक और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के स्पिन का जाल बुन सही वक्त पर चटकाए तीन विकेट की बदौलत भारत की दूसरी पंक्ति के खिलाड़ियों से सज्जित टीम हरारे में तीसरा मैच जीतने के बाद अब इसी मैदान पर मेजबान जिम्बाब्वे से शनिवार को चौथा और लगातार तीसरा मैच जीत 3-1 निर्णायक बढ़त ले पांच मैचों की सीरीज पर कब्जा करने के मकसद से उतरेगी। जिम्बाब्वे को अपनी चुनौती बनाए रख कर भारत को सीरीज पर कब्जा करने से रोकना है तो बेहतर बल्लेबाजी करने के साथ चुस्त फील्डिंग कर अपने गेंदबाजों का साथ निभाना होगा। हार से आगाज करने के बाद भारत ने सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली अपनी टीम के ऑलराउंडर शिवम दुबे और 15 सदस्यीय टीम में शामिल रहने के बावजूद एक भी मैच खेलने का मौका न पाने यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन सहित तीन खिलाड़ियों को एकादश में मौका दिया लेकिन तीनों ही कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए। शुरू के पांच विकेट मात्र 39 रन पर गंवाने वाली मेजबान जिम्बाब्वे के डियोन मायर्स और विकेटकीपर क्लाइड मेडोंडे जोड़ी ने जिस तरह दुबे, अभिषेक शर्मा और तुरुप के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जमकर धुनाई कर छठे विकेट 77 के रन की भागीदारी की उससे भारत को सीरीज के चौथे टी-20 मैच में खासतौर पर अपने गेंदबाजी संयोजन और एकादश के चयन की बाबत गंभीरता से सोचना होगा। जिम्बाब्वे ने यदि तीसरे मैच में शुभमन, यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ के पारी के शुरू में कैच न टपकाए होते तो फिर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में दिक्कत हो सकती थी।

ब्रिजटाउन में एक पखवाड़े पहले टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे धुरंधरों की त्रयी के टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को एक साथ अलविदा कहने और बतौर हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल पूरा होने के बाद के बाद भारत के लिए अपने भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की मौजूदा टी-20 सीरीज के बाद नए हेड कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन मे इसी महीने के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ उसके घर में 26 जुलाई से खेली जाने वाली तीन टी20 और तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज खासी अहम है। नए हेड कोच गंभीर के मार्गदर्शन में भारत मेजबान श्रीलंका के खिलाफ 26, 27 और 29 जुलाई को पालेकल में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज से आगाज करने के बाद 1, 4 और 7 अगस्त को तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगा। टी-20 विश्व कप के बाद कोच क्रिस सिल्वरवुड के पद से इस्तीफा देने के बाद वहीं श्रीलंका अंतरिम कोच सनत जयसूर्या के मार्गदर्शन में भारत के खिलाफ अपने घर में ये दोनों सीरीज खेलेगा और यह देखना दिलचस्प होगा कि वनिंदु हसरंगा के कप्तानी से हटने के बाद श्रीलंका की टी20 टीम की कप्तानी कौन संभालेगा। हसरंगा की कप्तानी में श्रीलंका ने दस में अपने छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते थे। हसरंगा की जगह चरित असलंका के श्रीलंका की टी20 टीम की कप्तानी संभालने की उम्मीद है। अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि हेड कोच द्रविड़ और उनके सपोर्ट स्टाफ का कार्यकाल एक साथ खत्म होने के बाद अब भारत के नए हेड कोच गंभीर के साथ क्या बल्लेबाजी कोच के रूप में अभिषेक नायर जुड़ते हैं या कोई ओर? साथ ही टीम इंडिया के नए गेंदबाजी कोच के रूप में लक्ष्मीपति बालाजी अथवा जहीर खान में से कौन जुड़ता है। ऐसी खबरें हैं कि फील्डिंग कोच के रूप में टी दिलीप को टीम इंडिया के साथ आगे भी बने रह सकते हैं। भारत के ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 113 रन) एक अर्द्धशतक सहित रन बनाने में तीन मैचों के बाद मौजूदा सीरीज में सबसे आगे चल रहे हैं जबकि अभिषेक शर्मा (कुल 111 रन) एक शतक सहित दूसरे और कप्तान शुभमन गिल (कुल 99 रन) बनाने में तीसरे स्थान पर हैं।

## आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में क्रेग एर्विन होंगे जिम्बाब्वे के कप्तान

**हरारे।** जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज क्रेग एर्विन को अपनी 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। यह मैच 25-29 जुलाई को बेलफास्ट के स्टॉमान्ट में खेला जाएगा। दौरे के लिए जिम्बाब्वे की टीम में चार अनकैप्ड खिलाड़ी ब्रायन बेनेट और जॉनथन कैंपबेल के साथ-साथ विकेटकीपर-बल्लेबाज क्लाइव मंडाडे और जॉयलॉर्ड गम्बी शामिल हैं। मंडाडे, बेनेट और कैंपबेल वर्तमान में भारत के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे की टीम का हिस्सा हैं, जो 14 जुलाई को समाप्त होगी। सीन विलियम्स, तेंदई चतारा, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारवा जिम्बाब्वे टीम के आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में टीम के अनुभवी खिलाड़ी होंगे। पिछले साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की सीरीज के बाद यह जिम्बाब्वे का पहला टेस्ट मैच होगा।

**जिम्बाब्वे टेस्ट टीम:** क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, जॉनथन कैंपबेल, तेंदई चतारा, तनाका चिवांगा, जॉयलॉर्ड गम्बी, रॉय कैया, क्लाइव मंडाडे, वेलिंगटन मसकाद्जा, प्रिंस मासवाउरे, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, विक्टर न्याउची, सीन विलियम्स

## नीरज चोपड़ा के गोल्ड को इन तीन खिलाड़ियों से मिल सकती है मजबूत चुनौती

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की नजर इस बार पेरिस ओलंपिक 2024 में अपने अब तक सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने पर



है। टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने वाले गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा से देश की उम्मीदें इस बार भी गोल्ड की होगी, लेकिन नीरज के लिए यह राह इतनी आसान नहीं होने वाली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा इस बार पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के गोल्ड मेडल के सबसे मजबूत दावेदार हैं। ओलंपिक 2020 में जब उन्होंने भारत के लिए जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीता था, तब से उन्हें 'गोल्डन ब्वाय' के रूप में भी जाना जाता है। नीरज चोपड़ा भारत के स्टार जैवलिन थ्रो खिलाड़ी है, लेकिन पेरिस ओलंपिक में उनकी राह आसान नहीं होने वाली है। 2024 के सीजन बेस्ट के मामले में इस समय सबसे ऊपर जर्मनी के मैक्स डेहनिंग हैं, जिन्होंने इसी साल फरवरी में 90.20 मीटर दूर भाला फेंक कर सनसनी मचा दी थी। 20 साल का यह युवा एथलीट इस बार स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। नीरज चोपड़ा के लाख जतन के बावजूद वो 90 मीटर के अपने टारगेट आंकड़े को हासिल नहीं कर पाए। वहीं, जूलियन वेबर और याकूब (बेस्ट 88.65 मीटर) भी नीरज को कड़ी टक्कर देंगे। पेरिस में होने वाले आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के करीब आते ही, हरियाणा का यह एथलीट एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार है।

## मोर्ने मोर्केल भारत के गेंदबाजी कोच बनने की दौड़ में

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। टीम इंडिया के नए कोच गौतम गंभीर होंगे, लेकिन सपोर्टिंग स्टाफ का ऐलान होना अभी बाकी है। इसी बीच टीम इंडिया का नया गेंदबाजी कोच बनने की दौर में एक नया नाम सामने आ रहा है, जिसके तार पाकिस्तान क्रिकेट टीम से भी जुड़े हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल भारत के गेंदबाजी कोच बनने की दौड़ में हैं। इस दक्षिण अफ्रीकी पूर्व तेज गेंदबाज को कोचिंग का अच्छा अनुभव है। वह भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजर में हैं। मोर्ने मोर्केल पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम के कोच थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ उनका अनुबंध समाप्त होने से कुछ महीने पहले उन्होंने इस्तीफा



दे दिया था। माना जा रहा है कि गंभीर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से गेंदबाजी कोच के पद के लिए मोर्ने मोर्केल पर विचार करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने 2006 से 2018 के बीच 86 टेस्ट, 117 वनडे और 44 टी20 मैच खेले हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के साथ इस मुद्दे को लेकर कुछ चर्चा हुई है, जो अब ऑस्ट्रेलिया में बस गए हैं। गंभीर और मोर्ने मोर्केल आईपीएल में भी एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों के बीच लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम में अच्छे रिश्ते रहे हैं, जहां गंभीर ने दो साल तक मेंटॉर के तौर पर काम किया। गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल होने और हेड कोच एंडी फ्लावर के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में चले जाने के बाद मोर्ने मोर्केल नए हेड कोच जस्टिन लैंगर के तहत इसी टीम में शामिल रहे।

### गंभीर टीम इंडिया के लिए परफेक्ट कोच लेकिन दूर करनी होंगी ये खामियां

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच की जिम्मेदारी गौतम गंभीर को दी गई है। इसी महीने श्रीलंका दौरे पर वो टीम के साथ जुड़ेंगे और अपना मुख्य कोच का चार्ज संभालेंगे। लेकिन, क्या बिना किसी अनुभव के सीधे कोच की भूमिका में आने वाले गंभीर अपनी जिम्मेदारी निभाने में सफल होंगे? एक खिलाड़ी या कप्तान के तौर आपका अग्रेसिव नेचर आपको सफल कर सकता है, लेकिन जब भूमिका कोच की हो तो आपको अग्रेसिव नेचर नहीं बल्कि शांत और सटीक निर्णय लेने होंगे। अब डर यही है कि कहीं गौतम गंभीर की सबसे बड़ी ताकत टीम की कमजोरी न बन जाए। गंभीर कई बार अपनी बल्लेबाजी के बल पर टीम इंडिया को जीत दिला चुके हैं। वह सफल क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं। उनके पास खेल की गहरी समझ है। किसी भी टूर्नामेंट को कैसे जीतना है, यह गंभीर को आता है, मुश्किल परिस्थिति से निपटने में गंभीर कई बार सफल हुए हैं। वह नॉकआउट मैच के दबाव से निपटना जानते हैं।

## हमारी कोशिश एनसीएसएसआर को वैश्विक ख्याति प्राप्त खेल विज्ञान और खेल औषधि संस्थान बनाना : ब्रिगेडियर डॉ. नायक

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। देश के चैंपियन खिलाड़ी तैयार करने के लिए खिलाड़ी के खुद के कौशल और उस्तादों के मार्गदर्शन के साथ आज के नए जमाने में खेल विज्ञान , डॉक्टरों और उसके लिए सही पोषण की जरूरत पड़ती है। इसी मकसद से यहां शुक्रवार से आईआईटी मद्रास ने दो दिन के स्पोटर्स टैक स्टार्ट-अप कॉन्कलेव 2024 सेंटर ऑफ एक्सिलेंसस इन स्पोटर्स साइंस एनालिटिक्स(सीईएसएसए), आईआईटी मद्रास के तत्वाधान में शुरू हुआ। इस कॉन्क्लेव का मकसद खेल में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से स्वदेशीकरण और प्रोद्योगिकी सहयोग को बढ़ाना है। इस कॉन्क्लेव में नैशनल सेंटर स्पोटर्स साइंस एंड रिसर्च (एनसीएसएसआर) के डायरेक्टर इनचार्ज एंड हेड ब्रिगेडियर डॉ. बिभु कल्याण नायक, आईआईटी मद्रास के डायेक्टर प्रोफेसर डॉ. वी कामाकोटी और सेंटर ऑफ एक्सिलेंसस इन स्पोटर्स साइंस एनालिटिक्स ,



■ कॉन्वलेव का मकसद खेल में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से स्वदेशीकरण और प्रोद्योगिकी सहयोग को बढ़ाना है

आईआईटी मद्रास के हेड डॉ. महेश पंचांगुला ने शिरकत की। इस दौरान खेल डॉ.महेश ने खेल में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर भारत को अत्याधुनिक प्रोद्योगिकी से मजबूत बनाने का खाका और विजन पेश किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए प्रोद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए डॉ. बिभु नायक की मध्यस्थता में पैनल चर्चा शिरकत करने वाले देश के पूर्व चैंपियन डॉ.आर नटराजन ने कहा भारत को चैंपियन एथलीट तैयार करने हैं तो बराबर बदलते दौड़ के ट्रैक के मुताबिक धावकों को खुद को तैयार करना जरूरी है उन्हें आज के जमाने के मुताबिक जूते सहित अन्य आधुनिक सामान भी मुहैया कराने की जरूरत है। नटराजन ने इस पैनल चर्चा में कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में 100 मीटर की फर्राटा दौड़ में उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड टूट जाएगा। भारतीय खिलाड़ियों को शारिरिक रूप से फिट और चोट से मुक्त रखने के साथ चोट लगने पर उसे फिर से मैदान में खेलने के काबिल बनाने में नैशनल सेंटर स्पोटर्स साइंस एंड रिसर्च के डायरेक्टर इनचार्ज एंड हेड ब्रिगेडियर डॉ. बिभु कल्याण नायक जैसे काबिल डॉक्टरों का मार्गदर्शन और सहयोग अहम है। डॉ. नायक ने कहा कि हमारी कोशिश एनसीएसएसआर को एक ऐसा वैश्विक ख्याति प्राप्त खेल विज्ञान और खेल औषधि संस्थान बनाना है।

## क्रेजिकोवा और पाओलिनी में होगा महिला एकल का खिताबी मुकाबला



**विंबलडन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के महिला एकल का खिताबी मुकाबला चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा और इटली की जैस्मीन पाओलिनी के बीच खेला जाएगा। 2021 में फ्रेंच ओपन खिताब जीतकर सफलता हासिल करने के तीन साल बाद, क्रेजिकोवा ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रोमांचक सेमीफाइनल में जीत के बाद अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम एकल फाइनल में प्रवेश किया। नंबर 31 सीड क्रेजिकोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में नंबर 4 सीड एलेना रिबाकिना, 2022 विंबलडन चैंपियन, को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शनिवार के शिखर मुकाबले में अपना स्थान पक्का कर लिया। क्रेजिकोवा को मैच का रुख बदलने और सेंटर कोर्ट पर जीत हासिल करने में 2 घंटे और 7 मिनट का समय लगा और अब उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा जिन्होंने पहले दिन में क्रोएशिया की डोना वेकिच पर कड़ी टक्कर में जीत हासिल की थी। नंबर 7 सीड पाओलिनी ने वेकिच को 2 घंटे और 51 मिनट में 2-6, 6-4, 7-6(8) से हराया और ओपन युग में विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी महिला बन गईं। अपनी कम वरीयता के बावजूद, क्रेजिकोवा रिबाकिना के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ मैच में आई और उसने उस रिकॉर्ड का समर्थन किया। अपने तीन मुकाबलों में तीसरी बार, क्रेजिकोवा जीत की राह पर आगे बढ़ने से पहले पहला सेट हार गई। क्रेजिकोवा ने कजाकिस्तान की रिबाकिना को एक अत्यंत दुर्लभ विंबलडन हार दी। रिबाकिना ने विंबलडन के मुख्य ड्रा में 90.5 प्रतिशत जीत दर (गुरुवार से पहले 19-2) के साथ मैच में प्रवेश किया, जो ओपन युग में पूर्व चैंपियन एन जोन्स और स्टेफी ग्राफ के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ था।

■ क्रेजिकोवा को मैच का रुख बदलने और सेंटर कोर्ट पर जीत हासिल करने में 2 घंटे और 7 मिनट का समय लगा



## एंडरसन मानद एमसीसी आजीवन सदस्यता से सम्मानित



**लंदन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड द्वारा वेस्टइंडीज को एक पारी और 114 रन से हराने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को मानद एमसीसी आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया। एंडरसन ने अपने 21 साल के टेस्ट करियर को याद करते हुए कहा कि इस टीम के लिए खेलना अच्छा है। दुनिया में सबसे अच्छा काम और वह लंबे समय तक इसे करने के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर आज की सुबह दोनों टीमों के साथ काफी भावुक थी और भीड़ की प्रतिक्रिया काफी खास थी। मैं अभी भी अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे वास्तव में गर्व है। 21 साल तक खेलना एक अविश्वसनीय प्रयास है। खासकर एक तेज गेंदबाज के लिए। मैच खत्म होने के बाद एंडरसन ने ब्रॉडकास्टर्स स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा कि तो मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां तक पहुंच पाया हूं और इतना भाग्यशाली हूं कि अपने करियर के दौरान काफी समय तक चोट से मुक्त रहा। इंग्लैंड के लिए खेलना दुनिया का सबसे अच्छा काम है, इसलिए मुझे इसे लंबे समय तक करने का सौभाग्य मिला है।

> जाहिर तौर पर आज की सुबह दोनों टीमों के साथ काफी भावुक थी और भीड़ की प्रतिक्रिया काफी खास थी। मैं अभी भी अपने आंसुओं को रोकने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे वास्तव में गर्व है। 21 साल तक खेलना एक अविश्वसनीय प्रयास है : जेम्स

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 114 रनों से हराया, एंडरसन को जीत के साथ दी विदाई



**लंदन।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को लॉर्ड्स में पहले टेस्ट मैच में शुक्रवार को तीसरे ही दिन पारी और 114 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लिश टीम ने अपने महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यादगार विदाई दी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच लॉर्ड्स में खेला गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की पारी मात्र 121 रन पर सिमट गई। जवाब में इंग्लिश टीम ने 371 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने अर्धशतक जड़े। वेस्टइंडीज की तरफ से जेडेन सील्स ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उनके अलावा गुडाकेश मोती और जेसन होल्डर को 2-2 विकेट मिले। पहली पारी में इंग्लैंड ने 250 रन की बढ़त हासिल की जिसे उतारने उतरी वेस्टइंडीज की टीम के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम दूसरी पारी में 136 रन पर पवेलियन लौट गई। इंग्लैंड की जीत के हीरो तेज गेंदबाज गस एटकिंसन रहे। अपना डेब्यू टेस्ट मैच खेलने उतरे एटकिंसन ने पहली पारी में सात और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए।

एक बार जब गस एटकिंसन ने अपने 12 विकेटों से मैच समाप्त किया, तो एंडरसन अपने साथियों से बहुत गले मिले और इंग्लैंड तथा वेस्ट इंडीज दोनों खिलाड़ियों के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ चले गए। लॉन्ग रूम में जाने से पहले मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी उनका स्वागत किया। एंडरसन ने 188 मैचों में 26.45 की औसत से 704 विकेट लेकर सबसे लंबे प्रारूप में तीसरे सबसे सफल गेंदबाज के रूप में अपना टेस्ट करियर समाप्त किया। स्पष्ट रूप से भावुक एंडरसन ने कहा कि मैं अभी भी निराश हूं कि मैंने वह कैच (गुडाकेश मोती का अपनी ही गेंद पर) छोड़ दिया था! यह एक अद्भुत सप्ताह रहा है, भीड़ और मैदान के चारों ओर मौजूद सभी लोगों की प्रतिक्रिया से अभिभूत हूं, मैंने जो हासिल किया है उस पर गर्व है। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में समर्थन का स्तंभ बनने के लिए अपने परिवार का भी आभार व्यक्त किया। हम ड्रेसिंग रूम में यादें बनाने के बारे में बहुत बात करते हैं और यह सिर्फ हमारे लिए नहीं है, यह हमारे परिवारों के लिए भी है। वे आपके साथ यात्रा पर जाते हैं, कई बार ऐसा हुआ है जब मैं दौरे पर घर से दूर रहा हूं और उन्होंने घर वापस आकर अविश्वसनीय समर्थन दिया है और मुझे यथासंभव लंबे समय तक खेलने की अनुमति दी है।

## सार संक्षेप

### नडाल ने एटीपी टूर वापसी से पहले अभ्यास शुरू किया

**बस्ताद।** लगभग दो दशकों के बाद, राफेल नडाल बस्ताद में वापस आ गए हैं, क्योंकि स्पैनियार्ड ने नॉर्डिया ओपन में अपने पहले अभ्यास का आनंद लिया, जहां वह अगले सप्ताह एटीपी 250 इवेंट में वाइल्ड कार्ड के रूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल ने एटीपी रैंकिंग में मौजूदा 31वें नंबर के अर्जेंटीना के खिलाड़ी टॉमस मार्टिन एचेवेरी को आमंत्रित किया और खिलाड़ियों ने ग्रीस में एक गहन प्रशिक्षण ब्लॉक के लिए टीम बनाई। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने एटीपीटूर.कॉम को बताया कि जिस जगह पर हम अभ्यास कर रहे हैं वह रोमांचक है... और नडाल वहां जा रहे हैं, मैं कहूंगा कि वह बहुत अच्छा खेल रहे हैं। ला प्लाटा के मूल निवासी के लिए 92-बार के टूर-स्तरीय ख़िताबधारी के साथ दिन बिताना कैसा था ? एचेवेरी ने कहा कि मुझे उनसे चीजें पूछने, सलाह मांगने का मौका मिला, और वह हमेशा बहुत विनम्र थे, मदद कर रहे थे, प्रगति कर रहे थे, और उनके पास सभी के लिए बहुत समय था। एचेवेरी ने साथ ही कहा कि ये दिन मेरे लिए एक सपने जैसे रहे हैं, वास्तव में एक अद्भुत अनुभव, सबसे ऊपर राफा के साथ समय बिताना, एक खिलाड़ी जिसे मैं तब से देख रहा हूं जब से मैंने टेनिस खेलना शुरू किया, इतिहास में सर्वश्रेष्ठ में से एक, इसलिए यह रोमांचक था। यह एक विशेषाधिकार और एक सम्मान था।

### सिंधु और प्रणय को ओलंपिक में आसान ड्रा मिला

**कुआलालम्पुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु और पहली बार खेलने जा रहे एच एस प्रणय को पेरिस ओलंपिक के लिए शुक्रवार को निकाले गए बैडमिंटन ड्रा में आसान ग्रुप मिला है जबकि लक्ष्य सेन को ड्रा में विश्व नंबर तीन जोनाथन क्रिस्टी के साथ रखा गया है। ड्रा बीडब्लूएफ मुख्यालय में निकाला गया। सिंधु, जिन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक में रजत और 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था, को महिला एकल में 10वीं वरीयता दी गयी है और उन्हें ग्रुप एम में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा (विश्व नंबर 75) और मालदीव की फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक (विश्व नंबर 111) के साथ रखा गया है। पेरिस में, सिंधु को लगातार तीन ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने की उम्मीद है। पुरुष एकल में, प्रणय, जो अपने पहले ओलंपिक में भाग लेंगे, को 13वीं वरीयता दी गई है और उन्हें वियतनाम के ले डुक फाट (विश्व नंबर 70) और जर्मनी के फैबियन रोथ (विश्व नंबर 82) के साथ ग्रुप के में रखा गया है।

### सुडोकू 6614 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

# अर्थ जगत

## पीएफ पर ब्याज दर बढ़कर हुई 8.25 फीसदी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) जमा पर ब्याज दर 8.15 फीसदी से बढ़ाकर 8.25 फीसदी करने की मंजूरी दे दी। इसकी घोषणा इस साल फरवरी में की गई थी, जिसे सरकार ने मई 2024 में अधिसूचित किया था, जिसे अब वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिली है। ईपीएफओ ने सोशल मीडिया पर ब्याज दर बढ़ाने की जानकारी दी। पिछले साल 28 मार्च को ईपीएफओ ने 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.15 प्रतिशत की ब्याज दर की घोषणा की थी। मार्च 2022 में ईपीएफओ ने करीब 7 करोड़ कर्मचारियों को बड़ा झटका देते हुए 2021-22 के लिए ब्याज दर को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पहले 2020-21 में यह 8.5 प्रतिशत था।



## खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते जून में 5.08 प्रतिशत रही खुदरा महंगाई

# खुदरा महंगाई दर फिर 5 प्रतिशत के पार

***नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर एक बार फिर 5 फीसदी के पार जा पहुंची है. जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई 2024 में 4.80 फीसदी रही थी.खाद्य महंगाई दर में इजाफा देखने को मिला है और ये 9 फीसदी के पार चला गया है. जून में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी।*

**महंगाई दर में उछाल**- सांख्यिकी मंत्रालय ने जून महीने के लिए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित किए हैं. डेटा के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई में 4.75 फीसदी रही थी जिसे अब रिवाइज कर 4.80 फीसदी कर दिया गया है. एक साल पहले जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी रही थी. जून महीने में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी. जून 2023 में खाद्य महंगाई दर 4.31 फीसदी रही थी.



**साग-सब्जियों और दालों की बढ़ी महंगाई**- देश के कई इलाकों में तेज बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है जिसके चलते साग-सब्जियां महंगी हुई है. जून में सब्जियों की महंगाई दर 29.32 फीसदी रही है जो मई में 27.33 फीसदी रही थी. दालों की महंगाई दर जून में 16.07 फीसदी रही है जो मई में 17.14 फीसदी रही थी. जून में दालों की महंगाई में मामूली कमी आई है. जून में फलों की महंगाई दर 7.1 फीसदी रही है जो मई में 6.68 फीसदी रही थी. अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 8.75 फीसदी रही है जो मई में 8.69 फीसदी रही थी. चीनी की महंगाई दर 5.83 फीसदी रही है जो मई में 5.70 फीसदी रही थी. अंडों की महंगाई दर में गिरावट आई है और ये 3.99 फीसदी रही है जो मई में 7.62 फीसदी रही थी।

### भीषण गर्मी के बाद तेज बारिश से सब्जियों के दामों में उछाल बढ़ा सकती है महंगाई दर

सब्जियों की ऊंची कीमतों के कारण जून की खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत हो सकती है, जो मई में 4.75 प्रतिशत थी। मिंट द्वारा सर्वेक्षण में शामिल 18 अर्थशास्त्रियों के औसत अनुमान के अनुसार, यह छह महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति में पहली वृद्धि होगी, लेकिन जून 2023 से अनुकूल आधार ने वृद्धि की मात्रा को सीमित करने में मदद की है। सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों द्वारा मुद्रास्फीति का अनुमान 4.56 प्रतिशत से 5.14 प्रतिशत के बीच जताया गया। खुदरा मुद्रास्फीति का आधिकारिक डेटा 12 जुलाई को जारी होने वाला है।

**खाद्य मुद्रास्फीति एक बड़ा सिरदर्द**- भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर औसतन 4.5 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, लगातार बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति और उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता केंद्रीय बैंक के लिए एक बड़ा सिरदर्द रही है। सब्जियों के अलावा, दाल और दूध की कीमतों ने जून में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ाया है। डॉयचे बैंक ने पिछले सप्ताह एक टिप्पणी में कहा था कि जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पांच प्रतिशत के करीब पहुंचने की संभावना है। यह वृद्धि विशेष रूप से सब्जियों के कारण खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में बढ़ोत्तरी के कारण होगी।



## मई में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.9 प्रतिशत बढ़ा

***नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्च पर देश के लिए खुशखबरी है। माइनिंग और बिजली सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के दम पर इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन 5.9 प्रतिशत बढ़ गया।*

पिछले महीने अप्रैल में यह 5 प्रतिशत पर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापा गया कारखाना उत्पादन में मई 2023 में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन मई 2024 में घटकर 4.6 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 6.3 प्रतिशत था। इस साल मई में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत बढ़ा और बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा। इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल-मई के दौरान आईआईपी में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 5.1 प्रतिशत थी।

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा है. 5 जुलाई, 2024 को खत्म हुए सप्ताह में 5.158 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ विदेशी मुद्रा भंडार 657.155 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है जो इसके पिछले हफ्ते में 651.997 बिलियन डॉलर रहा था.ये लगातार सातवां हफ्ता है जब विदेशी मुद्रा भंडार 650 बिलियन डॉलर के ऊपर बना रहा है.बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 जुलाई, 2024 खत्म हुए सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का आंकड़ा जारी किया है. आरबीआई के इस डेटा के मुताबिक कुल फॉरेक्स रिजर्व 5.158 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 657.155 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है. विदेशी करेंसी एसेट्स में भी भारी उछाल देखने को मिला है. विदेशी करेंसी एसेट्स 4.22 बिलियन डॉलर की तेजी के साथ 577.110 बिलियन डॉलर पर आ गया है।

## सेंसेक्स चला 90 हजारी बनने

### निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड



***मुंबई।** टीसीएस इंफोसिस समेत दूसरे आईटी स्टॉक्स में जोरदार तेजी के चलते ऐतिहासिक हाई पर शेयर बाजार बंद भारतीय शेयर बाजार के हफ्ते का आखिरी कारोबारी सत्र बेहद शानदार रहा है।*

टीसीएस के शानदार तिमाही नतीजे के दमपर आईटी स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी दिन के कारोबार में ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा।

निफ्टी आईटी इंडेक्स में 1600 अंकों से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है. कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 622 अंकों के उछाल के साथ 80,519 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 186 अंकों की बढ़त के साथ 24,502 अंकों के लाइफटाइम हाई पर बंद हुआ है।

**चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स**- आज के कारोबार में आईटी स्टॉक्स में बड़ी तेजी देखने को मिली है. जिसमें टीसीएस 6.68 फीसदी, इंफोसिस 3.57 फीसदी, एचसीएल टेक 3.20 फीसदी, टेक महिंद्रा 3.19 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. इसके अलावा एक्सिस बैंक 1.62 फीसदी, रिलायंस 0.96 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.78 फीसदी, एचयूएल 0.47 फीसदी, एसबीआई 0.36 फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में मारुति 1 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.79 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.77 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.56 फीसदी, टाइटन 0.55 फीसदी, भारती एयरटेल 0.42 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

आज के कारोबार आईटी स्टॉक्स में तेजी के चलते निफ्टी आईटी इंडेक्स 1690 अंकों के उछाल के साथ बंद हुआ है. इसके अलावा एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए हैं।

### मुद्रा बाजार

रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.53 |
| एक यूरो | 91.00 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 108 .29 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 56. 63 |
| एक जापानी येन | 0. 52 |

### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-108 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -72 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-72600 चांदी रिफाइन -93550

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-72600 चांदी रिफाइन -93550

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 14000-15000, मीडियम बोल्ड 16000-17000, फाइन 170000-18000, एकस्ट्रा बोल्ड 18000-19000, चना दाल एवरेज 8200-8500 चना दाल मार्का 8500-9000, मसूर दाल एवरेज 7500-7800, मसूर दाल फाइन 8200-8500, उड़द छिलका 9500-10000, फाइन 10000-11000, उड़द धुली 11500-12000, फाइन 12500-13000, मूंग दाल छिलका 9200-9500, मूंग दाल फाइन 9500-9800, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-10800। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3500, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4500-4700,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5400, जेजेएल चालू 5500-5600, फाइन 6000-6200, बासमती कनकी चालू 3800-4000, बासमती कनकी मीडियम 4200-4500, बेस्ट 5000-5200, मोगरा- 5000-5200, दुबार- 6500-7000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8300-8500, बेस्ट 10500-11000 पोहा- 4200-4300, फाइन 4400-4500, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-7600, रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6600, 6 एम एम 6600, 8 एम एम 6180, 10 एम एम 6060,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 78 रु. किलो।

## छोटे उद्यमियों के लिए एसबीआई की नई पेशकश

***नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने एसएमई की सुविधा के लिए एक नई मुहिम की शुरुआत की है. इसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एमएसमई सहज नाम दिया है. इस मुहिम के तहत छोटे उद्यमों को एसबीआई से सिर्फ 15 मिनट में लोन मिलेगा।*





**इस कारण की गई शुरुआत**- भारतीय स्टेट बैंक ने इस सुविधा के बारे में बताया है कि इसकी पेशकश लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई है. यह एक वेब-बेस्ड सॉल्यूशन है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई की वित्तपोषण की जरूरतों को तेजी व सहजता के साथ पूरा करना है. एसबीआई की इस मुहिम के तहत छोटे उद्यमी आसानी से अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा कर पाएंगे।

**सिर्फ 15 मिनट में 1 लाख तक के लोन**- एसबीआई की इस सुविधा का लाभ वैसे उपक्रम उठा सकेंगे, जो जीएसटी के तहत पंजीकृत होंगे. उन्हें एमएसएमई सहज सुविधा के तहत जीएसटी रजिस्टर्ड इनवॉयस के अगेंस्ट सिर्फ 15 मिनट में 1 लाख रुपये तक के लोन मिलेंगे. इसकी प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल होगी. इसमें उन एमएसएमई को भी वित्तीय सहायता मिल पाएगी, जिन्होंने पहले से एसबीआई से कभी लोन नहीं लिया है।

**इन ग्राहकों को ऐप से मिलेगी सुविधा**- एमएसएमई सहज सुविधा का लाभ उठाने के लिए सोल प्रोपरायटर होना और संतोषजनक करेंट अकाउंट होना पर्याप्त है. वहीं जो लोग पहले से एसबीआई एमएसएमई के ग्राहक हैं, वे योनो एसबीआई मोबाइल ऐप के जरिए एमएसएमई सहज का लाभ उठा सकते हैं. एसबीआई की एमएसएमई सहज सुविधा के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता शॉर्ट टर्म लोन के रूप में होगी।

**एसबीआई को इन 3 लाभ की उम्मीद**- एसबीआई को एमएसएमई सहज से तीन लाभ होने की उम्मीद है. पहला लाभ- एमएसएमई को कम समय में पूंजी उपलब्ध होगी. उन्हें एमएसएमई सहज सुविधा में सिर्फ 15 मिनट में लोन मिल जाएगा. इससे वे तात्कालिक जरूरतों को आसानी से पूरा कर पाएंगे. दूसरा फायदा- इस सुविधा से वैसे ग्राहकों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी85 5जी

***नई दिल्ली।** मोटो जी85 5जी, सही मायने में मोटो जी सीरीज का पहला ऐसा डिवाइस है जिसे पहली बार 3डी कर्व्ड कर्व्ड एंडलेस एज, 120 एचजेड पी ओएलईडी डिस्प्ले तथा इस सेगमेंट में सबसे शानदार कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ पेश किया गया है।*

इसमें इस सेगमेंट का सबसे शानदार, 50 एमपी का शेक-फ्री ओआईएस सोनी एल वाई टी आई ए 600 कैमरा भी लगाया गया है, जो किसी भी तरह की रोशनी में बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो लेने में सक्षम है। मोटो जी85 5जी लीक से हटकर सबसे उम्दा स्मार्ट कनेक्ट फीचर के साथ आता है, जो अलग-अलग डिवाइस के बीच कनेक्टिविटी को बेहद सरल बना देता है और आप अपने फोन, पीसी, टैबलेट आदि पर फ़ाइलों को बड़ी आसानी से शेयर कर सकते हैं, फोन ऐप्स को स्ट्रीम कर सकते हैं, और इसी तरह की कई सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। मोटो जी85 5जी इस सेगमेंट में सबसे शानदार इन-बिल्ट 12 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है, साथ ही यह डिवाइस 8 जीबी + 128 जीबी के वैरिएंट में भी उपलब्ध है। मल्टीमीडिया का तहे दिल से आनंद लेने के लिए, मोटो जी85 5जी में डॉल्बी एटमॉस. के दो स्पीकर लगाए गए हैं जो मल्टीडाइमेंशनल साउंड के साथ-साथ हाई-रेज़ ऑडियो का अनुभव प्रदान करते हैं। यह डिवाइस काफी स्लीक (7.59 मिमी) होने के साथ-साथ वजन में बेहद हल्का (172 ग्राम) है, तथा तीन



प्रीमियम रंगों एवं फिनिश - यानी ऑलिव ग्रीन (वीगन लेदर) 7 कोबाल्ट ब्लू (वीगन लेदर) 7 अर्बन ग्रे (ऐक्रेलिक ग्लास- पीएमएमए) में उपलब्ध है। यह डिवाइस 16 जुलाई को दोपहर 12.00 बजे से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला.इन तथा प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर सिर्फ 16,999 रुपये* की प्रभावी शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। ग्राहक इस स्मार्टफोन को प्रभावी कीमत पर खरीदने के लिए या तो 1000* रुपये के इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं, या फिर अपने पुराने डिवाइस के मूल्य पर 1000 रुपये का एक्सचेंज टॉप-अप ले सकते हैं।

## 16.45 लाख नौकरियां खा गई नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना की तिकड़ी

***नई दिल्ली।** नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के कारण देश में इनफॉर्मल सेक्टर में सात साल में करीब 16.45 नौकरियां स्वाहा हो गईं। सरकारी आकड़ों में यह बात सामने आई है। इसके मुताबिक साल 2022-23 में देश में इनफॉर्मल सेक्टर में काम करने वालों की संख्या 16.45 लाख यानी करीब 1.5 फीसदी घटकर 10.96 करोड़ रह गई जो 2015-16 में 11.13 करोड़ थी।*

नोटबंदी की घोषणा नवंबर 2016 में की गई थी जबकि जीएसटी जुलाई 2017 में लागू किया गया था। इसी तरह कोरोना महामारी ने मार्च 2020 में देश में दस्तक दी थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने 2015-16 के बाद पहली बार यह आंकड़ा जारी किया है। मंत्रालय ने अनइनकॉरपोरेटेड एंटरप्राइजेज के 2021-22 और 2022-23 के आंकड़े जारी किए हैं।

एएसयूएसई के मुताबिक अनइनकॉरपोरेटेड एंटरप्राइजेज की संख्या 2015-16 में 6.33 करोड़ थी जो 2022-23 में बढ़कर 6.50 करोड़ पहुंच गई। यानी इस संख्या में 16.56 लाख की बढ़ोतरी हुई है। नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना की सबसे ज्यादा मार इनफॉर्मल सेक्टर को ही झेलनी पड़ी है। महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडीशा में 2015-16 और 2022-23 के बीच अनौपचारिक रोजगार में तेजी आई। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में गिरावट आई। देश में इनफॉर्मल सेक्टर में काम करने वाले करीब दो-तिहाई कामगार इन्हीं 10 राज्यों में हैं।

**राज्यों का हाल**- सर्वे के मुताबिक देश के 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 16 में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में 2022-23 में पिछले सर्वे के मुकाबले गिरावट आई है। पिछला सर्वे 2019 में आया था जिसमें 2015-16 के आंकड़े दिए गए थे। लेकिन इनसे यह बात भी सामने आई है कि महामारी के तुरंत बाद अधिकांश राज्यों में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में तेजी आई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या 2015-16 में 1.65 करोड़ थी लेकिन 2022-23 में यह 1.57 करोड़ रह गई। 2021-22 में राज्य में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या 1.30 करोड़ थी। पश्चिम बंगाल में भी यह स्थिति रही।



इस बीच महाराष्ट्र में इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में 2015-16 में 91.23 लाख थी जो 2022-23 में 1.15 करोड़ पहुंच गई।

इस दौरान मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा में भी इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में तेजी आई। देश में प्रवासी मजदूरों के सबसे बड़े स्रोत बिहार में साल 2015-16 और 2021-22 के बीच इनफॉर्मल सेक्टर वर्कर्स की संख्या में गिरावट आई लेकिन 2022-23 में इसमें भारी देखने को मिली और यह संख्या महामारी से पहले के दौर से भी ऊपर पहुंच गई।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

मकान किराए पर देना है
न्यू राम नगर, सुराही बिल्डिंग के पास धनी की कुटिया ग्राउंड फ लोर 1 बीएचके
कार पार्किंग की सुविधा
शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता
-:सम्पर्क करें:-
9424677050
9303677050

मकान बेचना है
शिवनगर गढ़ा में रेल्वे क्रासिंग, महेश प्लाई के पास 1500/- वर्गफुट मकान शीघ्र बेचना है।
मोबाईल नं.- 8827877180
नोट:- कृपया दलाल संपर्क न करें।
R.No.- 382 26/05

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## ऊंगलियों पर गिने जाने वाले अमले और सीमित संसाधनों के भरोसे आबकारी का कंट्रोल रूम






### जिले में 143 देशी और विदेशी मदिरा की दुकानें संचालित, राजस्व की सुरक्षा करना टेड़ी खीर

### अवैध शराब के कारोबार को रोकना बना बड़ी चुनौती

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के खजाने को भरने में जो विभाग अव्वल माने जाते हैं उनमें आबकारी विभाग भी शामिल है। अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने में मैदानी अमले की प्रभावी भूमिका रहती है। लेकिन इस अमले का अपना कार्यालय तक नही है। किराये के भवन में जबलपुर आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम संचालित है। उंगलियों पर गिने जाने वाले कमरों में तीन दर्जन से ज्यादा का स्टॉफ बैठकर काम करने को मजबूर है। सिहोरा को छोड़कर जबलपुर को 14 वृतों में बांटा गया है। हर वृत्त का अपना स्टाफ है। जिसमें सहायक जिला अधिकारी और उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। सालों से इसी तरह आबकारी विभाग का मैदानी अमला जबलपुर में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के काम में जुटा हुआ है। वहीं अवैध शराब तस्करी का तरीका बदल गया है लेकिन मौजूदा आबकारी विभाग अब भी पुराने तरीके से काम करने में लगा है, इसे भी समय के साथ बदलने की जरूरत है।

गौरतलब है कि जबलपुर शहर की आबादी लाखों में पहुंच गई है। इसी के साथ देशी और विदेशी दुकानों की संख्या भी बढ़ी है। जबलपुर जिले में करीब 143 दुकाने हैं। नगर में लगभग 112 दुकाने हैं। इसी के साथ ही जबलपुर में तेजी से अवैध शराब का कारोबार भी बढ़ा है। ऐसे में आबकारी विभाग के लिये आबकारी राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली भी किसी चुनौती से कम नही है। पड़ौसी जिलों से जबलपुर में अवैध शराब की तस्करी हर दिन आबकारी विभाग के लिये कम चिंता का विषय नही है। इससे भी आबकारी राजस्व की सुरक्षा प्रभावित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। दुकानों में लगातार निरीक्षण किया जाता है कि नियमानुसार बिक्री हो रही है या नही, वहीं स्टॉक की जानकारी समय-समय पर मैदानी अमले को लेनी पड़ती है।

### स्टॉफ संख्या पर एक नजर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर स्थित आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम में आरक्षक, प्रधान आरक्षक स्तर के लगभग 36 जवान हैं। इसके अलावा तीन फूल और दो फूल वाले अधिकारियों की संख्या आधा दर्जन बताई गई है। सिहोरा में अलग स्टॉफ काम करता है। जबलपुर के डा. बराट रोड पर आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम दो मंजिला भवन में है। यहां पर कई तरह की व्यवहारिक मुश्किलों के बीच मैदानी अमला काम कर रहा है। जिसकी पीड़ा चाह कर भी अमले में तैनात अधिकारी और जवान बता नहीं पाते हैं।

देशबन्धु पड़ताल

### मुखबिर तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत

विभागीय सूत्रों के अनुसार चूंकि अवैध शराब का कारोबार हर दिन बढ़ रहा है। ऐसे में आबकारी विभाग के मैदानी अमले को समय पर जानकारी नहीं मिल पाती है। जिसमें पता चला कि कहां से कितनी और कौन अवैध शराब किस वाहन के माध्यम से लाने और ले जाने का काम कर रहा है। इसकी पताशाजी के लिये मुखबिरों का रोल होता है। परंतु कुछ सालों से मुखबिर के माध्यम से इस तरह की जानकारी आबकारी विभाग के मैदानी अमले को समय रहते नहीं मिल पाती है। जिससे शहर में धड़ल्ले से अवैध शराब के कारोबारियों का धंधा फल-फूल रहा है। पहले मुखबिर तंत्र के लिये अलग से फंड मिलता था, अब इसमें कमी आई है।

### आधुनिक संसाधनों की कमी बनी समस्या

सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग के मैदानी अमले को अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के दौरान अनेक तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसमें आधुनिक संसाधनों की कमी है। नये तरह से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। नये-नये तरीके से दो नंबर की शराब का परिवहन किया जा रहा है। कोई कार की छत में रखकर ला रहा है तो कोई फलों की टोकरी आदि के बीच में अवैध शराब लाने में लगा हुआ है। इसके कारण आबकारी विभाग की आंख में धूल झोंकर अवैध शराब में लगे लोग लाखों के राजस्व को चूना लगाने में लगे हुये हैं। इन्हें पकड़ने के लिये जरूरी संसाधनो की कमी बनी हुई हैं। जिसकी जानकारी अनेक अवसरों पर आबकारी विभाग के आला अधिकारियों तक भेजी गई है। लेकिन अब तक इस दिशा में उचित पहल नही हुई है। इसमें नई तरह के वाहन और दूसरे संसाधनों की कमी शामिल है।

## बारिश से बचे तो दम्पत्ति की आकाशीय बिजली ने ले ली जान

**जबेरा, देशबन्धु।** गरज-चमक के साथ बारिश हो रही तो पेड़ के नीचे खड़ा होना नहीं चाहिए। यह जानलेवा साबित हो सकता है। दमोह में ऐसी ही एक घटना हुई है, बारिश से बचने के लिए महुआ के पेड़ के नीचे खड़े बुजुर्ग दंपती आकाशीय बिजली के शिकार हो गए। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है।

मामला दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के हरदुआ-मानगढ़ गांव का है। खेत से लौट रहे बुजुर्ग दंपती पर आकाशीय बिजली गिरी और उनकी मौत हो गई। बारिश से बचने के लिए यह लोग महुआ के पेड़ के नीचे खड़े थे। उसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। पहाड़ी पिता लल्लू आदिवासी, 56 वर्ष, और उनकी पत्नी प्रेम रानी, 50 वर्ष, और टिक्कू आदिवासी, 28 वर्ष, पर गुरुवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गए।

उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पहाड़ी आदिवासी को डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी प्रेम रानी की इलाज के दौरान मौत हो गई। टिक्कू आदिवासी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार सुबह पति-पत्नी के शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम के लिए बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव पहुंचे और शव परिजनों को सौंप दिए। दंपती की मौत होने से गांव में सन्नाटा पसरा है। परिजनों में मातम छाया है। बारिश के



मौसम में आकाशीय बिजली गिरने के संभावित खतरे से बचाव और सतर्कता के लिए शासन-प्रशासन की ओर से निरंतर एडवाइजरी जारी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आकाशीय बिजली गिरने के संभावित खतरे से सतर्क नहीं हैं। बारिश के साथ तेज गरज-चमक के खराब मौसम में पेड़ों के नीचे खड़े होने से आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बढ़ जाता है। इस तरह की घटनाओं के लोग शिकार हो रहे हैं।

## वाहनों में वकीलों के मोनो का दुरुपयोग रोका जाये

### एसबीसी वाईस चेयरमेन ने डीजीपी व एसपी को भेजा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** चार पहिया व दो पहिया वाहनों में अधिवक्ताओं के मोनो का दुरुपयोग कर धौंस जमाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। इस संबंध में मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने प्रदेश के डीजीपी व जबलपुर एसपी को पत्र भेजा है।

एसबीसी उपाध्यक्ष श्री सैनी ने बताया कि वर्तमान में कई शिकायतें आई है कि दलाल, मुन्शी, व्यवसायी, न्यायिक कर्मचारी, अन्य व्यवसायी एवं विधि के छात्र अपने वाहनों में अधिवक्ता मोनो लगाकर उसका दुरूपयोग कर रहे हैं। जिनमें कई ऐसे विधि के छात्र भी हैं जो न्यायालय में खुद को अधिवक्ता बताकर प्रेक्टिस कर रहे हैं। जो सही में अधिवक्ता हैं और न्यायालयों में प्रेक्टिस कर रहे हैं उन अधिवक्तागणों को काफी नुकसान पहुँच रहा है जिससे अधिवक्तागणों की गरिमा को हानि पहुँच रही है। जिस पर उनकी ओर से डीजीपी एसपी को पत्र भेजकर मोनो का दुरुपयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। श्री सैनी ने बताया कि ऐसे विधि छात्रों को हिदायत है कि अभी अपने आप को अधिवक्ता ना कहें और ना ही काले कोट का दुरूपयोग करें एवं विधि छात्र- छात्राओं से भी कहा है कि जब तक वह नामांकन न करा ले, तब तक वह अधिवक्ता मोनो का अपने वाहनों में उपयोग न करे।

## संपर्क क्रांति, श्रीधाम, दयोदय एवं हमसफ़र की समय-सारिणी में हुआ आंशिक बदलाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा परिचालनीय जरुरत एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली निम्नलिखित यात्री गाड़ियों के समय में आंशिक संशोधन किया गया है। निम्न संशोधन के अलावा इन रेलगाड़ियों की समय-सारिणी यथावत रहेगी। संशोधित समय सारिणी का विवरण निम्नानुसार है। इससे आम यात्रियों को असुविधा कम होगी।

गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हज़रत निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दिनांक 11 अगस्त 2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 19.30 बजे की जगह अब 19.20 बजे रवाना होकर कटनी मुड़वारा पहले पहुंचने का समय 20.35 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 20.25 बजे, दमोह पहले पहुंचने का समय 22.05 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 21.55 बजे, सागर पहले पहुंचने का समय 23.10 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 23.00 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 11 अगस्त 2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले प्रस्थान समय 20.50 बजे की जगह अब 20.35 बजे रवाना होकर सिहोरा रोड पहले पहुंचने का समय 21.18 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 21.03 बजे, कटनी मुड़वारा पहले पहुंचने का समय 22.10 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 21.50 बजे, दमोह पहले पहुंचने का समय 23.30 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 23.15 बजे, अगले दिन सागर पहले पहुंचने का समय मध्य रात्रि 00.30 बजे की जगह अब पहुंचने का समय मध्य रात्रि 00.15 बजे और मालखेड़ी स्टेशन पर पहले पहुंचने का समय 01.28 बजे की जगह अब 01.18 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हज़रत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 11 अगस्त 2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 17.45 बजे की जगह अब 17.30 बजे रवाना होकर मदनमहल पहले पहुंचने का समय 17.53 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 17.38 बजे, श्रीधाम पहले पहुंचने का समय 18.23 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 18.08 बजे, नरसिंहपुर पहले पहुंचने का समय 18.53 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 18.38 बजे, करेली पहले पहुंचने का समय 19.08 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 18.53 बजे, गाडरवारा पहले पहुंचने का समय 19.28 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 19.13 बजे, पिपरिया पहले पहुंचने का समय 20.06 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 19.53 बजे, सोहागपुर पहले पहुंचने का समय 20.20 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 20.08 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस 15 अगस्त 2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 20.35 बजे की जगह अब 20.20 बजे रवाना होकर कटनी साऊथ पहले पहुंचने का समय 21.35 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 21.20 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 11 अगस्त 2024 से बरौनी स्टेशन से रवाना होकर कटनी पहले पहुंचने का समय 06.35 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 06.15 बजे रहेगा।

## मां ने दो साल की बेटी को टैंक में डुबाकर मारा

**सिवनी, देशबन्धु।** पति-पत्नी के विवाद के बीच मां की ममता उस वक्त मर गई। जब दो साल की नन्हीं से बेटी को पानी भरने वाले टैंक में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया। फिर खुद का जीवन खत्म करने की सोच ली। मामला सालीवाड़ा घोघरी गांव के चमारी टोले का बताया जाता है।

**पति ने कुएं में छलांग लगाकर महिला को बाहर निकाला** - मां ने अपनी दो साल की मासूम बेटी खुशी को पति के साथ चल रहे विवाद की चलते पानी के टैंक में डुबो दिया और खुद कुएं में कूद गई। पति विशतू लाल अहिरवार ने अपनी जान पर खेलकर कुएं में छलांग लगाकर महिला को बाहर निकाल लिया, लेकिन बेटी की जान नहीं बच पाई।

**पोस्टमार्टम के बाद शव पिता को सौंप दिया** - घटना की जानकारी पति ने छपारा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मासूम के शव को छपारा अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम के बाद शव पिता को सौंप दिया। हत्या की आरोपित मां को छपारा पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।

## मौसम का फिर से बदला मिजाज, उमस भरी गर्मी से बेचैनी बढ़ी



### ग्रामीण अंचलों में चिंता, मौसमी फसल की बुवाई पर लगा विराम

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास के क्षेत्रों में गर्मी और धूप का असर फिर से दिखना लगा है। बारिश पर विराम लग गया है। आसमान में भी बादल नहीं दिख रहे हैं। इससे जहां शहरी क्षेत्रों में लोगों की बेचैनी बढ़ी है वहीं ग्रामीण अंचलों में किसानों की चिंता बढ़ी है। मौसमी फसल के लिये बुवाई का काम थम गया है। वहीं तापमान भी बढ़ रहा है, रात और दिन में कमोवेश एक समान स्थिति है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में गरज चमक के बीच बौछार पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.6 जो सामान्य से दो डिग्री अधिक एवं न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अभी उत्तर से पश्चिम की ओर हवाएं पांच से छ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। बीते साल 32.2 और 24.0 डिग्री तापमान आंका गया था। अब तक बारिश का आंकड़ा 245.5 मिली मीटर दर्ज किया गया है, वहीं बीते साल 344.2 मिली मीटर बारिश हो चुकी थी। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि इस साल बारिश कम हुई है। बीते दिनो मानसून सक्रिय हुआ था। इससे मौसम खुशनुमा हो गया था। कहीं झमाझम बारिश तो कहीं पर बूंदा बांदी हुई थी। लेकिन बीते दो दिनों से एक बार फिर मौसम में बदलाव हो गया है। जिसका हर तरफ असर देखने को मिल रहा है।

लोगों के स्वास्थ्य पर असर- इधर जिस तरह मौसम का मिजाज बदला है। उसके बाद लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर होने लगा है। बुखार और दूसरी तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिला अस्पताल के साथ रांझी और मनमोहन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी डिस्पेंसरी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों ने लोगों से मौसम के असर को देखते हुये सावधानी बरतने के लिये कहा है। स्वास्थ्य विभाग ने भी मौसम के मिजाज को देखते हुये जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

इधर जिस तरह अचानक से दो दिनों में गमी और धूप बढ़ी है। उससे सबसे ज्यादा बुजुर्गों और छोटी उम्र के बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौसम की मार ये बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। उन लोगों की परेशानी बढ़ी है जो कई तरह की गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। जिसमें हार्ट, बीपी, शुगर आदि बीमारियों से हलाकान हैं। इसके अलावा दमा आदि के रोग से पीड़ितों को इस समय विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। चिकित्सकों से समय-समय पर परामर्श लेकर दवा लेने की सलाह लोगों को दी गई है। पानी का सेवन भी बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे मौसम की बीमारी से बच जा सकता है।


J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 118

मुर्गा मीडियम - रु. 114

मुर्गा बड़ा - रु. 108

मुर्गा जम्बो - रु. 108

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 104

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 110

छोटा ब्रॉयलर - रु. 114

मोबाइल नं. 9300692405


## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 3 हजार से ज्यादा ने कराया पंजीयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में औद्योगिकरण को गति देने की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जबलपुर में 20 जुलाई को आयोजित किये जा रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने अभी तक 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में देश और विदेश के एक हजार से अधिक उद्यमियों के भाग लेने की संभावना है। प्रदेश के संतुलित और समान विकास के उद्देश्य से संभाग स्तर पर आयोजित की जा रही उज्जैन के बाद यह दूसरी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। उज्जैन में इसी वर्ष मार्च माह में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था।

महाकौशल क्षेत्र के केंद्र बिंदु संस्कारधानी जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र में होगी। इस एक दिवसीय औद्योगिक समागम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। कॉन्क्लेव में जबलपुर सहित समूचे महाकौशल क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों को प्रदर्शित किया जायेगा तथा खनन एवं खनिज, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं परिधान, पर्यटन तथा रक्षा के क्षेत्र पर सेक्टोरल प्रजेन्टेशन के जरिये इन क्षेत्रों में निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित किया जायेगा। कॉन्क्लेव में प्रमुख बाजारों के प्रतिभागियों को एक मंच पर लाने का प्रयास होगा, जिससे महत्वपूर्ण चर्चाओं और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

कॉन्क्लेव में सेक्टोरल प्रजेन्टेशन के अलावा वन टू वन बैठकें, बायर-सेलर मीट भी होगी, जिनमें औद्योगिक जगत एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। कॉन्क्लेव में जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र की औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी एवं जबलपुर एक्सपो का आयोजन भी होगा।

इसके अतिरिक्त इस आयोजन में जबलपुर क्षेत्र की एक जिला एक उत्पाद की पहल को प्रदर्शित किया जायेगा तथा महुआ, चावल, तूअर दाल, कोदो-कुटकी, हरा मटर, मार्बल जैसे अनूठे स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित कर निर्यात क्षमता को बढ़ाने के प्रयास किये जायेंग। ये उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं एवं राज्य के निर्यात विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।


आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।

441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496

